नई दिल्ली
मंगलवार, 2 दिसंबर, 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 229
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़त/ गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,641.90 | 64.77 ▼ |
| निफ्टी | 26,175.75 | 27.20 ▼ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,32,600/- | 3040/- ▲ |
| चांदी | 1,77,000/- | 5800/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 89.53 | 8 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 63.55 बैरल 1.86% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

### जैविक हथियार संधि के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित किए गए एक समारोह में बोले विदेश मंत्री

## जैविक हथियारों के गलत इस्तेमाल की निगरानी के लिए वैश्विक तंत्र की आवश्यकता: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कोरोना महामारी के काल से शुरू हुई जैविक हथियारों के इस्तेमाल की चर्चा को सोमवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के एक बयान ने एक बार फिर से सुर्खियों में ला दिया है।

जिसमें उन्होंने वर्तमान में भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा के लिहाज से बने हुए अनिश्चित माहौल का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि जैविक हथियारों के गैर-राज्यीय तत्वों (नॉन स्टेट एक्टर्स) द्वारा संभावित गलत इस्तेमाल की निगरानी करने के लिए एक वैश्विक तंत्र की नितांत आवश्यकता ▸▸ शेष पेज 5 पर




### गंभीर चुनौती, तैयारी पूरी चाहिए

जयशंकर ने कहा, जैविक तकनीक तेजी से बदल रही है। आज उन्नत जैविक उपकरण पहले के मुकाबले काफी सस्ते और आसानी से उपलब्ध हैं। जिससे प्राकृतिक, दुर्घटनावश या जानबूझकर पैदा होने वाले जैविक खतरों में तेजी से वृद्धि संभव है। यह खतरे ज्यादा चुनौतीपूर्ण इसलिए हैं। क्योंकि ये किसी सीमा को नहीं मानते और उसके साथ ही सिस्टम को जल्द ही पंगु बना सकते हैं। विदेश मंत्री के मुताबिक, जैव-आतंकवाद एक गंभीर चुनौती है और उससे मुकाबला करने के लिए वैश्विक समुदाय को हर हाल में पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए। जहां तक बीडब्ल्यूसी का सवाल है तो इसके पास मूलभूत संस्थागत ढांचा तक नहीं है। साथ ही कोई स्थायी तकनीकी संस्था या तंत्र गठित नहीं किया गया है, जिसकी मदद से नई वैज्ञानिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। संबंधित मामलों के सामने आने के बाद जांच-पड़ताल से जुड़े सिस्टम का भी अभाव बना हुआ है। ऐसे में विश्वास को मजबूत बनाए रखने के लिए इन कमियों को दूर किया जाना चाहिए। बीडब्ल्यूसी को आधुनिक बनाया जाना चाहिए।

### भारत ने हमेशा दिखाई गंभीरता

उन्होंने कहा कि भारत ने मामले को लेकर हमेशा गंभीरता का परिचय दिया है और हमने बीडब्ल्यूसी के अंदर इसकी पूर्ण अनुपालना के लिए मजबूत कदम उठाने पर जोर दिया है। जिसमें मौजूदा दुनिया के हिसाब से प्रमाणित करने से जुड़ा डिजाइन भी शामिल है। भारत शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सहायता से लेकर मटीरियल तथा उपकरणों के आदान-प्रदान के लिए तैयार है। लेकिन इसके साथ ही हम वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर हो रही गतिविधियों की चरणबद्ध समीक्षा का भी आह्वान करते हैं। जिससे प्रशासन नवाचारों की गति के साथ बराबरी से कदमताल कर सके। नई दिल्ली ने एक राष्ट्रीय क्रियान्वयन फ्रेमवर्क का प्रस्ताव भी दिया है। जिसमें उच्च-जोखिम वाले एजेंट की पहचान, दोहरे इस्तेमाल वाले शोध पर निगरानी, घटनाओं से जुड़ा प्रबंधन और लगातार प्रशिक्षण मुख्य हैं। वहीं, बीडब्ल्यूसी के 50 वर्षों में एक सामान्य विचार हमारे सामने है और वो यह है कि एक हथियार के रूप में बीमारी के इस्तेमाल को मानवता पूरी तरह से खारिज करती है। लेकिन नियम तभी काम करते हैं, जब देश उनकी समीक्षा करते हैं। ऐसे में अगले 50 साल निरंतर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

### ग्लोबल साउथ को मदद की दरकार

जयशंकर ने बताया कि ग्लोबल साउथ के देशों में स्वास्थ्य ढांचा, प्रयोगशालाओं की सुविधाएं, निगरानी व्यवस्था और आपातकालीन प्रतिक्रिया की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। कोरोना महामारी के दौरान ऑपरेशन मैत्री के तहत भारत ने करीब 300 मिलियन टीके के डोज 100 से अधिक देशों को भेजे थे। देश के स्वास्थ्य नेतृत्व का उदाहरण देते हुए उन्होंने ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### जीएसटी संग्रह नवंबर में 1.70 लाख करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सकल जीएसटी संग्रह नवंबर में बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपए हो गया। घरेलू राजस्व में गिरावट के कारण यह वृद्धि हुई। वहीं पिछले साल नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.69 लाख करोड़ रुपए से अधिक था। नवंबर में वस्तुओं के आयात से राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 45,976 करोड़ रुपए हो गया।

#### कैंसर की दवा के लिए मंज़ूरी मिल गई



**नई दिल्ली।** कैंसर के इलाज के लिए दवा बनाने वाली कंपनी ल्यूपिन को इलाज के लिए मंज़ूरी मिल गई है। साल 2022 के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में कैंसर से लगभग 9.7 मिलियन (97 लाख) मौतें हुईं। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा बढ़कर 18.2 मिलियन होने का अनुमान है।

### हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सांसदों की नई पीढ़ी और पहली बार संसद में चुनकर आए सदस्यों को सार्थक अवसर मिलें: मोदी

## संसद पॉलिसी डिलीवरी के लिए है, न कि ड्रामा या नारेबाजी के लिए: पीएम मोदी

***प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र 2025 से पहले मीडिया को किया संबोधित***

***कहा, यह शीतकालीन सत्र देश को और भी तेज गति से आगे बढ़ाने के हमारे प्रयासों में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा***

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार ने शीतकालीन सत्र 2025 के पहले दिन इस बात पर जोर दिया कि यह सत्र केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि राष्ट्र की तीव्र प्रगति की चल रही यात्रा के लिए नई ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। मोदी ने संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस बात पर भी जोर दिया कि संसद नीति (पॉलिसी) और परिणामों (डिलीवरी) के लिए है, न कि ड्रामा या नारेबाजी के लिए। उन्होंने कहा, 'ड्रामा करने या नारेबाजी के लिए अन्य जगहों की कोई कमी नहीं है। संसद में, हमारा ध्यान नीति पर केंद्रित होना चाहिए और हमारा इरादा स्पष्ट होना चाहिए।'

प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे सत्र को राष्ट्रीय हित, रचनात्मक चर्चा और नीति-आधारित परिणामों पर केंद्रित रखें। उन्होंने जोर देकर कहा कि संसद को इस बात पर ध्यान केंद्रित रहना चाहिए कि वह राष्ट्र के लिए क्या कल्पना करती है और राष्ट्र के लिए क्या करना चाहती है। विपक्ष से अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने उन्हें सार्थक और महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दलों को आगाह किया कि वे चुनावी हार की निराशा को संसदीय कार्यवाही पर हावी न होने दें। मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि सत्र में चुनावी जीत से उपजा अहंकार भी नहीं झलकना चाहिए। उन्होंने कहा, 'शीतकालीन सत्र में संतुलन, जिम्मेदारी, और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षित गरिमा झलकनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने लगातार अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं की जीवंतता और भावना का प्रदर्शन किया है। हाल ही में हुए बिहार चुनावों का उदाहरण देते हुए, उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ मतदाता भागीदारी की सराहना की और इसे राष्ट्र की लोकतांत्रिक शक्ति का एक प्रबल प्रमाण बताया। उन्होंने महिला मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी पर भी प्रकाश डाला और इसे एक उल्लेखनीय तथा उत्साहजनक प्रवृत्ति बताया, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नई आशा और नया विश्वास लाती है। उन्होंने उल्लेख किया कि जैसे-जैसे भारत के लोकतांत्रिक संस्थान मजबूत हो रहे हैं, दुनिया बहुत बारीकी से देख रही है कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं किस प्रकार राष्ट्र की आर्थिक क्षमताओं को भी सुदृढ़ कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा भारत ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शीतकालीन सत्र के पहले दिन ही विपक्ष ने लोकसभा में किया हंगामा

#### सदन की कार्यवाही हुई स्थगित

***एसआईआर के खिलाफ विपक्षी सदस्यों ने की जारेदार नारेबाजी, अध्यक्ष की अपील की अनसुनी***

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

शीतकालीन सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से शांति बनाये रखने और सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील की लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सदस्य वेल में आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष से सदन चलने देने की अपील करते हुए कहा कि सदन चर्चा और संवाद के लिए है। सदन चलने दें। हालांकि, विपक्ष के सदस्यों पर अध्यक्ष की इस अपील का कोई असर नहीं हुआ और हंगामे के बीच ही कार्यवाही जारी है। दरअसल, लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष ने राज्यों में किए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा करने की मांग करते हुए हंगामा कर दिया। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर नारेबाजी की। इसके चलते कार्यवाही को 12 बजे तक स्थगित किया गया। विपक्षी दलों के सदस्य बिहार में चल रहे एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए एसआईआर बंद करो, एसआईआर बंद करो के नारे लगाने लगे। हंगामे के बीच ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कुछ सदस्यों के पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। इसके बाद दोपहर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'मणिपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स' (दूसरा संशोधन) विधेयक सदन में पेश किया। इस दौरान ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की



डॉ. हिमांशु के साथ बैठे विशिष्ट जन

## छग के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने ग्वालियर पहुंच जताई शोक संवेदनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

छत्तीसगढ़ सरकार के वन मंत्री केदार कश्यप ने हरिभूमि-आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर ग्वालियर स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री केदार कश्यप ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और इस मौके पर कहा कि डॉ. हिमांशु ने जो देश और प्रदेश में अपना जो मुकाम हासिल किया है, वो उनके पिता के सद कर्मों का नतीजा है और उनके पारिवारिक संस्कार की वजह से उन्होंने यह ख्याति हासिल की है। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप इसी प्रयोजन से ग्वालियर अपने अल्प प्रवास पर पहुंचे थे। कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, अशोक प्रेमी और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता सहित अनेक लोगों ने भी डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

■ पारिवारिक संस्कार से डॉ. हिमांशु ने ख्याति हासिल की

#### निवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता



#### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि व्यक्त करने के लिए पहुंचने वाले लोगों में राकेश रुस्तम सिंह मुरैना, जिला अध्यक्ष भाजपा ग्वालियर महानगर जयप्रकाश राजोरिया, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ग्वालियर महानगर गिर्राज व्यास, जिला महामंत्री विनय जैन, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा मुकेश दुबे जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा और छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा प्रभारी आलोक डगस, ग्वालियर जिला महामंत्री विनोद शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, सहित भाजपा ग्वालियर महानगर के अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शीतकालीन सत्र के पहले दिन...

## राज्यसभा में लगातार बैठे नव नियुक्त सभापति राधाकृष्णन

#### विपक्ष ने पहले की तारीफ़ फिर हंगामा, वॉकआउट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

शीतकालीन सत्र की आज शुरुआत होते ही राज्यसभा में राजनीतिक टकराव साफ दिखाई दिया। सदन की कार्यवाही नए सभापति सी. पी. राधाकृष्णन के स्वागत से तो हुई, लेकिन कुछ ही मिनटों में माहौल पूरी तरह बदल गया और विपक्षी दलों ने एसआईआर (मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण) मुद्दे पर जोरदार हंगामा करते हुए वॉकआउट कर दिया। उसके बाद भी सदन की कार्यवाही सभापति ने चलाई। तय विधायी कार्य उच्च सदन में निपटाए।

राज्यसभा के नए सभापति के रूप में सी. पी. राधाकृष्णन ने पदभार संभाला। प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सदन "अधिक अनुशासित और प्रभावी" तरीके से चलेगा। सभी दलों के नेताओं ने भी सभापति के चयन का स्वागत किया। सदन के नेता और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्वास जताया की उनके नेतृत्व में विपक्ष सकारात्मक चर्चा करेगा। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति से कहा, आप सत्ता पक्ष की ओर ख़ाली देखेंगे तो मुश्किल होगी, विपक्ष की तरफ़ नहीं देखेंगे तो और मुश्किल होगी इसलिए समन्वय और संतुलन के साथ सदन चलाने में विपक्ष आपकी मदद करेगा। विपक्ष के नेता ने परिपाटी के हिसाब से सभापति के स्वागत की बजाए कुछ राजनीतिक टीका टिप्पणी की तो संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने उसका कड़ा प्रतिरोध दर्ज कराया। सभी दलों के सांसदों ने सभापति को नए दायित्व सम्भालने की शुभकामनाएं दी। उसके बाद विपक्ष ने एसआईआर मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग की। विपक्ष का आरोप था कि मतदाता सूची से जुड़े इस विवादास्पद मामले पर सरकार पारदर्शिता से चर्चा नहीं कर रही है। सरकार ने नियमों का हवाला देते हुए चर्चा को बाद में लेने की बात कही, जिसके बाद विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। नारेबाजी के बीच सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई। ट्रेजरी बेंच से सुप्रीम कोर्ट में मामला चलने की वजह से सदन में नहीं उठाये जाने का ध्यान भी आकृष्ट कराया। कुछ सदस्यों ने चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर कराए जाने की दुहाई देते हुए मामले को संवैधानिक संस्था के ख़िलाफ़ मामला न उठाये जाने की वकालत की। भारी हंगामें के बीच समूचे विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। विपक्ष का कहना था, एसआईआर देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल और पीएम मोदी के दखल से इसरो ने नियुक्त किया छग अंतरिक्ष परियोजना के लिए नोडल अधिकारी

## छत्तीसगढ़ की अंतरिक्ष छलांग! रायपुर में खुलेगी हाई-टेक 'स्पेस लैब'

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ अब अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में अपना बड़ा कदम रखने जा रहा है। रायपुर में इसरो की तकनीकी सहायता से एक अत्याधुनिक स्पेस लैब स्थापित की जाएगी।

यह प्रयोगशाला न केवल प्रदेश बल्कि पूरे मध्य भारत के लाखों छात्रों के लिए अंतरिक्ष अनुसंधान और रॉकेट तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव उपलब्ध कराएगी। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को इसकी जानकारी अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायण ने पत्र के मार्फ़त दी।

पहली बार लोकसभा पहुँचे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शुमार बृजमोहन अग्रवाल ने सदन के मार्फ़त छग के विकास के लिए एक के बाद एक सवाल और सलाह दे रहे हैं, उसी संदर्भ में उन्होंने सदन में नियम 377 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ को एक अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र देने के लिए सूबे के नौनिहालों की तरफ़ से धन्यवाद भी दिया। बृजमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी कि श्रीहरिकोटा यात्रा के दौरान उन्हें मिली प्रेरणा के बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की राज य स्थापना दिवस के अवसर पर ऐसी लैब खोलने का आग्रह किया था। इसरो के अंतरिक्ष विभाग ने प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए पूर्ण तकनीकी सहयोग देने की सहमति दी है। जाहिर इससे सूबे के होनहार बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के तरफ़ जानकारी और रुझान बढ़ाया जा सकेगा। प्रस्तावित लैब में आधुनिक तकनीकों से लैस कई आकर्षक सुविधाएँ होंगी जिनमें डिजिटल सिमुलेटर, सैटेलाइट मॉडल, वीआर आधारित लॉन्च अनुभव, हैंड्स-ऑन प्रयोगशाला शामिल है। इन सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थी अंतरिक्ष विज्ञान, रॉकेटरी, उपग्रह प्रक्षेपण और स्टेम शिक्षा से सीधे तौर पर जुड़े अनुभवों से रूबरू हो सकेंगे। अंतरिक्ष विभाग ने इस पहल को सराहते हुए जी. हरिकृष्णन, निदेशक, क्षमता निर्माण एवं सार्वजनिक आउटरीच (सीबीपीओ) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जो परियोजना के समन्वय का कार्य संभालेंगे। साथ ही आग्रह किया है कि राज्य सरकार की ओर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कभी लादेन का काम तमाम करने वाले ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर के समुद्री वर्जन...

#### दिसंबर के दूसरे सप्ताह में गोवा नौसैन्य अड्डे पर होगा हेलीकॉप्टरों की आधिकारिक तैनाती का समारोह

## अब 'सीहॉक हेलीकॉप्टर' की दूसरी स्क्वाड्रन से लैस होगी भारतीय नौसेना

कविता जोशी ▸▸ नई दिल्ली

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ेगी नौसेना की युद्धक क्षमता**



घरेलू (ऑपरेशन सिंदूर) और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच जब भी अमेरिकी 'एमएच-60आर हेलीकॉप्टर यानी सीहॉक' का नाम सामने आता है। तो सबके जेहन में अलकायदा के खूंखार आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को ढेर करने की कहानी गूंजने लगती है।

क्योंकि सीहॉक अमेरिका के उसी ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का समुद्री संस्करण है। जिसने 9/11 हमले के मुख्य आरोपी आतंकी लादेन को पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में मार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत के संदर्भ में इसका जिक्र नौसेना से जुड़ा है। हमने अमेरिका से सीहॉक हेलीकॉप्टर की 2 स्क्वाड्रन खरीदी हैं। पहली 2024 में बल के कोच्चि स्थित गरुड़ नौसैन्य अड्डे पर तैनात की जा चुकी है। जबकि दूसरी मौजूदा दिसंबर महीने के दूसरे सप्ताह में नौसेना के गोवा स्थित आईएनएस हंसा अड्डे पर आधिकारिक रूप से कमीशन की जाएगी। इस बाबत आयोजित किए जाने वाले समारोह में नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शिरकत कर सकते हैं। दोनों की भागीदारी की अभी आधिकारिक रूप से रक्षा मंत्रालय की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की ▸▸ शेष पेज 5 पर


#### 'सीकिंग' की जगह लेंगे 'सीहॉक'

गौरतलब है कि लॉकहीड मार्टिन (अमेरिका) कंपनी द्वारा निर्मित सीहॉक हेलिकॉप्टर नौसेना के पुराने हो चुके वेस्टलैंड सीकिंग हेलीकॉप्टरों की जगह लेंगे। जो 1971 से समुद्री सेना के बेड़े में राष्ट्र रक्षा का दायित्व निभा रहे हैं। वर्ष 2020 में 24 एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की खरीद को लेकर भारत और अमेरिका की सरकारों (जी-टू-जी) के बीच कुल करीब 15,157 करोड़ का एक समझौता हुआ था। जिसके तहत नौसेना को अब तक 9 सीहॉक हेलीकॉप्टर सौंपे जा चुके ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### दुश्मन की पनडुब्बियों की खैर नहीं

एमएच-60आर हेलीकॉप्टर हर मौसम में हवाई अभियान चलाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल नौसना द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने के लिए किया जाएगा। बल की तकनीकी भाषा में इसे एंटी-सबमरीन वारफेयर (एएसडब्ल्यू) और एंटी सरफेस वारफेयर (एएसयूडब्ल्यू) कहा जाता है। इसके अलावा इन्हें बड़े पैमाने पर राहत-बचाव कार्यों, रात्रिकालीन खोज और बचाव अभियानों के लिए भी प्रयोग किया जा ▸▸ शेष पेज 5 पर

## रैन बसेरे में लगी आग दो लोगों की मौत



नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत विहार कुली कैंप स्थित रैन बसेरे में सोमवार तड़के अचानक आग लग गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवा केस की जांच शुरू कर दी है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। दमकल विभाग के अनुसार सोमवार तड़के तीन बजकर 28 मिनट आग की सूचना मिली थी। दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। सुबह पांच बजे आग पर काबू पाया गया। जांच के दौरान दो लोगों की जली लाशें बरामद की गई। मृतकों की पहचान अर्जुन (18) और विकास (42) के रूप में हुई है। दोनों के शवों को दमकलकर्मियों ने पुलिस के हवाले कर दिया। वसंत विहार पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### आरोपियों से दो लैपटॉप, छह मोबाइल फोन और कैश बरामद

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले निजी बैंक के असिस्टेंट मैनेजर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम केतन दीपक कुमार, संजीव मंडल और रवि कुमार मिश्रा बताये गये हैं। आरोपियों से दो लैपटॉप, छह मोबाइल फोन और 50 हजार रुपए कैश बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी केतन दीपक कुमार बी.टेक ड्रॉपआउट है और उसने कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा किया हुआ है। संजीव मंडल एमबीए और रवि कुमार बीएससी डिग्री होल्डर है। रवि एक निजी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के तौर पर कार्यरत था। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार पीड़ित ए.के. सहाय ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि कोरोना के दौरान उनकी नौकरी छूट गई थी, जिसके बाद से वह विदेश में नौकरी ढूंढ रहे थे। एक दिन उनके पास फ्लाई बोर्ड 6 नाम के ग्रुप से एक व्हाट्सएप मैसेज आया।

मैसेज पर ग्रुप एडमिन आदीस श्रीवास्तव ने पीड़ित से विदेश में नौकरी दिलाने का वादा किया। न्यूजीलैंड में शेफ की नौकरी के बारे में बताया और उसकी सैलरी 2.80 लाख बताई गई। ठगों ने पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए फर्जी वीजा प्रतियां और फर्म पंजीकरण पत्र साझा किया। उन्होंने पीड़ित से 1.80 लाख रुपये ले लिए। बाद में उनका फोन रिसीव करना बंद कर दिया गया। ठगी का पता चलने के बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी अलग अलग राज्यों में बैठे हुए थे। मनी ट्रेल से पता चला कि आरोपियों ने पहले रकम यस बैंक के एक म्यूल अकाउंट में जमा करवाई और फिर दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर की थी। आगे पुलिस को पता चला कि अकाउंट गुरुग्राम में चालू था। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली नगर निगम उपचुनाव 2025 कल होगी हार-जीत पर नजर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम उपचुनाव 2025 के नतीजों का इंतज़ार अब अंतिम चरण में है। कल, बुधवार को होने वाली मतगणना पर राजधानी की लिए बल्कि स्थानीय जनता के लिए भी बड़ी उम्मीदें जगा दी हैं, क्योंकि कई वार्डों में चुनाव सीधे स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और नेतृत्व की कार्यशैली पर लड़ा गया। बता दें कि दिल्ली में रविवार को शांतिपूर्ण और कम उत्साहपूर्ण मतदान दर्ज किया गया। कई वार्डों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत बेहतर रहा, जिससे उम्मीदवारों में भी जीत को लेकर आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है। वहीं कुछ वार्डों में कम मतदान के चलते परिणामों में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है।

**टेलिकॉम गियर की बहाली/प्रतिस्थापन/उन्नयन द्वारा सुधार**

**ई-निविदा संख्या: SNT-32-LMG-2025-26; दिनांक:** 27-11-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम :** लामडिंग मंडल के एसएसई/टेली/आईसी/लामडिंग के तहत टेलिकॉम गियर की बहाली/प्रतिस्थापन/उन्नयन द्वारा विश्वसनीयता में सुधार। **निविदा मूल्य :** ₹81,63,857.89/-, **बोली सुरक्षा :** ₹1,63,300/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय **19-12-2025** को **15:00** बजे और खोलने की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

डीएसटीई, लामडिंग

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भारत विज** पुत्र श्री विनय कुमार निवासी सीबी–174, नारायणा, रिंग रोड, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 489/18 धारा 354डी/506/509 भा.द.स., थाना शालीमार बाग, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **भारत विज** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **भारत विज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 489/18 धारा 354डी/506/509 भा.द.स., थाना शालीमार बाग, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **भारत विज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **06.01.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री गौरव कटारिया,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 208,
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/15939/NW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 CrPC देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद खलील पुत्र पेश मोहम्मद निवासी झुग्गी नं. 40, तुर्कमान गेट, गत्तेवालान, दिल्ली** ने एफआईआर सं./कोर्ट केस सं. **35126/2018, अंतर्गत धारा 379/411 आईपीसी थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खलील** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खलील** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं./कोर्ट केस सं. **35126/2018, अंतर्गत धारा 379/411 आईपीसी थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खलील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री वैभव गर्ग**
एलडी न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-11
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 138
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/15807/N/2025**
**(Court Matter)**

## तिगड़ी आग केस में लापता शख्स की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संगम विहार के तिगड़ी एक्सटेंशन बी ब्लॉक में चार मंजिला इमारत में लगी आग की घटना के बाद से एक शख्स अभी भी लापता है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि लापता शख्स अपने दो जानकारों के साथ ग्राउंड फ्लोर पर स्थित जूते की दुकान में खरीदारी के मकसद से आया था। आग की इस घटना के संबंध सेक्शन 287/125 (a)/106 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार रामदीन निवासी डिफेंस कॉलोनी, ताजपुर रोड, नजफगढ़ आने दो जानकारों मंगलो निवासी डिफेंस कॉलोनी ताजपुर, नजफगढ़ और महेंद्र पुत्र टुन्नू निवासी डिफेंस कॉलोनी, नजफगढ़ के साथ सत्येंद्र (मृतक) की दुकान से जूते खरीदने आए थे। जब आग लगी तीनों दुकान पर मौजूद थे। उनमें से एक बच गया और दो आग में फंस गए थे। लेकिन अभी तक बचे तीसरे व्यक्ति ने पुलिस या परिवार से कोई संपर्क नहीं किया है। उसे ढूंढने की कोशिश की जा रही है।

### सत्येंद्र और अनीता के शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपे गये

उधर, पुलिस ने सत्येंद्र व अनीता के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। सत्येंद्र की दुकान में खरीदारी करने आये तीनों लोगों के परिजनों के डीएनए सैंपल लेकर पुलिस मृतकों की पहचान करेगी। इनमें से दो लोगों की मौत हुई थी। पुलिस के अनुसार दुकान में ज्वलनशील पदार्थ रखा हुआ था। किसी चिंगारी या शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि शनिवार शाम करीब 6.24 बजे तिगड़ी इलाके में एक चार मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर भीषण आग लगने की घटना सामने आई थी। आग में इमारत का मालिक सत्येंद्र और उसकी बहन अनीता समेत चार लोगों की जलकर मौत हो गई थी। सत्येंद्र ग्राउंड फ्लोर पर जूते की दुकान चलाता था। दुकान से ही आग लगी थी।

## उत्तरी जिला राजस्व कार्यालय में बदहाल व्यवस्था

### कार्यालय परिसर में पीने के पानी तक नहीं है इंतजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार जहां एक ओर जनता को 'बेस्ट सर्विस मॉडल' और 'तेज, पारदर्शी सेवाओं' का दावा करती है, वहीं नरेला विधानसभा के अलीपुर स्थित उत्तरी जिला राजस्व कार्यालय की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नज़र आ रही है। रोज़ाना यहां पहुंचने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कार्यालय परिसर में 'पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है'। लोग अपनी बोतलें साथ लाने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर 'जन शौचालयों की हालत इतनी दयनीय' है कि अंदर कदम रखना भी मुश्किल हो जाता है। गंदगी, टूट-फूट और दुर्गंध के चलते हालात शर्मनाक हैं। वहीं, इस संबंध में क्षेत्रीय जिला विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार का कहना है कि यह समस्याएं संज्ञान में आई हैं और इस जरूरी सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

स्थानीय लोग बताते हैं कि ऑनलाइन व्यवस्था भी सिर्फ कागज़ों में ही सुचारू दिखाई देती है। सरकारी सेवाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद दस्तावेज़ों की जांच प्रक्रिया के लिए जो काउंटर बना है, वहां इन दिनों कर्मियों की भारी कमी है। बताया गया कि यहां जांच केंद्र पर पहले तीन कर्मचारी होते थे लेकिन अब केवल एक ही है। इसके कारण लोगों को मूल प्रमाणपत्रों की जांच के लिए पहले टोकन प्राप्त करने के लिए सुबह बहुत जल्दी पहुंचना पड़ता है। आधे घंटे के काम में 2-3 घंटों की बर्बादी होना आम बात हो गई है। इसके चलते बुजुर्ग, महिलाएँ और दिव्यांग सबसे अधिक परेशान हैं।

इसके अलावा राजस्व कार्यालय परिसर के बाहर जलभराव होने से पार्किंग व्यवस्था भी नागरिकों के लिए बड़ी समस्या है। वाहन खड़े करने की जगह नहीं होने के कारण लोग सड़क पर ही पार्किंग कर मजबूरन जोखिम उठाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिल्ली सरकार के दावों और जमीनी सच्चाई में जमीन-आसमान का फर्क है। यहां आने वाले लोगों ने बताया कि कार्यालय में तत्काल पीने का पानी और साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। दस्तावेज़ जांच काउंटर पर पर्याप्त कर्मी तैनात किए जाएं, पार्किंग और जलभराव की समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

## ऑस्ट्रेलियन विमेंस क्रिकेट लीग मैच पर सट्टा लगा रहे दो अरेस्ट

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने ऑस्ट्रेलियन विमेंस क्रिकेट लीग मैच पर सट्टा लगा रहे दो दोस्तों को गिरफ्तार किया हैं। इनके नाम गौरव उर्फ मोनू और हिमांशु बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से दो एलईडी टीवी, छह मोबाइल, लैपटॉप और एक रिकॉर्डर जब्त किया है। डीसीपी डीएस भास्कर के अनुसार 29 नवंबर को बुढेला गांव स्थित जनता फ्लैट्स में मैच पर सट्टा लगाये जाने की सूचना स्पेशल स्टाफ के एसआई संजीत राणा को मिली थी। सूचना मिलने के बाद एक टीम बनाई गई। जनता फ्लैट्स के दूसरी मंजिल पर छापेमारी में फ्लैट के अंदर गौरव और हिमांशु एक लैपटॉप पर प्लस प्रोजेक्ट 2025 एप्लीकेशन के जरिए ऑस्ट्रेलियन विमेंस क्रिकेट लीग मैच पर सट्टा लगाते रंगे हाथों दबोचे गये। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि दोनों ऑनलाइन लोगों का पैसा मैच पर लगा रहे थे।

## बुजुर्ग से साढ़े तीन लाख रुपये लूटने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में एक बुजुर्ग से 3.5 लाख रुपये लूटने के आरोप में एक गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के सदस्य ग्राहक बनकर बैंक में अपने शिकार की पहचान करते थे। पकड़े गये लुटेरों के नाम पूर्व गोकलपुरी निवासी करण (21), मंडोली एक्सटेंशन निवासी सचिन (22) और उत्तर प्रदेश के चांदीनगर निवासी आकाश (24) बताये गये हैं।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 27 नवंबर को जब यह बुजुर्ग एक बैंक की बुराड़ी शाखा से 3.5 लाख रुपये निकालकर जा रहे थे तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोग उनके पीछे लग गये। बवाना-नरेला इलाके में एक सुनसान जगह पर उन्हें रोककर रकम लूट ली गई। मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये।

आखिर में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि लूट की योजना दो फरार साथियों मास्टरमाइंड लवली और मोहन उर्फ गांधी के साथ मिलकर बनाई गई थी। इस गिरोह के सदस्य बैंक के अंदर ग्राहक बनकर संभावित शिकार की पहचान करते थे। पुलिस ने कहा कि दो लोग बैंक के अंदर बुजुर्ग के पीछे लगे रहे ताकि यह पक्का हो सके कि उनके पास कितनी रकम है। इसके बाद गिरोह ने उनका पीछा किया और एक सुनसान जगह उन पर हमला किया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये बदमाशों से 58,000 रुपये कैश बरामद किया हैं। करण और सचिन के घरों से क्रमशः 6,000 और 22,000 रुपये मिले।

एक स्थानीय साहूकार के पास से 30,000 रुपये बरामद किए गये। करण ने कर्ज चुकाने के नाम पर यह रकम साहूकार को दी थी। जुर्म में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। 58,000 रुपये मोहन और 57,000 रुपये लवली के हिस्से में आये थे। पुलिस फरार दोनों आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुमित उर्फ सुल्तानपुरी, पुत्रः** सरोज कुमार, **पताः** 379/389, पी–1, गली नं. 9, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 670/2024 U/s 309(4)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित उर्फ सुल्तानपुरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित उर्फ सुल्तानपुरी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 670/2024 U/s 309(4)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुमित उर्फ सुल्तानपुरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–11
कमरा नं. 31, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16040/OD/2025
(Court Matter)

## कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा पुराने पीएससी वाटर मैन से मौजूदा फ्लो मीटर और स्लूइस वाल्व आदि को शिफ्ट करने के चलते सैनिक विहार और पीतमपुरा के कई क्षेत्रों में बुधवार को पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। डीजेबी के अनुसार सैनिक विहार और पीतमपुरा सैनिक विहार ओएचटी और पीतमपुरा इलाके में शिवा मार्केट में नए बिछाए गए 700 एमएम और 800 एमएम डायमीटर वाले वाटर मेन में शिफ्ट करना है। इस जरूरी मरम्मत के चलते 3 दिसंबर 2025 की शाम को संबंधित क्षेत्र की कई इन कॉलोनियों आदि में पीने के पानी की सप्लाई नहीं होगी या कम प्रेशर पर मिलेगी। डीजेबी ने बताया कि सरस्वती विहार, शारदा निकेतन, सैनिक विहार, हर्ष विहार, लोक विहार, पश्चिम विहार, आंशिक रूप से पीतमपुरा, अशोक विहार – एक से तीन, त्रिनगर, रामपुरा, लारेंस रोड, निमाड़ी कॉलोनी, भारत नगर और लॉरेंस रोड बूस्टर पंपिंग स्टेशन का कमांड एरिया में जलापूर्ति बाधित होगी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | एम.सी. हिसार से दुग्ध डेयरियों की शिफ्टिंग। | बंद होने की तिथि 18.12.2025 | रु. 3461.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/40782/1/88/7 दि. 01.12.25

# नकली नोटों के सिंडीकेट का पर्दाफाश, पांच सप्लायर अरेस्ट

### नकली नोट बांग्लादेश बॉर्डर के रास्ते भारत में लाए गए थे




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के स्पेशल स्टाफ ने क्रॉस-बॉर्डर नकली नोटों के सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में पांच सप्लायर गिरफ्तार किये गये हैं। इनके पास से 6,21,500 की नकली इंडियन करेंसी बरामद हुई है। जब्त किये गये 500 के है। सभी 1,244 नोट हाई-क्वालिटी वाले हैं। नकली नोट बांग्लादेश बॉर्डर के रास्ते भारत में स्मगल किए गए थे और दिल्ली, बिहार और पश्चिम बंगाल भेजे गए थे। पुलिस के अनुसार मैनुअल सर्विलांस, टेक्निकल इंटेलिजेंस और लोकल जानकारी के आधार पर प्लान किए गए ऑपरेशन में रैकेट के पांच मुख्य सप्लायर गिरफ्तार किये गये हैं। गिरफ्तार लोगों की पहचान दिनेश कुमार, खैरुल इस्लाम, आकाश कुमार, नजीम हुसैन उर्फ सद्दाम और अमीरुल सेख हैं।

दिल्ली पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ज्यादा कीमत वाले कैश ट्रांजैक्शन करते समय सावधान रहें। किसी भी शक वाली या संदिग्ध करेंसी की तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को रिपोर्ट करें। दिल्ली पुलिस नकली करेंसी के सर्कुलेशन में शामिल नेटवर्क को खत्म करने और नागरिकों की फाइनेंशियल सुरक्षा को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। नकली करेंसी को फैलने से रोकने के लिए जनता का सहयोग बहुत जरूरी है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला करनाल निर्वाचन क्षेत्र घरौंडा में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुंजपुरा से सरीफाबाद रोड (रोड आईडी 7227) (ओडीआर) कि.मी. 0.00 से 4.180 तक क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत/पुनरोद्धार (डिपॉजिट हैड)। | 28.11.2025 08.12.2025 | 171.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | अम्बाला जिले में Å" हॉस्पीटल भवन, आवासीय एकमोडेशन के साथ साथ नारायणगढ़ में 50 बिस्तरों से 100 बिस्तरें के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास। | 28.11.2025 15.12.2025 | 27.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | न्यायिक कोर्ट हिसार में माननीय भवन समिति हरियाणा की बैठक की कार्य सूची में कच्चे लागत आकलन के माध्यम से पारित एक प्रस्ताव राशि रु. 66.06 लाख जिसके दिव्यांग लोगों को 2 अदद लिफ्ट और 4 अदद टायलेट्स के निर्माण द्वारा (पीजीडी. से 2 अदद लिफ्ट केवल)। | 28.11.2025 18.12.2025 | 39.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव काजमला में एक एकड़ में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 28.11.2025 08.12.2025 | 294.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज ब्लॉक झोझूकलां | गांव झोझूकलां में शैड का निर्माण, योजना : डी/प्लान। | 28.11.2025 08.12.2025 | 8.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज अम्बाला | डी प्लान गांव टोका में डीसी चौपाल और गांव शाहपुर नूर्द ब्लॉक नारायणगढ़ में एससी चौपाल का निर्माण। | 28.11.2025 04.12.2025 | 13.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज रोहतक | गांव हमांयुपुर ब्लॉक रोहतक में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 27.11.2025 03.12.2025 | 46.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अटेली ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में ड्रेन्स और व्यर्थ पानी की ट्रीटमेंट प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) का निर्माण + 9 कार्य। | 28.11.2025 05.12.2025 | 350.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0-9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जेएलएन फीडर के आरडी 156014, 162900 पर बेलदार हट और क्रॉस रेगुलेटर आरडी 165000 पर पेंटिंग (पुराना कार्य) + 6 कार्य। | 28.11.2025 05.12.2025 | 9.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | सब ब्रांच भालोट के आरडी 124000 से 156014 तक क्षमता को बढ़ाना / रिमॉडलिंग। | बंद होने की तिथि 17.12.2025 | 2493.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/200/40779/I/88/7 दि. 01.12.25

## आप ने एसआईआर के उद्देश्य और पारदर्शिता पर उठाया सवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के उद्देश्य और पारदर्शिता पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि देश भर में एसआईआर के नाम पर खुलेआम धांधली हो रही है। भाजपा को जिताने के लिए चुनाव आयोग मतदाता सूची में हेराफेरी कर रहा है। अगर ऐसा नहीं है तो ये कैसे संभव है कि एसआईआर के बाद भी बाहर रह रहे बिहार के लोगों का बिहार में भी वोट है और दूसरे राज्य में भी वोट है, जहां वे रह रहे हैं। एसआईआर सिर्फ वोटरों का एड्रेस जानने के लिए की जा रही है, ताकि चुनाव के दौरान भाजपा उन तक पहुंच सके और उन्हें ट्रेन का मुफ्त टिकट व पैसे देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए घर ला सके।

सोमवार को सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एसआईआर के नाम पर पूरे देश में खुल्लमखुल्ला धांधली चल रही है। चुनाव आयोग खुलेआम भाजपा को जिताने के लिए मतदाता सूची में हेरफेर कर रहा है। चुनाव आयोग ने खुद दावा किया था कि एसआईआर में हर मतदाता के घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है और एक व्यक्ति का वोट केवल एक ही जगह हो सकता है।

### उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं रेखा गुप्ता

# ‘इंडियन पिकलबॉल लीग भारत के उभरते खेल इकोसिस्टम को बनाएगी सशक्त’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




इंडियन पिकलबॉल लीग’ न सिर्फ एक प्रतियोगिता है, बल्कि यह भारत के उभरते खेल इकोसिस्टम को और अधिक गतिशील एवं सशक्त बनाएगी। ऐसे आयोजनों से नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान, प्रोत्साहन और प्रगति का मार्ग मिलता है।

यह बात सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित इंडियन पिकलबॉल लीग (आईपीबीएल) के भव्य उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंडियन पिकलबॉल लीग के उद्घाटन समारोह में शिरकत की और कहा कि यह अनूठी पहल देश में नए खेलों को बढ़ावा देने, युवाओं में खेल संस्कृति का विस्तार करने और खिलाड़ियों को बड़े मंच से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने खेलों को भारत की नई राष्ट्रीय संस्कृति और युवा ऊर्जा का प्रतीक बना दिया है। उनके सतत मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने देश में खेलों के प्रति अभूतपूर्व उत्साह, भागीदारी और प्रतिबद्धता को जन्म दिया है, जिससे भारतीय स्पोर्ट्स इकोसिस्टम पहले से कहीं अधिक मजबूत और जीवंत हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत हमेशा से खेलों का देश रहा है और नए खेलों को अपनाने की परंपरा हमारी संस्कृति का हिस्सा है। इस लीग को हमारी सरकार दिल्ली के स्कूलों, खेल आयोजनों और युवा कार्यक्रमों में भी जोड़ेंगे, ताकि यह खेल सभी के लिए एक रोमांचक और लोकप्रिय खेल बन सके। मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि पिकलबॉल एक पैडल खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और पिंग-पोंग के तत्वों का मिश्रण होता है। इसे बैडमिंटन के आकार के कोर्ट पर एक प्लास्टिक की गेंद और ठोस पैडल (रैकेट के समान) के साथ खेला जाता है। यह एकल या युगल में खेला जाता है और इसका आविष्कार 1965 में अमेरिका में एक मनोरंजक खेल के रूप में हुआ था।

## जल्द गठित होगा दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड, रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा : सिरसा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार बहुत जल्द ही दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन करेगी। इसके लिए विधिवत पंजीकरण का कार्य पूरा हो गया है। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करने के बाद दी।

सिरसा ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में समावेशी आर्थिक विकास की दिशा में एक और अहम कदम बढ़ाते हुए, दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का विधिवत पंजीकरण का कार्य पूरा हो गया है। यह बोर्ड अब राजधानी के 8 लाख से अधिक व्यापारियों की समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को एक संगठित व्यवस्था के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का काम करेगा। उद्योग विभाग और डीएसआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में बैठक में लंबित औद्योगिक क्षेत्रों के संचालन और रखरखाव टेंडर, पटपडगंज, बापरौला, रानीखेड़ा और कंझावला जैसे औद्योगिक इलाकों के विकास कार्यों की स्थिति, फ्रीहोल्ड पॉलिसी, ई-वेस्ट प्लांट की प्रगति और जल्द होने वाले ग्लोबल इंडस्ट्रियल इन्वेस्टर समिट की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में दिल्ली सिंगल विंडो सिस्टम की प्रगति भी साझा की गई, जिसका उद्देश्य एक ही ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर 80 श्रेणियों की 400 से अधिक सेवाओं को उपलब्ध कराकर कारोबार करने की प्रक्रिया को सरल और पेपरलेस बनाना है। उद्योग मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्रीहोल्ड पॉलिसी, ग्लोबल इंडस्ट्रियल इन्वेस्टर समिट और सभी औद्योगिक क्षेत्रों की तैयारियों से जुड़े प्रमुख कार्य समय पर पूरे हों। उन्होंने पारदर्शिता, दक्षता और उद्योगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सरकारी स्कूलों के ठीक सामने ड़ाला जाता है कूड़ा, छात्र परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 4000 छात्रों की सेहत खतरे में, डीडीए, एमसीडी और दिल्ली सरकार को भेजी शिकायत

दिल्ली के रोहिणी फेज़-5, किराड़ी, प्रेम नगर-2 स्थित एसकेवी/एसबीवी पीएपी-10 सरकारी स्कूल के मुख्य द्वार के ठीक सामने खुले में डाला जा रहा कूड़ा स्कूली विद्यार्थियों के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ है। इस कूड़े के चलते 4000 से अधिक छात्रों की सेहत और सुरक्षा गंभीर खतरे में है।

इस मामले पर सामाजिक कार्यकर्ता और एडवोकेट अशोक अग्रवाल ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए पत्र के माध्यम से शिकायत भेजी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट की निगरानी में यहां जमीन आवंटित कर स्कूलों का निर्माण कराया गया था और 1 जुलाई 2025 से दोनों स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। लेकिन स्कूल के ठीक सामने डीडीए की खाली ज़मीन पर स्थानीय लोग खुलेआम कूड़ा डाल रहे हैं साथ ही स्कूल जाने वाली मुख्य सड़क पर भी कूड़ा फैलाया जा रहा है, जो एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आती है। अशोक अग्रवाल ने मांग की है कि संबंधित प्रशासन स्कूल के मुख्य द्वार के बाहर से कूड़ा डंपिंग ग्राउंड को तुरंत हटाए, इसे किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट किया जाए और जनहित देखते हुए इसे ढंके या शिक्षा विभाग को सौंप दे।

### छात्रों के लिए दमघोंटू माहौल, जानवरों का आतंक

कूड़ा फैलने और सड़ने के कारण पूरे क्षेत्र में ’तेज दुर्गंध’ फैली रहती है। स्कूल आने वाले छात्रों को रोजाना इस गंदगी और बदबू के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। 26 जुलाई 2025 की निरीक्षण के दौरान छात्रों ने एडवोकेट अशोक अग्रवाल को बताया कि बदबू के चलते पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं, आवारा गाय, सांड, कुत्ते और गिद्ध लगातार डर पैदा करते हैं और सड़क अक्सर जानवरों द्वारा अवरुद्ध रहती है, जिससे आने-जाने में खतरा बढ़ जाता है।

## दिल्ली नगर निगम के 188 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के 188 कर्मचारी सोमवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

## ‘खेती की जमीन पर बन रहे अवैध गोदामों पर चला पीला पंजा’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के अलीपुर क्षेत्र में खेती की जमीन पर तेजी से फैल रहे अवैध निर्माण के खिलाफ आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। हाल ही में तैनात हुई क्षेत्रीय एसडीएम ने पदभार ग्रहण करते ही सख्त कार्रवाई करते हुए कृषि भूमि पर बने कई बड़े-बड़े अवैध गोदामों पर ‘पीला पंजा’ चलवा दिया। सूत्रों के अनुसार, पिछले काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि अलीपुर की उपजाऊ कृषि भूमि पर नियमों को ताक पर रखकर गोदाम, शेड और वाणिज्यिक ढांचे खड़े किए जा रहे हैं। शिकायतों के अधिकारियों तक पहुंचने के बाद एसडीएम ने मौके पर निरीक्षण किया और कार्रवाई के आदेश जारी किए। हालांकि, स्थानीय लोगों में इस कार्रवाई को लेकर एक अलग ही चिंता भी दिखाई दी। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी कोई नया अधिकारी एसडीएम कार्यालय संभालता है, शुरुआती दिनों में ऐसे एक्शन दिखते हैं, लेकिन कुछ दिन बाद सब कुछ फिर से शांत हो जाता है और अवैध निर्माण दोबारा शुरू हो जाते हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक पर्यावरण प्रेमी ने बताया कि हम चाहते हैं कि यह कार्रवाई एक-दो दिन की न होकर लगातार चले, तभी कृषि की उपजाऊ जमीन बच पाएगी और पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा क्योंकि अवैध गोदामों के निर्माण के चलते धूल संबंधी समस्याओं के साथ ही अन्य समस्याएं भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि अलीपुर थाना क्षेत्र से बकौली की तरफ भी अनेकों गोदाम हाल ही में बने हैं।

## किसी भी मंदिर-दरगाह को नहीं छुआ : एमसीडी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने 29 नवम्बर 2025 को करोल बाग जोन में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ मिलकर डी.बी. गुप्ता रोड एवं आसपास की हरित पट्टी क्षेत्रों में चलाए गए संयुक्त अतिक्रमण रोधी अभियान के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। यह अभियान एमसीडी और डीडीए द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया था, जिसका उद्देश्य हरित पट्टी क्षेत्र में स्थित खतरनाक और जर्जर ढांचों को हटाना था, जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर रहे थे। किसी भी धार्मिक संरचना, जिसमें मंदिर-दरगाह बाबा श्री पीर रतन नाथ जी महाराज भी शामिल हैं, को इस कार्रवाई के दौरान नहीं छुआ गया और न ही प्रभावित किया गया। एमसीडी स्पष्ट करता है कि कार्रवाई से पहले संबंधित सभी व्यक्तियों को विधिवत नोटिस जारी किए गए थे। इनमे दो नोटिस एमसीडी द्वारा और एक नोटिस डीडीए द्वारा जारी किया गया था, जिनमें उन्हें असुरक्षित ढांचों को खाली करने के निर्देश दिए गए थे। इन ढांचों को तकनीकी आकलन के बाद खतरनाक घोषित किया गया था। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि इन ढाँचों के मूल निवासी पहले ही डीडीए द्वारा पुनर्वासित किए जा चुके थे, और वर्तमान में इन असुरक्षित संरचनाओं पर कब्जा जमाए बैठे लोग या तो स्थानांतरण के लिए तैयार नहीं थे या उन्होंने डीडीए के साथ आवश्यक पुनर्वास औपचारिकताएँ पूरी नहीं की थीं।

# दिल्ली सरकार 2200 छात्रों को दिला रही है निशुल्क कोचिंग : सूद

### ‘महामना पंडित मदन मोहन मालवीय विद्या शक्ति मिशन’ के तहत जेईई, नीट, क्लैट, सीए और सीयूईटी परीक्षाओं की कराई जा रही है तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार लगातार छात्रों की आकांक्षाओं को सशक्त बनाने, उनकी भावनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा राजधानी में भविष्य के अनुरूप स्कूलों को बनाने की दिशा में काम कर रही है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय विद्या शक्ति मिशन के साथ साझेदारी कर 2,200 मेधावी छात्रों को जेईई, नीट, सीएलएटी, सीए एवं सीयूईटी की निशुल्क कोचिंग प्रदान कर रही है। इसके अलावा मंत्री सूद ने बताया कि सरकार दिल्ली के स्कूलों में भावनात्मक, मानसिक एवं शैक्षणिक सहयोग प्रणाली को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। एआई आधारित कक्षाएं, मानवीय शिक्षा और हर बच्चे के लिए वास्तविक समान अवसर देना सरकार का लक्ष्य है। सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत जेईई, नीट, सीएलएटी और सीए फाउंडेशन कोर्स में कुल सीटों में से 50 सीटें विशेष रूप से बालिकाओं के लिए आरक्षित होंगी।

सीयूईटी-यूजी में कुल 1 हजार सीटों में से 150 सीटें बालिकाओं के लिए आरक्षित की गई हैं ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा मिल सके। मंत्री ने बताया कि आकाश इंस्टीट्यूट, नारायणा एकेडमी, केडी कैंपस और रविंद्र इंस्टीट्यूट जैसे प्रशिक्षित संस्थानों के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण, लाइव सत्र, अध्ययन सामग्री और टेस्ट प्रिपरेशन सहयोग प्रदान किया जाएगा। ये कक्षाएं स्कूल समय के बाद और सप्ताहांत में आयोजित होंगी। सूद ने कहा कि यह विद्यार्थी केवल परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर रहे बल्कि वह अपने जीवन को बदलने की तैयारी कर रहे हैं। यह मिशन केवल शैक्षिक संसाधन देने का प्रयास नहीं, बल्कि बड़े सपने देखने का साहस और भावनात्मक दृढ़ता प्रदान करने का सरल माध्यम है। उन्होंने इस पहल को दिल्ली की सरकारी शिक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण मोड़ बताते हुए कहा कि 30 अक्टूबर 2025 को आयोजित सीईटी-2025 में लगभग 62 हजार छात्रों ने भाग लिया, जो दिल्ली के युवाओं की अभूतपूर्व आकांक्षाओं और क्षमता को दर्शाता है। चयनित छात्रों की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 26 नवंबर 2025 से कक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली के सभी निजी और सरकारी स्कूलों के प्रमुखों से आग्रह किया कि वह अपने स्कूलों में बच्चों में प्रारंभिक तनाव की पहचान करें,मानसिक स्वास्थ्य पर शिक्षकों को संवेदनशीलता का प्रशिक्षण दिलाएं और संवाद प्रणाली को विकसित करें। सूद ने कहा किहम दिल्ली में स्कूलों में ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां बच्चे खुशी से सीखें, शिक्षक गर्व के साथ पढ़ाएं और समुदाय की सहभागिता का कोई उद्देश्य हो।




### दिल्ली में कोई भी बच्चा स्वयं को अनदेखा और असहाय महसूस न करे

दिल्ली के विद्यालयों में हुई नवीनतम घटनाओं का उल्लेख करते हुए शिक्षा मंत्री ने भावनात्मक रूप से सुरक्षित, संवेदनशील और उत्तरदायी शिक्षण वातावरण के महत्व को दोहराते हुए कहा की दिल्ली में कोई भी बच्चा स्वयं को अनदेखा, अनसुना या असहाय महसूस न करे। शिक्षा केवल अंक नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, गरिमा और मानवीयता का विषय भी है।

### अधिकतम पारा 26.1 डिग्री हुआ दर्ज

# राजधानी में 5.7 डिग्री तापमान, अब शीतलहर करेगी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कई सालों बाद दिसंबर महीने की शुरुआत कड़कड़ाती सर्दी के साथ हुई है। कहा जा सकता है कि लगभग एक दशक से अधिक समय बाद एक दिसंबर 2025 को न्यूनतम पारा लुढ़ककर महज 5.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.6 डिग्री कम है। जबकि अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक है। इसके साथ ही अभी तक शीत लहर से राहत वाली दिल्ली में अगले कई दिन सर्द हवाओं वाले रहेंगे।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार न्यूनतम तापमान महज 5.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.6 डिग्री कम है। जबकि एक दिन पहले रविवार को यह आंकड़ा 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। वहीं शनिवार को न्यूनतम पारा 10 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ था। तापमान को लेकर आईएमडी ने तापमान में इतनी भारी गिरावट का अनुमान नहीं बताया था। आईएमडी ने अगले तीन चार दिन को लेकर दिल्ली में शीतलहर की संभावना व्यक्त की है। जानकारी अनुसार 2025-5.7 डिग्री, वर्ष 2022-8.3 डिग्री, वर्ष 2020-8.1 डिग्री और वर्ष 2017-8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिसंबर महीने की शुरुआत हुई थी। वहीं निजी मौसम अनुमान कंपनी के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि अगले दो या तीन दिनों में तापमान थोड़ा बढ़ेगा क्योंकि दो पश्चिमी विक्षोभ आ रहे हैं। इनके आने से कुछ समय के लिए न्यूनतम तापमान बढ़ सकता है। जिसके बाद मध्य दिसंबर में दिल्ली में तापमान फिर से गिरने के चलते ठंड का दौर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ से ऊपरी हिमालयी इलाके में हल्की बर्फबारी होने की उम्मीद है। लेकिन ज्यादा बर्फबारी नहीं होगी और फिलहाल दिल्ली में बारिश होने की भी उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि बीते दो दिनों से प्रदूषण कम रहा है। प्रदूषक हवाओं को पहने से रोकने का काम करते हैं। इसके साथ ही प्रदूषक के कण सूर्य की गर्मी को भी धरती पर ट्रैप कर जमीनी सतह को गर्म करते हैं। बीते दो दिनों से प्रदूषण में कमी आने की वजह से स्मॉग की परत हल्की हुई है। यही वजह है कि तापमान एकदम से गिरा है। स्काईमेट वेदर का कहना है कि नवंबर 2025 में किसी भी दिन कोल्ड वेव घोषित नहीं की गई। कोल्ड वेव घोषित करने के लिए दो शर्तें जरूरी होती हैं। जिसमें पहली होती है, न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे और सामान्य से 4.5 डिग्री से अधिक कम होना चाहिए।

### वायु प्रदूषण का स्तर बढ़कर 300 दर्ज, और खराब होंगे हालात

नई दिल्ली। दो दिन राहत के बाद एक बार फिर दिल्ली में वायु प्रदूषण आफत बन रहा है। सोमवार को वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 300 दर्ज हुआ जो बहुत खराब श्रेणी में गिना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सोमवार सुबह जहरीली धुंध छा गई और एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया। जबकि आनंद विहार व आईटीओ में 325 दर्ज किया गया। बवाना का 339 और आरके पुरम का 335 दर्ज किया गया। रोहिणी में 341, मुडका 330 और पंजाबी बाग 328 एक्यूआई दर्ज हआ। वहीं इंडिया गेट और कर्तव्य पथ के आसपास के क्षेत्रों में एक्यूआई 267 दर्ज हुआ, जो थोड़ा बेहतर है। जबकि इससे एक दिन पहले ही रविवार को प्रदूषण 269 दर्ज किया गया था, लेकिन स्थिति तेजी से बिगड़ती गई। जिसके चलते सोमवार सुबह शहर में जहरीली धुंध छा गई और एक्यूआई 300 के पार पहुंच गया। पर्यावरण वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी आने वाले दिनों में दिल्ली को वायु प्रदूषण से राहत मिलने वाली नहीं है। क्योंकि मौसम अब भी विपरीत हालात पैदा करने वाला साबित हो रहा है। दिसंबर महीने की शुरूआत हो चुकी है और अगले करीब एक सप्ताह बारिश की दूर दूर तक कोई गुंजाइश नहीं दिख रही।

## प्रदूषण के खिलाफ एनएसयूआई कल करेगी धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर जहां सत्तापक्ष ठोस कदम उठाने के दावे कर रहा है। वही विपक्षी दल प्रदूषण के नाम पर सरकार को लगातार घेरने में लगे है। कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) घोषणा की है आने वाली 3 दिसंबर 2025 को जंतर मंतर पर करेगी विरोध धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदेश एनएसयूआई संगठन इस आयोजन को सफल बनाने के लिए छात्रों व अन्य समूहों को आह्वान किया है कि वह आएं और प्रदूषण को लेकर अपनी आवाज उठाए। जानकारी अनुसार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश 20 नवंबर में केंद्रीय मंत्रालय की पहाड़ियों की नई परिभाषा को स्वीकार कर लिया है। जिसके बाद, राष्ट्रीय राजधानी की एकमात्र वन रेंज, अरावली का 90 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा संभावित माइनिंग और कंस्ट्रक्शन के लिए खोल दिया गया है। ऐसे में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय अब सिर्फ़ स्थानीय इलाके से 100 मीटर या उससे ज़्यादा ऊँचे लैंडफ़ॉर्म, उनकी ढलानों और आस-पास के इलाकों को ही रेंज का हिस्सा मानता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर जहरीली हवा में सांस ले रहा है और सरकार आंखें मूंदे बैठी है। ऐसे में एनएसयूआई 3 दिसंबर को जंतर-मंतर पर नागरिक समूहों के आह्वान के साथ है, जिसमें जवाबदेही, कार्रवाई और सभी के लिए साफ हवा की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि समूह से जुड़ने के लिए खुद को अभी रजिस्टर करें। चौधरी का कहना है कि दिल्ली के बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, छात्र, मरीज आदि प्रदूषण की वजह से बुरी तरह परेशान हो रहे है। जबकि केंद्र व दिल्ली सरकार चुप्पी साधे हुए है।

## खबर संक्षेप

### दो ट्रकों की टक्कर में ड्राइवर की दर्दनाक मौत

**फरीदाबाद।** केजीपी (कुण्डली-गाजियाबाद-पलवल) पर छांयसा के पास दो ट्रक की टक्कर में एक



चालक की मौत हो गई। पुलिस ने अपनी कार्रवाई करके मृतक को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भेज दिया है। राजस्थान के भरतपुर जिले के रहने वाले उमेद ने बताया कि पिता रामप्रसाद ट्रक चालक था। वह ट्रक में क्रेशर भरकर नोएडा की तरफ जा रहा था। उसने ट्रक खड़े होने के बारे में सूचित करने के लिए न तो रिफ्लेक्टर बोर्ड लगाए हुए थे और न ही पत्थर डाले हुए थे।

### युवक से 12 लाख की ठगी, तलाश में जुटी पुलिस

**फरीदाबाद।** हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के माध्यम से सेल्स




टैक्स अधिकारी की नौकरी लगवाने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस आयुक्त के आदेश पर एनआइटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी हैं। ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि दिल्ली में रहने वाले उनके दामाद शुभम वर्मा ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन में नौकरी के लिए साल 2023 में आवेदन किया था।

### पार्षद के निधन पर महापौर ने कराई शोक सभा



**गाजियाबाद।** वार्ड 23 के पार्षद जगत सिंह के निधन पर महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने शोक व्यक्त किया है। निगम मुख्यालय में शोक सभा भी की गई। वार्ड संख्या-23 के पार्षद जगत सिंह के निधन की जैसे ही खबर मिली, तमाम पार्षदों व अधिकारियों में शोक छा गया। महापौर ने शोक सभा में कहा कि उनके परिवार और ननि परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है। अधिकारी/ कर्मचारीगण शोक सभा कर गहरा परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि उनके परिवार को इस दुःख/क्षति को सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करे।

## शहर वासियों के लिए एक ओर प्रोजेक्ट ला रहा है नगर निगम

# अच्छी खबरः साइ उपवन में बनेगी उत्तर प्रदेश की पहली 650 मीटर लंबी एलिवेटेड ट्रेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की योजना के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम शहर वासियों के लिए एक और नया प्रोजेक्ट ला रहा है। जिसके क्रम में अब साइ उपवन में 650 मीटर लंबी तथा 1.5 मीटर चौड़ी एलिवेटेड ट्रेल को बनाने की तैयारी चल रही है। जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम ने बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर के आधार पर प्रोजेक्ट की निविदा आमंत्रित की गई है। जिसको 11 दिसंबर को खोला जाएगा,जिसमें बहुत ही सुंदर और अद्भुत एलिवेटेड ट्रेल बनाई जाएगी।

**खास बातें**

- प्रोजेक्ट की लागत लगभग 5 करोड़ तक आएगी
- निविदा आमंत्रण की जा चुकी है
- गाजियाबाद नगर निगम को रेवेन्यू भी मिलेगा





### प्रोजेक्ट से गाजियाबाद ननि का राजस्व भी बढ़ेगा

जिसमें बास्केटबॉल पिकल बॉल बॉक्स क्रिकेट की भी व्यवस्था की जाएगी। पब्लिक टॉयलेट के साथ-साथ पार्किंग स्पेस की व्यवस्था भी की जाएगी तथा कैसे एरिया भी बनाया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि एलिवेटेड ट्रेल बनाने वाला उत्तर प्रदेश का पहला नगर निगम गाजियाबाद है जो की गाजियाबाद शहर वासियों के लिए बहुत ही गर्व का विषय होगा। खिलाड़ियों तथा आमजन की सुविधाओं से युक्त एलिवेटेड ट्रेल में पार्किंग तथा पब्लिक टॉयलेट के साथ कैफे एरिया का भी स्थान दिया गया है। प्रोजेक्ट की कास्ट लगभग 5 करोड़ रखी गई है। निविदा आमंत्रित की जा चुकी है । प्रोजेक्ट से गाजियाबाद नगर निगम का राजस्व भी बढ़ेगा बीओटी के आधार पर प्रोजेक्ट की निविदा आमंत्रित की गई है।शहर वासियों के लिए उक योजना लाभदायक सिद्ध होगी न केवल टेंडर लेने वाली फर्म एलिवेटेड ट्रेल का निर्माण कराएगी बल्कि संचालन भी करेगी जिसमें से गाजियाबाद नगर निगम को रेवेन्यू भी मिलेगा।

**गीता महोत्सवः** फरीदाबाद की धरा पर एक साथ 2500 से अधिक विद्यार्थियों ने किया गीता के श्लोकों का उच्चारण

# पीएम मोदी के 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने हेतु स्वदेशी अपनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला स्तरीय गीता महोत्सव के तीसरे दिन की शुरुआत प्रातः कालीन सत्र में हवन के साथ हुई जिसके बाद जिला फरीदाबाद में गीता महोत्सव में श्रीमद्भागवत गीता श्लोक उच्चारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला के विभिन्न स्कूलों के 2500 से अधिक विद्यार्थियों के साथ-साथ जिला के विभिन्न धार्मिक संस्थानों में श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों का उच्चारण किया गया। श्रीमद्भागवत गीता श्लोक उच्चारण कार्यक्रम में एनआईटी विधायक सतीश फागना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्लोक उच्चारण कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम की जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र जोशी ने की, जिला शिक्षा अधिकारी अंशुल सिंगला उपस्थित रही।

**खास बातें**

- सतीश फागना ने श्लोक उच्चारण कार्यक्रम की अध्यक्षता की
- जिला के विभिन्न धार्मिक संस्थानों ने श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों का उच्चारण किया
- विधायक सतीश फागना ने गीता जयंती महोत्सव में जनकल्याणकारी स्टॉलों का किया निरीक्षण

### गीता धर्मनिष्ठ रहते हुए उत्तम जीवन जीने की प्रेरणा भी देती हैं



एनआईटी फरीदाबाद विधायक सतीश फागना ने श्रीमद्भागवत गीता श्लोक उच्चारण कार्यक्रम के पश्चात सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई श्रीमद्भगवद गीता पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें गीता के अठारह अध्यायों का सार महाभारत के प्रमुख प्रसंग, भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश तथा आधुनिक जीवन में गीता के संदेश की प्रासंगिकता को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों तथा सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी स्टॉलों का भी निरीक्षण किया गया। गीता जयंती के अवसर पर आज आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक सतीश फागना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा के सभी जिलों में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। इस पहल ने न केवल भारतीय ज्ञान, परंपरा को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है, बल्कि समाज को सांस्कृतिक रूप से भी एकजुट किया है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता विश्व का सबसे व्यापक आध्यात्मिक ज्ञान, ग्रंथ है, जो मानव जीवन के कठिनतम क्षणों में भी मार्गदर्शन प्रदान करता है। गीता न केवल जीवन के आदर्श, संतुलन और संस्कारों का शिक्षण देती है, बल्कि धर्मनिष्ठ रहते हुए उत्तम जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है। इसमें वर्णित 700 श्लोक और 18 अध्याय जीवन प्रबंधन, नैतिक आचरण और कर्म के महत्व को वैज्ञानिक एवं तर्कपूर्ण ढंग से समझाते हैं। गीता का अध्ययन केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों से निकलने का सशक्त माध्यम भी है। तनाव, भ्रम या कठिन परिस्थितियों में गीता का संदेश सही, गलत की पहचान कर जीवन को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करता है। इसी प्रेरणा के साथ गीता जयंती पर सभी नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे अपने जीवन में गीता के मूल सिद्धांतों, धैर्य, सत्य, कर्मनिष्ठा और आत्मबलकृको अपनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इस पावन दिवस पर यह संकल्प लें कि वे कठिनाइयों के आगे कभी पीछे नहीं हटेंगे, चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करेंगे और अपने जीवन व अपने शहर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। फरीदाबाद को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित, विकसित और रोजगार, समृद्ध शहर बनाने के लक्ष्य पर बल देते हुए कहा गया कि यह परिवर्तन तभी संभव है जब समाज एक परिवार की तरह मिलकर आगे बढ़े। सामूहिक सहभागिता से पैदा हुई ऊर्जा न केवल बदलाव लाती है बल्कि भविष्य की दिशा भी तय करती है। वक्ताओं ने कहा कि जिसने अपने भीतर के अर्जुन को जागृत कर लिया, वही जीवन के महाभारत में सफलता प्राप्त करता है। इस अवसर पर डीईओ अंशुल सिंगला, रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सरोत सहित विभिन्न इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

### कार्ययोजना के साथ अपने शहर को साफ व सुंदर बनाएं

## महापौर ने शहर के सौंदर्यीकरण के लिए अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



महापौर सुनीता दयाल ने सोमवार को निगम अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक,अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार,उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक में महापौर द्वारा शहर में चल रहे सौन्दर्यकरण की विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही पूर्व में दी गयी निविदाओं के विषय मे भी जानकारी ली गयी। शहर के 4 प्रमुख चोहराहो के सौन्दर्यकरण के विषय एवं प्रवेश द्वारों के विषय मे भी जानकारी ली गई। जिसमे बताया गया कि 20-20 फीट के स्कल्पचर का चिन्हीकरण किया जा चुका है। अब लगाने की कार्यवाही अमल में लायी जाएगी और इसी प्रकार से शहर में भव्य गेट के निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाना है। जिसमे सबसे अधिक महत्वपूर्ण गेट एलिवेटिड गेट होगा जिसके पूर्व में नामकरण भी किया जा चुका है। महापौर द्वारा बताया गया कि शहर के सौंदर्यीकरण के लिए सभी अधिकारियों को मत भी एक है और इसी कार्ययोजना के साथ हर अपने शहर को साफ व सुंदर बनाएंगे। नगर निगम हमेशा तत्पर है और शहर में भव्य गेट बनाये जाने की कार्यवाही भी प्रारंभ हो चुकी है। एक गेट शहर में ऐसा होगा जो बाहर से आने वाले आंगतुकों को राम मंदिर के निर्माण की याद दिलाएगा जिसके नामकरण पूर्व की मा. सदन की बैठक में श्री राम सेतु किया जा चुका है एवं शहर के अलग अलग स्थानों चोराहों पर सुन्दर स्टेच्यू लगे देख स्थानीय लोग हर्षित होंगे और वह प्रेरणादायी भी रहेंगे। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया गया गाजियाबाद के सौंदर्यकरण को देखकर अन्य शहर भी प्रेरणा लेंगे इस योजना से शहर हित में सौंदर्य करण का निर्णय लिया गया है।

## नीट परीक्षा में रैंकिंग सुधार के नाम पर 16 लाख 50 हजार रुपए की ठगी, खाताधारक महिला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने 16,50,000 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में खाताधारक एक महिला को भुवनेश्वर उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-3 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 14 अगस्त 2024 को उसके पास एक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने उसकी बेटी की नीट परीक्षा के परिणाम के बारे में बात की और कहा की वह उसकी बेटी की रैंकिंग अच्छी करवा सकता है। जिसके लिए ठग ने 17 लाख रुपए की मांग की। जिस पर शिकायतकर्ता ने ठग के पास 16,50,000 रूपए भेजे। पैसे लेने के बाद ठगों ने जवाब देना बंद कर दिया। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए शांती देवी काल्पनिक नाम निवासी उड़ीसा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि महिला ने अपना खाता आगे ठगों को दे रखा था, जिस खाता में फ्रॉड के 16,50,000 रुपए आए थे। महिला 12वीं पास है और उडीसा में एक पीजी पर वार्डन का काम करती है। जिसको 8 दिन पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### रोटरी स्कूल में रही वार्षिक समारोह 'रेगालिया' की धूम

## जूनियर वर्ग में रेशिका गौर व सीनियर में शौर्य ठाकुर बने स्टूडेंट ऑफ द ईयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सेक्टर-22 स्थित रोटरी पब्लिक स्कूल में 38वें वार्षिक समारोह रेगालिया का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों का जोश देखते ही बन रहा था। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर टीएन सुब्रमण्यन, विशिष्ट अतिथि, डीएलजेएम ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन श्रीपाल जैन, स्कूल प्रबंध समिति के चेयरमैन अनिल जैन समेत अनेक रोटेरियन ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रधानाचार्या डायरेक्टर संदीपा राय ने प्रस्तुत की। समारोह में बोर्ड कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2024-25 स्कूल के टॉपर विशेष शर्मा (नॉन-मेडिकल), राज मिश्रा (मेडिकल), नूपुर बिष्ट (कॉमर्स) और हर्षिता यादव (मानविकी) को सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग में स्कूल की रेशिका गौर को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।

### तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

## आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ब्राह्मण समाज के लोगों ने मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा की ओर से ब्राह्मण समाज की बेटियों के प्रति की गई टिप्पणी पर गहरा रोष व्यक्त किया है।

एडवोकेट बृजमोहन वशिष्ठ की अध्यक्षता में समाज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में डीसी की अनुपस्थिति में तहसीलदार सुमेर सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और संदीप वर्मा के टर्मिनेशन की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय वशिष्ठ ने बताया कि मध्यप्रदेश आईएएस संतोष वर्मा ने एक सार्वजनिक मंच से भाषण के दौरान नफरत फैलाने वाले और सामुदायिक सौहार्द को खराब करने वाले शब्द बोले। ज्ञापन में समाज ने यह भी कहा कि ऐसे शब्द एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सार्वजनिक मंच से कहना ब्राह्मण समाज का अपमान है। आईएएस वर्मा को अपने शब्द वापस लेने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई। आरोप है कि वर्मा का बयान बेहद शर्मनाक और समाज में वैमनस्य फैलाने वाला है।

किसी एक समाज की बेटियों को टारगेट करना उनकी निम्न मानसिकता को दर्शाता है। ज्ञापन देने वालों में डीके शर्मा, किशन सिंह, सचिन पाराशर, हेमराज शर्मा, श्यामवती, राजेंद्र शर्मा, दीपक कौशिक, देवदत्त, विष्णु, नीरज शर्मा, वेदराम और विजय शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

1857 के विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

## कोली समाज ने वीरांगना झलकारी बाई का जन्मोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अखिल भारतीय कोली समाज (रजि.) की हरियाणा प्रदेश की कार्यकारिणी द्वारा वीरांगना झलकारी बाई के जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डबुआ कालोनी स्थित कार्यालय पर कोली समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश नेताजी ने वीरांगना झलकारी बाई जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जगदीश नेताजी ने वीरांगना झलकारी बाई जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वीरांगना झलकारी बाई का जन्म 22 नवंबर 1830 को झांसी के पास भोजला गांव में एक गरीब कोली परिवार में हुआ था। वह बचपन से ही साहसी थीं और हथियार चलाने में निपुण थीं, जिन्हें उनके पिता ने एक लड़के की तरह पाला था। रानी लक्ष्मीबाई की सेना में एक सैनिक और सलाहकार बनीं और 1857 के विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रानी लक्ष्मीबाई की हमशक्ल होने के कारण, दुश्मन को भ्रमित करने के लिए अक्सर रानी के वेश में युद्ध करती थीं। अप्रैल 1858 में एक खूनी युद्ध में उन्होंने ब्रिटिश सेना से बहादुरी से लड़ाई की और वीरगति को प्राप्त हुईं। भारत सरकार ने उनके सम्मान में 2001 में एक डाक टिकट जारी किया। राजस्थान के अजमेर में उनकी प्रतिमा और स्मारक है ।

**कटिहार मंडल में इलेक्ट्रिकल टीआरडी का कार्य**

**निविदा सूचना संख्याः** EL_TRD_51 _25-26; **दिनांक** : 26-11-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्याः** EL_TRD_ 51_25-26. **कार्य का नाम** : कटिहार -न्यू जलपाईगुड़ी - कटिहार मंडल में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेट बोर्ड और अन्य सुरक्षा बोर्ड का प्रावधान। **निविदा मूल्य** : ₹1,77,53,757.36/-; **अग्रिम राशिः** ₹2,38,800/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **22-12-2025** को **15:00** बजे और खोलने की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

सीनियर डीईई /टीआरडी, कटिहार

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज सिंह सैनी, पुत्रः** विक्रम सिंह सैनी, **पताः** मकान नं. ए–16, गली नं. 1, दूसरा पुस्ता, न्यू उस्मानपुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 4/2023, U/s 356, 379, 411 IPC, थानाः पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज सिंह सैनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज सिंह सैनी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 4/2023, U/s 356, 379, 411 IPC, थानाः पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राज सिंह सैनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो ।

आदेशानुसार
सुश्री तानिया सिंह
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी–02
कमरा नं. 296ए, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16058/Rly/2025
(Court Matter)

डिजिटल अरेस्ट विक्टिम बनकर थाना का निरीक्षण करने पहुंचे डीजीपी

## साइबर क्राइम से बचाव, विक्टिम की मदद व लोगों को जागरूक करने के बारे में दिया मैसेज

गुरुग्राम ▶▶ (धर्मेंद्र कौशिक)



हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह सोमवार को डिजिटल अरेस्ट विक्टिम बनकर गुरुग्राम के साइबर क्राइम ईस्ट थाने का सरप्राइज इंस्पेक्शन करने पहुंचे। पुलिस स्टेशन पर तैनात संतरी ने तय प्रोटोकॉल को फॉलो किया और उन्हें जांच अधिकारी के पास ले गए।

साथ ही उन्हें शिकायत दर्ज करने का प्रोसेस समझाया। इस दौरान, डीजीपी ने पुलिस स्टेशन के कामकाज, विक्टिम की मदद करने के तरीके, रिस्पॉन्स सिस्टम व जागरूकता फ्रेमवर्क का डिटेल में रिव्यू किया। डीजीपी ने साइबर क्राइम पर कार्रवाई, पीड़ित की मदद व जागरूकता बढ़ाने की कोशिशों पर बात की। दरअसल, डीजीपी हरियाणा ओपी सिंह अचानक गुरुग्राम के साइबर ईस्ट थाने में पहुंच गए और यहां लोगों को मिलने वाली सहायता की वास्तविक प्रक्रिया और व्यवहार की जमीनी स्तर पर जांच की। इस दौरान डीजीपी ने थाने की कार्यप्रणाली, पीड़ित सहायता व्यवस्था, रिस्पॉन्स सिस्टम और जागरूकता तंत्र की गहन समीक्षा की। थाने का निरीक्षण करने के बाद डीजीपी ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने साइबर क्राइम को रोकने, पीड़ितों को तुरंत राहत देने व लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे खास कदमों के बारे में जानकारी दी। हरियाणा पुलिस साइबर क्राइम से पैदा हो रही नई चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार, असरदार और नई स्ट्रेटेजी अपना रही है।

### साइबर फ्रॉड के दौरान लापरवाही होने पर बैंक की जिम्मेदारी

डीजीपी ने साफ किया कि अगर साइबर फ्रॉड के किसी भी मामले में बैंक की लापरवाही पाई जाती है, तो पीड़ित के फाइनेंशियल नुकसान की भरपाई के लिए बैंक जिम्मेदार होगा। यह पीड़ितों के अधिकारों की एक जरूरी सुरक्षा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) राजेंद्र कुमार, पुत्रः** सोहन लाल, **पताः** बी–3/421 नंद नगरी, **दिल्ली (2) सोनू, पुत्रः** वासु देव **पताः** बी–2 गली नं. 01 हर्ष विहार, दिल्ली **(3) जय राम, पुत्रः** भूदेव **पताः** सी–145 गगन विहार ब्रह्मपुरी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश **(4) शानू, पुत्रः** जफरुद्दीन **पताः** सी–1277 संगम विहार दिल्ली **(5) मोनी, पुत्रः** राजेंद्र प्रसाद **पताः** जे–1st/510 संगम विहार, दिल्ली **FIR No. 1135/2025 U/S: 3/4/9/55 G. Act, पुलिस थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) राजेंद्र कुमार (2) सोनू, (3) जय राम, (4) शानू, (5) मोनी,** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) राजेंद्र कुमार (2) सोनू, (3) जय राम, (4) शानू, (5) मोनी,** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) राजेंद्र कुमार (2) सोनू, (3) जय राम, (4) शानू, (5) मोनी, FIR No. 1135/2025 U/S: 3/4/9/55 G. Act, पुलिस थानाः नन्द नगरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नंबर 19, पहली मंजिल शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15791/NE/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज त्यागी,** परियोजना प्रभारी, सुप्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड, डीयूएसआईबी बिल्डिंग प्रोजेक्ट, भलस्वा डेयरी, पुलिस स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के सामने, जेजे कॉलोनी के पास, जहांगीर पुरी, नई दिल्ली–33 ने मुकदमा **FIR No. CT-261/2017 U/s 138 NI ACT, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज त्यागी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज त्यागी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. CT-261/2017 U/s 138 NI ACT, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पंकज त्यागी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो ।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16075/OD/2025
(Court Matter)

खबर संक्षेप

## सहारनपुर से होकर गुजरने वाली 16 ट्रेनें रद्द



**सहारनपुर।** यूपी में सर्दियों में बढ़ने वाले घने कोहरे को देखते हुए रेलवे ने सहारनपुर से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की 16 ट्रेनों को तीन महीने के लिए रद्द कर दिया है। इससे बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। यह व्यवस्था एक दिसंबर से लागू कर दी गई है, जो दो मार्च 2026 तक जारी रहेगी।रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घने कोहरे के दौरान ट्रेनों की गति काफी धीमी हो जाती है।

## किशनगंज में कार से मिला डेढ़ करोड़ का सोना



**किशनगंज।** जिले में पुलिस ने रविवार की देर रात ने सोना तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने रामपुर चेक पोस्ट में 1 किलो 400 ग्राम सोना जब्त किया है। इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है। सोना की कीमत 1 करोड़ 60 लाख रुपए आंकी गई है। जब्त सोना कोलकाता से सिलीगुड़ी ले जाया जा रहा था। सोना एक कार से बरामद किया गया है। वहीं पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

## डॉ. शाहीन के घर पर एनआईए की छापेमारी



**लखनऊ।** दिल्ली धमाकों से जुड़े संदिग्धों की जांच के लिए सोमवार को एनआईए की टीमों ने कश्मीर से लेकर लखनऊ तक आठ जगहों पर छापेमारी की। लखनऊ में एनआईए की टीम लखनऊ के खंदारी बाजार स्थित डॉ. शाहीन शाहिद के पिता के आवास पर जांच करने पहुंची। मौके पर स्थानीय पुलिस मौजूद रही। टीम ने डॉ. शाहीन के परिजनों से पूछताछ की ।

# गोरखपुर से अयोध्या तक अब हर बड़े शहर में दौड़ेगी मेट्रो

योगी सरकार के इस कदम से प्रदेश में एक तरह से सार्वजनिक परिवहन में क्रांति आ जाएगी। इसमें लखनऊ मेट्रो का विस्तार 225 किमी तक ले जाना है। योजना में हर साल 1527 करोड़ का निवेश होगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में मेट्रो रेल योजना को लेकर बेहद संजीदा है। अब नोएडा, लखनऊ, कानपुर व आगरा जैसे शहरों के बाद गोरखपुर, बरेली, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद,झाँसी, अयोध्या, मथुरा-वृन्दावन और अलीगढ़ जैसे शहरों में भी मेट्रो चलाने की योजना है। यह प्लान विकसित भारत 2047 की वर्कशॉप में रखा गया, जिसमें यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन ने अपना एजेंडा पेश किया। कारपोरेशन का अनुमान है कि अगले 20 सालों में इन शहरों में 50-50 किमी मेट्रो रूट का विस्तार हो सके जो कुल 1575 किमी हो जाएगा।

यूपी में मेट्रो विस्तार का मेगा प्लान



### सार्वजनिक परिवहन में क्रांति

योगी सरकार के इस कदम से प्रदेश में एक तरह से सार्वजनिक परिवहन में क्रांति आ जाएगी। इसमें लखनऊ मेट्रो का विस्तार 225 किमी तक ले जाना है। कानपूर में मेट्रो नेटवर्क 200 किमी, इसी तरह नोएडा,ग्रेटर नोएडा, वाराणसी और प्रयागराज में 150 किमी लबे मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण. इसके साथ ही बाकी शहरों जैसे बरेली सहारनपुर में भी 50-50 किमी मेट्रो लाइन के विस्तार की योजना है। यही नहीं वर्कशॉप में 2035 तक 790 किमी मेट्रो ट्रैक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में हर साल तकरीबन 1527 करोड़ रुपए का निवेश चाहिए होगा।

### यूपी मेट्रो मुनाफे में

उल्लेखनीय है कि अभी यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन मुनाफे में है। लागत और उसके अनुपात में राजस्व में यूपी मेट्रो देश में काफी आगे है। खासकर टियर-2 शहरों में. वर्कशॉप में बताया गया कि जल्द ही कानपुर में आईआईटी से नौबस्ता तक मेट्रो का ट्रायल 26 जनवरी से शुरू होगा। इससे यात्रियों को अब मोतीझील पर ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ट्रेन के वेटिंग टाइम भी15 मिनट से घटकर 5 मिनट रह जाएगा।

### लखनऊ एयरपोर्ट के आसपास बनी झुग्गियों में की गई कार्रवाई

# अवैध बांग्लादेशियों पर योगी सरकार का कड़ा एक्शन, डिटेंशन सेंटर में भेजने की तैयारी

सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में अवैध बांग्लादेशियों की तलाश के लिए पुलिस अभियान तेज किया गया है। लखनऊ पुलिस ने डीसीपी निपुण अग्रवाल के नेतृत्व में एयरपोर्ट के आसपास झुग्गी इलाकों में सघन जांच की है। संदिग्ध लोग खुद को असम का निवासी बताते हैं और कूड़ा बीनने का काम करते हुए लगभग तेरह साल से लखनऊ में हैं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अवैध रूप से उत्तर प्रदेश में रह रहे बांग्लादेशियों को तलाश कर डिटेंशन सेंटर में भेजने के सख्त निर्देश के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। इसी क्रम में लखनऊ पुलिस ने राजधानी में एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई मुख्य रूप से लखनऊ एयरपोर्ट के आसपास बनी झुग्गियों में की गई, जहां संदिग्धों के होने की सूचना थी। डीसीपी निपुण अग्रवाल की अगुवाई में पुलिस टीम ने इन इलाकों की सघन जांच की. झुग्गियों में रहने वाले लोगों पर अवैध बांग्लादेशी होने का संदेह है। हालांकि ये लोग खुद को असम का मूल निवासी बताते हैं।

**खास बातें**

- लखनऊ एयरपोर्ट के आसपास बनी झुग्गियों में की गई कार्रवाई
- पूरे उत्तर प्रदेश में संदिग्ध विदेशी नागरिकों की तलाश का अभियान

### कूड़ा बीनने का काम और दस्तावेजों का दावा



निवासियों का दावा है कि वे लगभग 13 साल पहले रोजी-रोटी की तलाश में लखनऊ आए थे और अब यहीं कूड़ा बीनने का काम करते हैं। पुलिस की जांच के दौरान इन संदिग्धों ने अपने पास आधार कार्ड, एनआरसी और अन्य संबंधित दस्तावेज होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि जब उनके पास वैध दस्तावेज हैं, तो उन्हें पुलिस की जांच से डरने की कोई बात नहीं है।

**वापस उनके देश भेजने की होगी कार्रवाई**

*फिलहाल केवल लखनऊ ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में संदिग्ध विदेशी नागरिकों की तलाश का अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि जितने भी अवैध बांग्लादेशी मिलेंगे, उन्हें पकड़कर डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा। इसके बाद, कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्हें वापस उनके देश भेजने की कार्रवाई की जाएगी।*

### एसआईआर के काम में लगे बीएलओ से डिप्टी सीएम ने कहा-

किसी विपक्ष के बहकावे में ना आएं



देश में एसआईआर अभियान लगातार चर्चाओं में बना हुआ है। यूपी में इस अभियान में काम कर रहे बीएलओ यानी बूथ स्तरीय अधिकारियों की मौत की खबर भी लगातार सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि काम के दबाव की वजह से कुछ बीएलओ ने कथित तौर से अपनी जान दी है तो कुछ की मौत काम के प्रेशर की वजह से हुई है। विपक्ष भी इसको लेकर लगातार सवाल उठा रहा है। इसी बीच यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अब इसको लेकर बयान दिया है और उन्होंने बीएलओ अधिकारियों को अपना संदेश भी दिया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, मैं अपने सभी बीएलओ साथियों से कहूंगा कि चुनाव आयोग के द्वारा समय-समय पर कोई न कोई अभियान चलाया जाता है। अपने कर्तव्यों का पालन करें और किसी विपक्ष के बहकावे में न आएं।

### नवनिर्वाचित 236 विधायकों ने ली शपथ

# बिहार की 18वीं विधानसभा का पहला सत्र शुरू

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार विधानमंडल का सत्र सोमवार से शुरू हो चुका है, जो 5 दिन चलेगा। पहले दिन 236 विधायकों ने शपथ ली। इसके अलावा एनडीए प्रत्याशी के तौर पर प्रेम कुमार ने स्पीकर पद के लिए नामांकन किया। सबसे पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शपथ ली है। उसके बाद विजय सिन्हा ने शपथ लिया। इसके बाद वरीयता क्रम से मंत्रियों का शपथ ग्रहण हुआ। विधानसभा सचिव ने क्रमवार शपथ के लिए विधायकों को आमंत्रित किया। इससे पहले प्रोटेम स्पीकर का संबोधन भी हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में मौजूद रहे।

बिहार विधानसभा सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित 243 विधायकों में 236 ने शपथ ली। दो दिसंबर को नए विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। सत्र 5 दिसंबर तक संचालित होगा। सत्र में विपक्ष ने सरकार को घेरने तो सत्ता पक्ष ने विपक्ष को जवाब देने की तैयारी की है। सदन की पांच बैठकें होंगी। विधानसभा चुनाव और नयी सरकार के गठन के बाद 18वीं विस की यह पहली बैठक है। सत्र पांच दिसंबर तक चलेगा।

### 7 विधायक नहीं आए शपथ ग्रहण में

बिहार में विधायकों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम से करीब 8 विधायक नदारद रहे। प्रोटेम स्पीकर ने शपथ ग्रहण पूरा होने के बाद अनाउंसमेंट भी कराया कि कोई विधायक बच गया हो तो अपना हाथ उठाए। लेकिन कोई भी सामने नहीं आया। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। साथ ही कहा कि जो विधायक बचे हैं, वे 2 दिसंबर को शपथ ले सकते हैं।

### मैथिली ने मैथिली में ली शपथ

बिहार विधानसभा में शपथ ग्रहण समारोह में एक खास बात यह भी रही कि बिहार की सबसे युवा विधायक मैथिली ठाकुर ने मैथिली भाषा में शपथ व। मैथिली ठाकुर पहली बार बिहार विधानसभा की सदस्य बनी हैं। अलीनगर से मैथिली ठाकुर ने विधानसभा चुनाव जीता है। वहीं रेणु देवी को गलत ढंग से शपथ लेने के बाद प्रोटेम स्पीकर ने रोक दिया। इसके बाद उन्हें फिर से शपथ लेना पड़ा।

## पेज एक का शेष

### जैविक हथियारों के ....

है। उन्होंने कहा कि अब यह कोई दूर की बात नहीं रही गई है। इसलिए इस चुनौती से दो-दो हाथ करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी आपस में गहराई से जुड़ा हुआ बताया। यह जानकारी विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में जैविक हथियार संधि (बीडब्ल्यूसी) के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित किए गए एक समारोह को संबोधित करते हुए दी है। जिसकी थीम '50 ईयर्स ऑफ द बायोलॉजिकल वेपन्स कन्वेंशनः स्ट्रेंथनिंग बायोसिक्योरिटी फार द ग्लोबल साउथ' रखी गई थी।

### ग्लोबल साउथ को ....

कहा कि हम दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन बनाते हैं, 20 फीसदी जेनरिक दवाएं, अफ्रीका की 60 फीसदी जेनरिक दवाएं भारत सप्लाई करता है। देश में बायोटेक स्टार्टअप (11 हजार संख्या) का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम भी है।

### संसद पॉलिसी डिलीवरी....

यह सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र सफल परिणाम दे सकता है। मोदी ने जोर देकर कहा, जिस गति से भारत की आर्थिक स्थितियाँ नई ऊँचाइयों को छू रही हैं, वह नया विश्वास जगाती है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए हमें नई शक्ति देती है। प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी वाली चर्चा के महत्व पर प्रकाश डाला और सदस्यों से आग्रह किया कि जो अच्छा काम हो रहा है उन्हें और बेहतर बनाया जाए और जहाँ आवश्यक हो, वहाँ रचनात्मक और सटीक आलोचना प्रस्तुत की जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा, 'यह मेहनत का काम है, लेकिन राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है।' पहली बार चुने गए और युवा सांसदों के लिए चिंता व्यक्त करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कई अलग-अलग पार्टियों के कई सांसद महसूस करते हैं कि उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने या राष्ट्रीय विकास की चर्चाओं में योगदान देने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि वे सुनिश्चित करें कि इन सांसदों को वह मंच मिले जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, 'सदन और राष्ट्र, दोनों को नई पीढ़ी की समझ और ऊर्जा से लाभ मिलना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने इस सत्र के विशेष महत्व को रेखांकित किया, क्योंकि यह सत्र उच्च सदन में नए सभापति महोदय के मार्गदर्शन की शुरुआत है। प्रधानमंत्री ने सभापति को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनका नेतृत्व संसदीय कामकाज को और भी मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधारों ने नागरिकों के बीच विश्वास का एक मजबूत माहौल बनाया है और इन्हें अगली पीढ़ी के सुधारों के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र इसी दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। हालिया संसदीय प्रवृत्तियों पर चिंता व्यक्त करते हुए, मोदी ने कहा कि हाल के दिनों में, हमारी संसद का उपयोग या तो चुनावों के लिए 'वॉर्म-अप ग्राउंड' के रूप में किया जा रहा है या फिर चुनावी हार के बाद निराशा निकालने की जगह के रूप में। प्रधानमंत्री ने कहा, 'देश ने इन तरीकों को स्वीकार नहीं किया है। अब समय आ गया है कि वे अपना दृष्टिकोण और रणनीति बदलें। मैं तो उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के तरीके पर सुझाव देने के लिए भी तैयार हूँ।' मोदी ने दोहराया, 'मुझे उम्मीद है कि हम सभी इन जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ेंगे। और मैं राष्ट्र को यह आश्वासन देता हूँ कि देश प्रगति के मार्ग पर चल पड़ा है।' राष्ट्र की प्रगति की निर्धारित यात्रा की पुष्टि करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, 'देश नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है और यह सदन उस यात्रा में नई ऊर्जा और शक्ति भरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'

### शीतकालीन सत्र के ....

विपक्ष ने फिर से हंगामा कर दिया। आखिरकार दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों के हंगामें के बीच अध्यक्ष बिरला ने सदन कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, लोकसभा में विश्वकप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम, ब्लाइंड क्रिकेट टीम और कबड्डी टीम को शानदार सफलता के लिए बधाई दी गई। लोकसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल और तीन अन्य पूर्व सदस्यों के निधन की सूचना दी गई। स्पीकर ओम बिरला ने सदन की ओर से पूर्व सदस्यों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और सदन में मौन भी रखा गया।

**संसद में होगी वंदे मातरम पर चर्चा, 10 घंटे का दिया गया समयः** भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर संसद के शीतकालीन सत्र में विशेष चर्चा होगी. लोकसभा में इसी सप्ताह गुरुवार या शुक्रवार को इस पर चर्चा होगी, जिसके लिए 10 घंटे का समय तय किया गया है. पीएम मोदी भी इस विशेष बहस में भाग लेंगे. इस चर्चा में स्वतंत्रता संग्राम के इस प्रेरक गीत की ऐतिहासिक के अलावा सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया जाएगा. बताया जाता है कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा 30 नवंबर को बुलाई गई सभी पार्टियों की बैठक में और लोकसभा व राज्यसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में इस प्रस्ताव को लेकर सहमति बनी.

**वित्तमंत्री सीतारमण ने पेश किए दो बिलः** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में दो बिल पेश किए। इन बिलों का मकसद तंबाकू प्रोडक्ट्स और उनकी मैन्युफैक्चरिंग पर सेस लगाना है। सीतारमण ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पटल पर सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल-2025, और स्वास्थ्य सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सेस विधेयक, 2025 भी पेश किया। सीतारमण ने कहा कि इससे नेशनल सिक्योरिटी और पब्लिक हेल्थ पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए रिसोर्स बढ़ेंगे, और इन मकसदों के लिए उन मशीनों या दूसरे प्रोसेस पर सेस लगाया जाएगा जिनसे खास सामान बनाया या प्रोड्यूस किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने मणिपुर जीएसटी विधेयक पटल पर रखा। जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

सरकार के इस विधेयक का उद्देश्य जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद, टैक्स को संरक्षित करने के लिए सरकार को तंबाकू और तंबाकू उत्पादों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क की दर बढ़ाने के लिए राजकोषीय गुंजाइश प्रदान करना है। स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025, पान मसाला जैसी विशिष्ट वस्तुओं के उत्पादन पर उपकर लगाने का प्रावधान करता है। तंबाकू और पान मसाला जैसी हानिकारक वस्तुओं पर वर्तमान में 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है, साथ ही विभिन्न दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर भी लगता है।

क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद, तंबाकू और संबंधित उत्पादों की बिक्री पर 40 प्रतिशत जीएसटी और उत्पाद शुल्क लगेगा, जबकि पान मसाला पर 40 प्रतिशत जीएसटी और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगेगा। केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक में सिगार/चुरूट/सिगरेट पर प्रति 1,000 स्टिक पर 5,000 रुपये से 11,000 रुपये तक उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, इसमें अनिर्मित तंबाकू पर 60-70 प्रतिशत और निकोटीन व साँस लेने वाले उत्पादों पर 100 प्रतिशत उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव है।

### राज्यसभा में लगातार....

से जुड़ा मुद्दा है, इसे प्राथमिकता मिले। जबकि सत्ता पक्ष का सभापति से आग्रह था कि सदन की कार्यवाही निर्धारित कार्यसूची के तहत ही आगे बढ़ना चाहिए। शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन इस विवाद ने सत्र के पहले ही दिन सरकार और विपक्ष के बीच गहरी खाई का संकेत दे दिया।संसदीय सत्र हंगामेदार रहेगा इसका भी संकेत मिल गया। विपक्षी दलों के बाहर चले जाने के बाद सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी। कुछ सदस्यों ने अवैध प्रवासन, दिल्ली में वायु प्रदूषण, और बच्चों के स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर ध्यानाकर्षण नोटिस दिए। राजग दलों के विभिन्न सांसदों ने जनहित के अनेक मुद्दों को उठाया भी।

### छत्तीसगढ़ की अंतरिक....

से नोडल अधिकारी इस योजना को आकार देने के लिए नामित कर, सूचित करें ताकि तेजी से इस दिशा में काम किया जा सके। सांसद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री तथा इसरो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह लैब प्रदेश की नई पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच (साइंटिफिक टेम्परामेंट) प्रदान करेगी और उन्हें भविष्य की अंतरिक्ष तकनीकों के लिए तैयार करेगी। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री के विजन 2047 — विकसित भारत को मजबूत करती है। उनके अनुसार, "इस लैब के माध्यम से छत्तीसगढ़ का हर बच्चा अंतरिक्ष विज्ञान को नजदीक से समझ सकेगा। आने वाले वर्षों में देश को हर राज्य से 'एलन मस्क जैसे वैज्ञानिक-उद्यमी' मिलेंगे — और छत्तीसगढ़ इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।" नई स्पेस लैब के जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसके शुरू होने के बाद प्रदेश के छात्रों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान अब किताबों तक सीमित नहीं रहेगा — बल्कि सीधे अनुभवों के रूप में उनके सामने होगा।

### सीहॉक हेलीकॉप्टर की ...

गई है।

**यूं ब्लैकहॉक ने किया लादेन का खात्माः** बताते चलें कि अमेरिका पर 9 सितंबर 2001 को इतिहास का सबसे घातक आतंकी हमला हुआ था। जिसमें कुल करीब तीन हजार लोग मारे गए थे। हमले की साजिश से लेकर इसकी पूरी योजना अलकायदा के आतंकवादी ओसामा बिन लादेन ने बनाई थी। घटना के बाद से अमेरिका ने अफगानिस्तान में युद्ध के आगाज के साथ लादेन की तलाश शुरू की। लगभग एक दशक तक अमेरिकी सेनाओं को चकमा देने के बाद 2 मई 2011 की रात को पाकिस्तान के एबटाबाद में छिपे बैठे ओसामा बिन लादेन को अमेरिका ने ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों द्वारा चलाए गए व्यापक सैन्य अभियान के दौरान मार गिराया।

### 'सीकिंग' की जगह ...

हैं। जो उसके स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के अलावा अन्य जंगी युद्धपोतों पर देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। समझौते के अगले साल 2021 में पहले दो एमएच-60आर हेलीकॉप्टर नौसेना को अमेरिका से मिले थे। 2023 तक छठा हेलीकॉप्टर उसके बेड़े का हिस्सा बन गया। अब तक इन हेलीकॉप्टरों ने मालाबार, सिम्बेक्स, मिलन-24 जैसे युद्धाभ्यासों में भाग लेकर अपनी युद्धक और मारक क्षमता का बखूबी प्रदर्शन किया है।

### दुश्मन की पनडुब्बियों ....

सकता है। क्योंकि ये हेलीकॉप्टर नाइट विजन गॉगल्स और फॉरवर्ड लुकिंग इन्फ्रारेड सुविधाओं से लैस हैं। बीते महीने 28 नवंबर को भारत ने अमेरिका के साथ 24 सीहॉक हेलीकॉप्टरों के बेड़े के पांच साल के सतत समर्थन के लिए 7 हजार 995 करोड़ के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध में हेलीकॉप्टरों के लिए फॉलो-ऑन सप्लाई और उससे जुड़ा पैकेज शामिल है।

# बिजली के दो तरह के उपभोक्ताओं को ही मूलधन पर 25 फीसदी की छूट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



लखनऊ में पावर कॉर्पोरेशन की बिजली बिल राहत योजना 2025 के तहत 100 फीसदी ब्याज माफ होने के बाद बकाया मूलधन पर 25 फीसदी की छूट सिर्फ दो तरह के उपभोक्ताओं को हासिल होगी। इस छूट को पाने के लिए पहले तो एक से दो किलोवाट के घरों एवं एक किलोवाट तक दुकानों के बिल का बकायेदार होना अनिवार्य है। साथ ही, बिजली बिल मूलधन पर 25 फीसदी की छूट पाने के लिए बकोयदार को ब्याज माफ होने के बाद बची रकम को एकमुश्त ही जमा करनी पड़ेगी।

लखनऊ मध्य जोन के अधीक्षण अभियंता (वाणिज्य ) मुकेश त्यागी ने सोमवार को बताया कि दो किलोवाट से ज्यादा लोड के घरों एवं एक किलोवाट लोड से ज्यादा के दुकानों के बकायेदारों मूलधन पर 25 फीसदी की छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने यह बताया कि इस योजना में वहीं बकायेदार छूट के हकदार होंगे, जिन्होंने 31 मार्च 2025 से पहले बिल जमा नहीं किए हैं। उन्होंने बकायेदारों से अपील की, कि जब भी राहत योजना के तहत पंजीकरण कराए जाएं तो केंद्र पर पूरी जानकारी जिससे छूट का सही फायदा हो सके।

### 4 तस्कर दबोचे गए

# झारखंड में 45 लाख की अवैध विदेशी शराब जब्त

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड में 45 लाख की अवैध शराब की खेप के साथ चार लोगों को जामताड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह का भांडा फोड़ा, तो मालुम हुआ कि ये लोग शराब को तस्करी कर पड़ोसी राज्य बिहार ले जा रहे थे। गिरोह ने पड़ोसी राज्य को निशाना बनाया था, जहां तीन वाहनों के जरिए शराब की खेंप पहुंचाई जानी थी, लेकिन इससे पहले ही भांडा फूट गया और तस्करों सहित माल जब्त कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक राज कुमार मेहता ने बताया कि जामताड़ा पुलिस ने चलाए गए विशेष अभियान में अवैध नकली विदेशी शराब की बड़ी खेप को बिहार भेजे जाने से पहले ही पकड़कर तस्करों के मंसूबे नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि गोविंदपुर से नारायणपुर थाना क्षेत्र के पांडेयडीह मोड़ होते हुए तीन वाहनों से भारी मात्रा में शराब तस्करी की जा रही थी। एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागुरी के नेतृत्व में टीम ने पांडेयडीह मोड़ पर जांच अभियान चलाया, जिसके दौरान डीसीएम गाड़ी (डब्ल्यूबी -51सी-5752) और उसके साथ चल रही ह्युंडई औरा (जेएच 09-एडब्ल्यू -1734) तथा मारुति सुजुकी स्विफ्ट (जेएच10-डीसी -4782) को रोका गया।

नई दिल्ली मंगलवार
2 दिसंबर 2025

हरिभूमि सहेली



अपने प्रोफेशन में सक्सेसफुल होने के लिए जरूरी है, अपने वर्क पर फोकस्ड रहें, समय पर टार्गेट अचीव करें और उन आने वाली बाधाओं का आपको आभास हो, जो भविष्य में आ सकती हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि बदले समय के अनुसार आप टेक स्मार्ट भी बनें। लेकिन कुछ लोग ऐसा कर नहीं पाते। इसके लिए जरूरी है, अपने वर्क को सही ढंग से मैनेज करें, यह कैसे संभव है, जानें।

# ऐसे मैनेज करें वर्क समय पर अचीव होंगे टार्गेट

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

उस दिन सुनीता अपनी कुलीग कामिनी से बोली, 'यार सब बोलते हैं, बड़े सपने देखो, बड़ा सोचो, अपने टार्गेट बड़े रखो। तभी बड़ी सक्सेस पाओगी, लेकिन मैंने तो सब कुछ करके देख लिया। रोज अपने वर्क की लिस्ट बनाती हूं। सुबह से रात तक पूरी मेहनत से काम करती हूं। इसके चलते फैमिली और फ्रेंड्स को टाइम नहीं दे पाती, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात।' अपनी बात कहकर सुनीता ने कामिनी से यह भी जानना चाहा, 'तुम सब कुछ कैसे मैनेज कर लेती हो, जो फैमिली को भी टाइम देती हो और अपने प्रोजेक्ट भी समय पर कंप्लीट कर लेती हो और तुम्हारा प्रमोशन भी हो जाता है?' कामिनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'सुनीता, न तो यह बहुत कठिन है, न असंभव। बस तुम्हें अपने रोज के वर्क-टार्गेट की लिस्ट बनाकर अपनी टीम, टाइम और टेक्नोलॉजी के साथ कॉर्डिनेट करना होगा, टालू टेकनीक से दूर रहना होगा।' यहां एक बात और समझनी चाहिए कि व्यक्ति अपने जीवन के सभी लक्ष्यों को तभी आसानी से अचीव कर सकता है, जब वह उन इच्छाओं को छोड़ दे, जो उसके मिशन के अपोजिट हों। जी हां, अगर आप कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान रखें तो अपने सभी काम टाइम से मैनेज कर सकती हैं, आसानी से अपने लक्ष्य पूरे कर सकती हैं।





## डालें सपोर्ट लेने की आदत

सबसे पहले आपको अपनी सभी जिम्मेदारियों की समीक्षा करनी होगी। इसके लिए आपको तय करना होगा, कौन से काम आपको खुद करने हैं, कौन से काम आपको अपनी टीम को सौंपने हैं, ताकि आप बेहतर तरीके से सभी काम तय सीमा में पूरे कर सकें। साथ ही आप यह जानें कि कौन से कामों की जिम्मेदारी दूसरों को देने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी और कौन-से काम आपको स्वयं करना चाहिए?

## बेवजह बिजी न रहें

आप दूसरों के कामों में न उलझें। बेवजह लोगों से मिलना-जुलना बंद करें। गैरजरूरी मीटिंग्स से दूर रहें ताकि आपका समय बर्बाद न हो। जब-तब मीटिंग्स अटेंड न करें। अगर किसी मीटिंग में आपकी मौजूदगी जरूरी नहीं है तो उसमें से खुद को हटा लें। ऐसा करने से आपका अतिरिक्त बोझ हल्का हो जाएगा, आप अपने मुख्य काम पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी।

### टेक स्मार्ट बनिए

आज के समय में स्मार्टफोन और इंटरनेट ने दूरियां कम कर दी हैं। टेक सेवी व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ा दी है। पहले आपको किसी व्यक्ति से मिलकर ही सब बातें करनी होती थीं, मीटिंग के लिए दूर जाना पड़ता था, पेमेंट के लिए बैंक जाना पड़ता था, इसमें समय खर्च होता था। अब आप अपनी डेस्क पर बैठकर एनईएफटी, आरटीजीएस या यूपीआई से पेमेंट कर सकती हैं। वीडियो कॉल या जूम मीटिंग से एक साथ कई लोगों के साथ डिस्कस कर सकती हैं। ई-मेल, व्हाट्स एप से डॉक्यूमेंट, फोटो, सैंपल भेज सकती हैं। जहां फिजिकल सैंपल भेजना हो, वहां पोर्टर एप के माध्यम से भेज सकती हैं। इसलिए टेक स्मार्ट बनिए, समय के साथ चलिए।



## खुद को दें वक्त

एनर्जी री-स्टोर करने के लिए खुद को थोड़ा आराम देने के लिए टाइम निकालें। काम के बीच में ब्रेक लेना, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना या अपने शौक पूरे करना भी जरूरी है। इससे आप अधिक ऊर्जावान होकर स्पष्ट सोच पाएंगी, भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगी।

## विभिन्न लक्ष्यों में सामंजस्य जरूरी

विभिन्न लक्ष्यों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए आप अपने सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उन्हें हासिल करने वाली गतिविधियों को साफ-साफ डायरी में लिख लीजिए, इसके बाद यह समझने की कोशिश करें कि कौन से लक्ष्य आपस में जुड़े हैं, एक-दूसरे की पूर्ति करते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका लक्ष्य फिट रहना और स्टडी में भी अच्छा प्रदर्शन करना है तो नियमित व्यायाम दोनों में मदद करेगा। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और स्टडी के लिए एनर्जी भी देगा। इसी तरह जब आप अपने दोनों लक्ष्यों के सामंजस्य को पहचान लेंगी तो आपकी छोटी-सी मेहनत भी एक साथ कई बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी।

## इच्छाओं के जाल में न उलझें

हर इच्छा, लक्ष्य नहीं हो सकती। कई बार मन में उपजे विचार सिर्फ प्रलोभन होते हैं, जो आपकी मेहनत को बर्बाद करते हैं। इसलिए आत्म-नियंत्रण बेहद जरूरी है, ऐसी अनुत्पादक, निरर्थक इच्छाओं को समय रहते पहचानना और उनसे जितना संभव हो दूर रहना बेहद जरूरी है।

## बाधाओं का अंदाजा रखें

जब आप कोई लक्ष्य निर्धारित करें तो उसके रास्ते में आने वाली संभावित बाधाओं का पहले से अंदाजा लगाएं। ऐसा करने से आप विचलित होने की बजाय, अपने मुख्य उद्देश्यों पर ही टिकी रहेंगी। संघर्ष करने से कभी हिचकेंगी नहीं, अपना मनचाहा टार्गेट पा लेंगी। ❀

# भविष्य में बच्चे तभी सुनेंगे आपकी जब बचपन में आप सुनेंगे उनकी

बहुत से अभिभावक अपने बच्चों की बातों पर ध्यान नहीं देते, उनकी उलझनों और सवालों को इग्नोर कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ता है। जो वर्षों बाद अभिभावक को बच्चों से मिलने वाली उपेक्षा के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों की हर बात को पूरे ध्यान से सुनें।


परवरिश

**कृति आर. के. जैन**



अगर किसी दिन आपका बच्चा आकर आपसे कहे, 'मम्मी, मुझे आज स्कूल नहीं जाना।' इस पर आप बिना इसकी वजह पूछे, बस उससे कह देती हैं, 'नहीं कोई बहाना नहीं चलेगा, चुपचाप तैयार होकर स्कूल जाओ।' तो उस क्षण आप भले सोचें कि आप बच्चे को अनुशासित रख रही हैं। लेकिन ऐसा बार-बार करने से बच्चे के मन में आपके प्रति भरोसे का छोटा-सा दरवाजा बंद हो रहा होता है। समय बीतता है, बच्चा बड़ा होता है। किशोरावस्था के किसी मोड़ पर वह अपने कमरे में खुद को बंद कर लेता है। चुप, उलझा हुआ, भीतर ही भीतर टूटता हुआ। आप बाहर खड़ी होकर बार-बार पुकारती हैं, 'क्या हुआ बताओ बेटा?' लेकिन तब तक वह दरवाजा लकड़ी का नहीं रह जाता। वह अनकही बातों, दबी भावनाओं की मोटी दीवार बन चुका होता है।

दरअसल, जो अभिभावक अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों को, उनकी उलझनों को नहीं सुनते, वे बच्चे बड़े होने पर अपने पैरेंट्स की बातें, उनकी हिदायतें कुछ नहीं सुनते।



**समझाने से पहले उन्हें समझें:** हम अकसर मान लेते हैं कि बच्चों को समझाना हमारा अधिकार है, जबकि सच यह है कि उन्हें समझना हमारा सबसे बड़ा फर्ज है। जब सात-आठ साल की बेटी कहती है, 'मां, मुझे यह फ्रॉक पसंद नहीं।' इस पर अगर आप जवाब देती हैं, 'पहनो इसे, इतने पैसे खर्च करके खरीदा है।' तो आप सिर्फ कपड़े की नहीं, उसकी पसंद, उसकी पहचान और उसकी इच्छा की कीमत कम कर देती हैं। वही बेटी जब बड़ी होकर पैरेंट्स के पसंद के किसी रिश्ते से इंकार कर देती है या करियर की राह अपने मन से चुन लेती है तो पैरेंट्स को लगता है कि वह हमारे बारे में नहीं सोचती। सच यह है कि हमने उसके लिए सोचना कभी सीखा ही नहीं था। सुनना सिर्फ कान खोलना नहीं, दिल खोलना भी होता है। अगर आप मोबाइल में बिजी हैं, और आपका बच्चा आपसे कुछ कह रहा है तो मोबाइल को एक मिनट के लिए साइड में रख देने से कोई बहुत बड़ा काम नहीं बिगड़ जाएगा। लेकिन उसकी बात ध्यान से अगर आप सुनती हैं तो वह बच्चा यह समझ जाता है कि उसकी भावनाएं, उसकी बातें और उसकी मौजूदगी की उसके अभिभावक की नजर में बहुत कीमत है। इससे उसके भीतर कहीं संस्कार भी निर्मित होता है कि अपनों की बात को सुनना चाहिए।

**बचपन का भरोसा रहता है उम्र भर:** जिस बच्चे की आवाज को बचपन में जगह मिलती है, वह किशोरावस्था की दहलीज पर पहुंचकर न तो भावनाओं को छुपाता है, न ही विद्रोह की आग में जलता है। वह खुलकर बताता है। दोस्तों की गलत संगत से लेकर पहले प्रेम की घबराहट तक, करियर की उलझनों से लेकर मन में उठती बेचैनी तक, सब कुछ। जिस बच्चे की छोटी-सी बात आज आप धैर्य से सुन लेते हैं, वही बच्चा कल आपकी सबसे बड़ी परेशानी में आपके लिए सबसे भरोसेमंद साथी बन जाता है।

**बिना रोके-टोके सुनें उसकी बात:** अगर आज हम अपने बच्चे की बात को हंसकर, टालकर, 'अरे, बच्चों की बातें हैं।' कहकर किनारे कर देंगे, तो आने वाले वर्षों में वही बच्चे हमारी बात को 'बूढ़ों की जिद' कहकर हवा में उड़ा देंगे। उस दिन हमें हमारा ही घर कैसा लगेगा? उस दिन हमें बहुत तकलीफ होगी यह सोचकर कि हमारे बच्चे हमारी ही नहीं सुनते लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि उनके बचपन में संवाद का पुल तो हमने ही तोड़ दिया था। कभी-कभी पूरे भविष्य की दिशा एक ही पल तय कर देता है। इसलिए आज अपने आप से वादा कीजिए, जब आपका बच्चा कुछ कहे तो बीच में रोके-टोके बिना, उसकी पूरी बात सुनिए, क्योंकि बचपन में मिलने वाला यह सुनने का छोटा-सा मौका, जो आज बेहद साधारण लगता है, वही कल रिश्तों को मजबूत रखने वाला सबसे बड़ा आधार बनता है। ❀

# क्या आप कर चुकी हैं अपने घर को विंटर रेडी!

सजेशन

**मधु सिंह**

जिस तरह से गर्मी के मौसम में गर्माहट का कम एहसास हो, इसके लिए हम अपने घर में कई बदलाव करते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं, इनसे ठंड का एहसास कम होगा। इन छोटे-छोटे और ईजी बदलावों के बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगी।

सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। सुबह और शाम ज्यादा ठंडी महसूस होती है। दिन छोटे होने के कारण शाम को अंधेरा जल्दी होता है। घर से बाहर रहने पर बस मन करता है कि जल्द से जल्द घर में पहुंच जाएं। लेकिन घर में गर्माहट का एहसास तभी होगा, जब आप अपने घर को विंटर रेडी बनाएंगी, अपनी जीवनशैली में जरूरी बदलाव करेंगी। सर्दी के आने वाले दिनों के लिए जब खूब ठंड पड़ेगी, उसके लिए अपने घर को इस तरह तैयार कर लें, जो आपके लिए आरामदायक हो।

**ऐसे बनी रहेगी गर्माहट:** गर्मी के मौसम में जहां हल्के कूलिंग इफेक्ट वाली कॉटन ड्रेसेस की फर्निशिंग जरूरी होती है। ठीक इसके विपरीत सर्दी के मौसम में वुलेन बेडशीट, पर्दे, रग्स, सोफा कवर, तकिए के गिलाफ, कुशन कवर हों तो वे गर्मी को रोकते हैं और कमरे की गर्माहट को बनाए रखते हैं। ऊनी कालीन एक प्राकृतिक इंसुलेटिंग एजेंट की तरह काम करता है। इनसे हम सर्दियों में कमरे को ज्यादा आरामदायक बनाकर ऊर्जा की खपत कम करके कमरों को गर्म रख सकते हैं।

**बेडरूम में मिले कोजी फील:** सर्दी के मौसम में हम सभी का बेडरूम में ज्यादा समय बीतता है। इसलिए जितना संभव हो, उसमें बदलाव करना चाहिए। गर्मियों के लिए हल्के बिस्तर की जगह, वुलेन बेडशीट, पिलो कवर, रग्स, कालीन, पर्दों का इस्तेमाल करें ताकि कमरों में गर्मी बनी रहे। आप रात भर आराम से सो सकें और बेडरूम के लुक को भी खूबसूरत बना सकें। इसके लिए गहरे रंगों की बेड शीट्स, कुशन कवर और पिलो कवर का इस्तेमाल करें, जो गर्माहट लाने में हेल्प करते हैं।

**दरवाजे-खिड़कियों में बदलाव:** सर्दी के दिनों में कमरे की ज्यादातर गर्मी, खिड़की और दरवाजों से निकलती है, इसलिए उन्हें प्लास्टिक की सीलिंग से या बोर्ड से सील करवा दें। उन पर मोटे फैब्रिक वाले पर्दे लगाएं। पर्दे ऐसे होने चाहिए कि धूप और गर्मी अंदर आ सके और जो रात में ठंड को अंदर आने से रोक सके। शाम के बाद दरवाजे और खिड़कियों को बंद करके रखें। बाहर की ओर खुलने वाले दरवाजों की दरारों को सील करवाएं ताकि घर में गर्माइश बनी रहे।




### तैयार कर लें वार्म ड्रेसेस

आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड के लिए मोटे फैब्रिक की ड्रेसेस और कंबलों को तैयार रखें। अगर उन्हें ट्रंक या दीवान में स्टोर करके रखा गया है, तो उनको धूप लगवाने के बाद ही इस्तेमाल करें। टोपी, दस्ताने, मोजे और घर के अंदर पहनने के लिए ऐसी चप्पल मंगवा लें, जो पैरों को गर्म रख सकें। हाथ पैर और सिर से ज्यादा ठंड लगती है। इसलिए वुलेन मोजे, दस्ताने और कैप भी निकाल लें।

**पोर्टेबल स्टोव:** जब ठंड ज्यादा बढ़ती है तो आग तापने से बड़ी राहत मिलती है। तापमान गिरने पर आप चाहें तो पोर्टेबल इलेक्ट्रिक हीटर या गैस स्टोव को किचेन के बजाय कहीं अन्य सुविधाजनक स्थान पर रखकर खाना बना सकती हैं, इससे घर को गर्म रखा जा सकता है।

**वैकल्पिक तरीके भी आजमाएं:** सर्दी के दिनों में जब पावर कट ज्यादा होता है तो ऐसे में इलेक्ट्रिक से चलने वाले इंस्ट्रूमेंट्स जैसे हीटर और ब्लोअर यूज नहीं हो पाते हैं। ऐसे में अपने घर को गर्म बनाए रखने के वैकल्पिक तरीके भी रेडी रखें। वार्म पैड या फायर प्लेस को दुरुस्त रखें, ये बिजली की तुलना में सस्ते तो होते ही हैं, बिजली न होने पर ठंड से परेशान होने की बजाय इनके इस्तेमाल से घर को गर्म रखा जा सकता है। यहां बताए गए इन तमाम उपायों को आजमा कर आप अपने घर के वातावरण को आसानी से गर्म रख सकती हैं। ❀

# इस मौसम में ऐसे करें बालों की देखभाल



हेयर केयर

**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

सर्दी के मौसम में कम तापमान की वजह से बालों में खुश्की बढ़ जाने से बाल काफी खराब हो जाते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग बालों को धोने के लिए गर्म पानी का उपयोग करते हैं। इससे बालों में खुश्की हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि सर्दी के मौसम में गुनगुने पानी का उपयोग करें और गर्म पानी से नहाने से परहेज करें। जिससे बालों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। गर्म पानी बालों से प्राकृतिक तेल सोख लेता है, जिससे बाल शुष्क हो सकते है। इसके साथ ही डेंड्रफ और स्कैल्प में खुजली की समस्या भी हो सकती है। सामान्य तापमान के और गुनगुने पानी से नहाने से बालों में नमी बरकरार रहती है और बाल मुलायम, चमकदार बने रहते हैं।

**कंडीशनर का यूज करें:** सर्दी के मौसम में ऐसे शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें, जो बालों को नमी प्रदान करते हों। इन उत्पादों में एलोवेरा, शिया बटर और किरेटिन आदि तत्वों से बालों को पोषण मिलेगा और बालों में नमी बरकरार रहेगी। सर्दियों में लाइट वेट हाइड्रेटिंग सीरम और लीव इन कंडीशनर के उपयोग से बालों में नमी बनी रहेगी और बाल मुलायम बने रहेंगे। अल्कोहल और सल्फेट युक्त शैंपू या कंडीशनर बालों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।



**नारियल तेल:** बालों में लगातार खुश्की की वजह से डेंड्रफ की समस्या गंभीर हो जाती है। डेंड्रफ और दो मुंहे बालों की समस्या से निपटने के लिए गर्म तेल से मालिश काफी लाभदायक साबित होती है। सप्ताह में एक या दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगाएं। इसके बाद एक तौलिए को गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और 5 मिनट तक सिर पर बांध लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहरा लीजिए और तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए। अगर आपके बालों में डेंड्रफ है तो अगली सुबह सिर में नीबू का रस लगाकर 15 मिनट बाद बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए हल्के गर्म पानी का ही प्रयोग करें। शैंपू करने के बाद पानी के मग में दो चम्मच सिरका डालकर बालों को धो लें फिर अच्छे तरीके से साफ पानी से भी बालों को धो डालें।

**मसाज जरूर करें:** रूखापन बढ़ने की वजह से बालों में नमी और तैलीयपन में कमी आ जाती है। इससे बालों में पोषाहार की जरूरत ज्यादा बढ़ जाती है। बालों में नारियल तेल की मालिश से बालों को पोषाहार मिलता है। यदि आप नारियल तेल लगाकर हल्की-हल्की मालिश करती हैं तो इससे बालों की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है। बालों को हल्के से तेल से मालिश करने के लिए केवल फिंगर टिप्स का ही सहारा लीजिए और सिर को हल्के-हल्के से विभिन्न दिशाओं में घुमाइए। इससे बालों की कोशिकाओं में अच्छी तरह ब्लड फ्लो होता है। तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए और अगले दिन सुबह बालों को गुनगुने पानी से धो डालिए। बालों को तौलिए से रगड़ने की बजाय, तौलिए को सिर पर बांधें ताकि बालों में मौजूद पानी तौलिए में समा जाए। अगर बाल शुष्क और नाजुक हों तो ड्रायर का यूज न करें। बालों को प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। अगर आप हेयर ड्रायर का उपयोग करती है तो उसे बालों से कम से कम 10 इंच दूरी पर रखें। ❀

# जब जाएं वर्केशन पर रखें इन बातों का ध्यान

एडवाइस

**प्रतिभा अग्निहोत्री**

वर्क फ्रॉम होम करने वाले यंगस्टर एक जगह काम करते ऊब जाते हैं, इसलिए वे अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर काम करना पसंद कर रहे हैं। अगर आप भी वर्केशन पर जा रही हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, जानें।

इंग्लिश वर्ड वर्क-वेकेशन से मिलकर बना यह शब्द 'वर्केशन' आज की जेन जी यंगस्टर्स का सबसे फेवरेट शब्द है, जिसमें वे एक जगह रुककर काम करने के स्थान पर अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर ऑफिस वर्क करते हैं। आजकल अधिकांश कंपनियों ने अपने एंप्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम दे दिया है, जिसके कारण वे एक कमरे में बैठकर काम करते हैं। निरंतर एक ही स्थान पर काम करने के कारण धीरे-धीरे उन्हें काम और जगह दोनों से ही बोरियत होना शुरू हो जाती है, फिर उनका काम में मन नहीं लगता। इस बोरियत से बचने के लिए यंगस्टर अपना लैपटॉप और ऑफिस का अन्य जरूरी सामान लेकर दूर-दराज के टूरिस्ट प्लेस पर चले जाते हैं, वहां रहकर वर्किंग ऑवर में काम करते हैं, शेष समय में वे आस-पास की जगहों पर घूमते हैं। इस तरह वे वर्क और वेकेशन दोनों एक साथ कर लेते हैं। यदि आप भी वर्केशन पर जाने का प्लान कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें-



**समय से कर लें बुकिंग:** जिस भी जगह पर आप जाने का प्लान कर रही हैं, उसका प्लान पहले से बनाएं और समय रहते, रहने की बुकिंग कर लें ताकि आप निश्चिंत होकर अन्य तैयारियों पर ध्यान दे सकें।

**नेटवर्क है बहुत जरूरी:** चूंकि आजकल सारे काम इंटरनेट के माध्यम से होते हैं, इसलिए स्थान चुनने से पहले वहां नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें, क्योंकि कुछ पर्यटक स्थलों पर नेटवर्क की बहुत प्रॉब्लम रहती है। नेटवर्क न होने पर आपका काम प्रभावित हो सकता है।

**जानकारी लेकर और देकर जाएं:** जिस स्थान पर आप जा रही हैं, उसकी पूरी जानकारी यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम या फिर अपने परिचितों से लेकर जाएं, ताकि आप अपनी तय जगह पर जाकर काम करने के साथ-साथ सुगमता से घूम भी सकें। अपने परिवारजनों और मित्रों को गंतव्य स्थल की पूरी जानकारी देकर जाएं ताकि आपात स्थिति में आपसे संपर्क किया जा सके।

**पैरेंट्स को यूं करें तैयार:** अकसर अविवाहित युवा बेटियों को इस तरह से अकेले वर्केशन पर भेजने के लिए पैरेंट्स तैयार नहीं होते, ऐसे में विरोध करने की बजाय उन्हें प्यार से वर्केशन के बारे में डिटेल जानकारी दें ताकि वे खुशी-खुशी मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

**बजट का रखें ध्यान:** चूंकि वर्केशन के दौरान आप अधिक समय तक एक ही जगह पर रहती हैं, इसलिए बजट फ्रेंडली प्लेस का सेलेक्शन करना बहुत जरूरी है ताकि आप कम खर्चे में वर्केशन एंज्वॉय कर सकें।

**जरूरी उपकरण लेकर जाएं :** रोमिंग सिम कार्ड, पावर बैंक, मोबाइल और लैपटॉप का चार्जर आदि अपने साथ लेकर जाएं।

**जरूरी दवाएं साथ रखें:** यदि आप कोई मेडिसिन लेती हैं तो उसे पर्याप्त मात्रा में लेकर जाएं। इसके साथ-साथ बुखार, पेटदर्द, सिरदर्द और वॉमिटिंग की दवाएं भी अपने साथ जरूर लेकर जाएं ताकि जरूरत पड़ने पर आप उनका उपयोग कर सकें। ❀

आरोपी ट्राला चालक मौके से फरार, नेशनल हाइवे एनएच-49 का मामला

# ट्राले ने मारी हार्वेस्टर को टक्कर, हार्वेस्टर के चालक की मौके पर मौत

रायगढ़ से चांपा राखड़ खाली कर वापस लौट रहा तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर हार्वेस्टर में जा भिड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में नेशनल हाईवे एनएच-49 पर बनवारी वाटिका के पास रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े हार्वेस्टर को इतनी तेज टक्कर मारी कि हार्वेस्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोविंद यादव (45 वर्ष) निवासी सोनपैरी, थाना मंदिर हसौद, रायपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गोविंद यादव हार्वेस्टर से फसल कटाई का कार्य कर रहे थे। यह हार्वेस्टर रायपुर निवासी तोपेश्वर बघेल का बताया गया है, जिसे राजेंद्र सरवानी द्वारा किराए पर चलवाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रायगढ़ से चांपा राखड़ खाली कर वापस लौट रहा ट्रेलर तेज रफ्तार में था और अनियंत्रित होकर सीधे खड़े हार्वेस्टर में जा भिड़ा। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोविंद यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सक्ती पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और ट्रेलर व हार्वेस्टर को जब्त कर लिया है।

## बाइक की टक्कर से मासूम की मौत

इधर, भानपुरी थाना क्षेत्र के मुण्डागांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से छह वर्षीय मासूम की उपचार के दौरान मौत हो गई। यह दुखद हादसा तब हुआ जब बच्चा अपनी बस से उतरकर घर की ओर जा रहा था। मुण्डागांव निवासी लखमू अपने 6 वर्षीय बेटे लव के साथ बस से नगरनार स्थित अपने परिजनों से मिलने गया था।

वापसी पर, जैसे ही वे मुण्डागांव बस स्टैंड पर उतरा, विपरीत दिशा से आ रही एक बेलगाम बाइक ने लव को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद, बाइक सवार मौके से फरार हो गया। लव



गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों और उसके पिता लखमू ने तत्काल सहायता प्रदान की और उसे बेहतर उपचार के लिए भानपुरी के अस्पताल ले जाया गया। वहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे मेकाज (मेकाहारा स्पेशलिटी हॉस्पिटल) रेफर कर दिया गया। मेकाज में कई घंटों के गहन उपचार के बावजूद, लव की जान नहीं बचाई जा सकी। आज सुबह, उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। इस खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआरः आदिवासी वोट काटने का आरोप



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर बड़ा हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि धार सहित आदिवासी बाहुल्य जिलों में योजनाबद्ध तरीके से आदिवासी मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। सिंघार ने दावा किया कि धार कलेक्टर ने प्रशासन को मौखिक रूप से रकफ फॉर्म रोकने के निर्देश दिए हैं। ताकि मजदूरी के लिए बाहर गए आदिवासी मतदाताओं को शिफ्टेड वोटर बताकर सूची से हटाया जा सके।

### 'गीलू मॉन्स्टर' दूर करेगा बच्चों की नमी

**दुर्ग।** छोटे बच्चों के पेरेंट्स अक्सर यह अनुभव करते हैं कि डायपर बदलने के बावजूद बच्चों की नाजुक त्वचा पर नमी रह जाती है। इसी समस्या को मज़ेदार अंदाज़ में सामने लाने के लिए हग्गीज़ इंडिया ने नया कैम्पेन 'गीलू मॉन्स्टर' लॉन्च किया है।इस कैम्पेन में एक शरारती और प्यारा किरदार 'गीलू मॉन्स्टर' पेश किया गया है, जो छुपी हुई नमी को मज़ेदार तरीके से दिखाता है। किम्बर्ली-क्लार्क इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर श्वेता विग ने कहा, यह महज़ एक मज़ेदार विचार ही नहीं है, बल्कि यह पेरेंट्स की उस वास्तविक चिंता को छूता हैं। यह कैम्पेन मनोरंजक भी है और समझ बढ़ाने वाला भी, और यही कोशिश रही है कि हर एक अनुभव में इनोवेशन और सहानुभूति शामिल रहे।

ये वो इलाका, जहां बड़ी मात्रा में मौजूद डायस्फोर-पायरोफिलाइट जैसे बेशकीमती खनिज

# करोड़ों का खनन रोका, खनिज निगम के अफसरों के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कंपनी के पास खनिज भंडारण का लाइसेंस ही नहीं तो ओम कंस्ट्रक्शन ने खनिज ढुलाई और भंडारण का काम, पेटी कांट्रेक्ट पर एक अन्य फर्म गजानन कंस्ट्रक्शन को सौंप दिया

वन विभाग ने टीकमगढ़ जिले के कारी वन क्षेत्र में खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इस मामले में मध्यप्रदेश खनिज निगम के स्थानीय अफसरों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किया गया है। यह वह इलाका है, जहां पर डायस्फोर और पायरोफिलाइट जैसे बेशकीमती खनिज बड़ी मात्रा में हैं। इनके खनन को लेकर मध्यप्रदेश खनिज निगम ने साल 1999 में वन विभाग से अनुबंध किया था। यह अनुबंध 60 सालों के लिए था।

इसके तहत वन विभाग ने कारी वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 48 में 5 हेक्टेयर का पट्टा मध्यप्रदेश खनिज निगम के नाम स्वीकृत किया गया था। खनिज निगम ने बाद में स्वीकृत खदान को ओम कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को आवंटित कर दी। सूत्रों की माने तो संबंधित कंपनी के पास खनिज भंडारण का लाइसेंस ही नहीं है। इसके चलते ओम कंस्ट्रक्शन ने खनिज ढुलाई और भंडारण का काम, पेटी कांट्रेक्ट पर एक अन्य फर्म गजानन कंस्ट्रक्शन को सौंप दिया। इस तरह यह खदान एक से दूसरे और दूसरे से तीसरे ठेकेदार के हाथ में चली गई। डीएफओ परमार ने स्वीकृत खदान से खनिज की खुदाई व इसके परिवहन पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उन्होंने खनिज निगम के अफसरों को पत्र लिखकर खदान का नए सिरे से सीमांकन कराने के निर्देश भी दिए हैं। परमार ने पत्र में लिखा कि मौके पर की गई जांच में स्वीकृत खदान सीमाकंन के लिए लगाई। गई मुनारे गायब मिली हैं।

- ***डायस्फोर और पायरोफिलाइट बेशकीमती खनिज निकालने में निगम और कंपनियों की गड़बड़ी उजागर***
- ***डीएफओ परमार ने स्वीकृत खदान से खनिज की खुदाई व इसके परिवहन पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी***



फाइल फोटो।

### गड़बड़ी अवैध, खुदाई के साक्ष्य नहीं

वन मंडल अधिकारी राजाराम परमार किसी तरह की गड़बड़ी से इंकार करते हैं। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में सड़क निर्माण का जो बजट स्वीकृत हुआ है, उससे कारी क्षेत्र की दूसरी बीट में सड़क बनाई जानी है। जहां तक अवैध खनन की बात है, तो वह फिलहाल अतिक्रमित क्षेत्र पर खनन से निकला खनिज का मलबा सालों से पड़ा है। यह पहाड़ी इलाका है, यदि इस स्थान पर खुदाई के साक्ष्य मिलते हैं, तो इसे लेकर भी कार्रवाई की जाएगी।

### विधानसभा में गूंजा तब चेता वन विभाग

खनिज निगम ने खदान तो आवंटित कर दी, लेकिन निगरानी व्यवस्था में कोताही बरती। नतीजा यह हुआ कि ज्यादा मुनाफे के फेर में पेटी कांट्रेक्टर ने स्वीकृत खदान से बाहर जाकर खुदाई शुरू कर दी। यह मामला राज्य विधानसभा में भी गूंजा था। कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह ने सदन में इस पर सवाल उठाए। इसके बाद वन विभाग की नींद खुली और अब प्रतिबंध लगाया है।

### क्षेत्र में कागजी सड़क बनाने की तैयारी

खनिज परिवहन के लिए ठेकेदार कंपनी ने कारी क्षेत्र के बीट नंबर 15 में खड़ंजा और मुरम की सड़क तैयार की है, जो खदान से वन क्षेत्र समाप्ति तक है। सूत्रों का दावा है कि वनमंडल कार्यालय ने इसी सड़क को प्रस्तावित पहुंच मार्ग बताकर एक नया प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा था। वह प्रस्ताव स्वीकृत भी हो चुका है। इसके निर्माण की राशि भी वन मंडल को मिल चुकी है। अब सिर्फ कागजों पर नई सड़क बनाना बताया जा रहा है।

### टीकमगढ़ डीएफओ ने कराई एफआईआर

अवैध खनन का मामला सदन में गूंजने व मुख्यालय को हुई शिकायत के बाद मामले की जांच हुई। इसमें स्वीकृत खदान के अलावा करीब पौने तीन हेक्टेयर रकबे में अतिक्रमण होना पाया गया। इसे लेकर डीएफओ राजाराम परमार ने अनुबंध कर्ता मध्यप्रदेश खनिज निगम के स्थानीय उप प्रबंध व प्रभारी अधिकारी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) ज के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करा दिया है।

**नजरअंदाज किया जा रहा अवैध खनन**

सूत्रों का दावा है कि वन विभाग की ओर से की गई इस जांच में भी खेल हुआ है। विभाग ने स्वीकृत खदान के अलावा 2.62 हेक्टेयर वन क्षेत्र में अतिक्रमण तो बताया है, लेकिन इस क्षेत्र में हुए अवैध खनन की बात छुपा ली है। दरअसल जांच में अवैध खनन सामने आने पर संबंधित कंपनी को भारी जुर्माना अदा करना पड़ता है।

भाजपा पदाधिकारियों ने सुना कार्यक्रम

# सीएम ने उज्जैन, प्रदेशाध्यक्ष ने इंदौर में सुनी 'मन की बात'



'मन की बात' सुनते सीएम

-विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में सामूहिक विवाहोत्सव स्थल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इंदौर एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने देवास के बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इसके साथ ही प्रदेशभर में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ उज्जैन के सांवरा खेड़ी स्थित सामूहिक विवाहोत्सव स्थल पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दुर्गादास उइके, मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर मौजूद रहे।

## विधायक रामेश्वर ने बूथ 114 पर सुनी पीएम के 'मन की बात'



'मन की बात' सुनते विधायक।

**भोपाल।** विधायक रामेश्वर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का हुजूर विधानसभा के हरिहर नगर फंदा के बूथ क्रमांक 114 पर सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गीता का संदेश भारत ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत : मुख्यमंत्री

# कुरुक्षेत्र में गूंजे भागवत गीता के श्लोक 21 हजार बच्चों ने किया वैश्विक पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में भव्य और ऐतिहासिक वैश्विक गीता पाठ आयोजित किया गया। इस सामूहिक पाठ में 21 हजार बच्चों ने एक स्वर में गीता के श्लोकों का उच्चारण कर वह दिव्य दृश्य प्रस्तुत किया, जिसने पूरे वातावरण को ज्ञान, भक्ति और अध्यात्म से सराबोर कर दिया। इस अभूतपूर्व सहभागिता ने वसुधैव कुटुम्बकम्‌ की भारतीय अवधारणा को साकार रूप दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में वैश्विक गीता पाठ में भाग लेने वाले स्कूली छात्रों के लिए मंगलवार को विशेष अवकाश की भी घोषणा की। इस अवसर पर योग गुरु बाबा रामदेव और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी एवं गीता जयंती के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्री कृष्ण से नागरिकों के जीवन को ज्ञान के आलोक से आलोकित करने की प्रार्थना की।




### योग गुरु बाबा रामदेव बोले पवित्र ग्रंथ गीता में ज्ञान, आधुनिक विज्ञान, विरासत और विकास का मार्ग निहित

योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र से पूरे विश्व को ज्ञान और संस्कार मिल रहा है। इस पवित्र ग्रंथ गीता में विरासत, विकास, ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का मार्ग मिलता है। इसलिए प्रत्येक मानव को बड़ी सोच रखकर कड़ी मेहनत से आगे बढ़ना चाहिए। इस पवित्र ग्रंथ गीता से वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग भी मिलेगा। इस देश को विकसित राष्ट्दूर बनाने के लिए युवा पीढ़ी का अहम योगदान रहेगा। इसलिए युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से अंतर्राष्ट्द्रीय गीता महोत्सव जैसे बड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ वैश्विक गीता पाठ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बधाई के पात्र है जो अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे आयोजनों को लगातार प्रमोट कर रहे है।

## विद्यार्थियों के अष्टादशी श्लोकों के जाप से गूंजा आकाश



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि इसी शुभ तिथि पर 5163 वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को श्रीमद्भगवद् गीता का दिव्य उपदेश दिया, जिसका संदेश आज भी संपूर्ण मानवता के लिए पथ प्रदर्शक है। आज 21 हजार विद्यार्थियों द्वारा अष्टादशी श्लोकों के जाप से आकाश गूंज उठा है। यह गर्व की बात है कि आज भारत के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा अनेक देशों में भी एक साथ इन श्लोकों के स्वर गूंज रहे हैं। उन्होंने कहा कि गीता पाठ का महत्व केवल धार्मिक नहीं बल्कि वैज्ञानिक भी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता का हर श्लोक हमें जीवन जीने की नई प्रेरणा देता है। गीता केवल अर्जुन और भगवान श्रीकृष्ण जी के बीच का संवाद ही नहीं है, यह हमारे हर प्रश्न का समाधान करती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जिस भी घर में गीता का नियमित रूप से पाठ होता है, वहां पर कभी किसी तरह की कोई नेगेटिव एनर्जी नहीं आ सकती।

# इंदौर-उज्जैन रूटः 1100 करोड़ में बनेगा 48 किमी हाईवे, कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के द्वारा इंदौर से उज्जैन के बीच पितृ पर्वत से चिंतामन गणेश मंदिर तक ग्रीन फील्ड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का जिम्मा सीगल इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है।

इंदौर-उज्जैन के बीच 48 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 30 मिनट पूरी हो जाएगी। नए हाइवे में एटीएमएस सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसका उपयोग सिंहस्थ और वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान उपयोगी होगा। साथ ही ट्रैफिक दबाव भी कम होगा। यह फोरलेन एक्सेस कंट्रोल्ड होगा। जिसकी लंबाई 48.10 किलोमीटर और चौड़ाई 60 मीटर होगी। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 20 हजार करोड़ रुपए हैं। जिसमें 1089 करोड़ रुपए निर्माण और बाकी के बचे पैसे भूमि अधिग्रहण में खर्च होंगे।

### *27 प्रमुख गांवों से होकर गुजरेगा हाईवे*

*हाईवे इंदौर के पितृ पर्वत से शुरू होकर चिंतामन गणेश मंदिर के पास सिंहस्थ बायपास तक जाएगा। हाईवे जंबूड़ी हप्सी, बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोर्डिया, जंबूर्डी सरवर, जिंदाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबीखेड़ी, पीपल्या कायस्था, हरियाखेड़ी, खतेड़ियि, रंगकोर्डिया, काछल्या, बलघारा, पोटलोद, तुमानी, मगरखेड़ी, छितोड़ा, बालरिया, रालामंडल, लिंबा पीपल्या, गोंदिया, हासमपुरा, पालखेड़ी, चिंतामन जवासिया और चांदमुख से होते हुए गुजरेगा।*

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का किया अभिवादन



**भोपाल।** पुत्र के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर उज्जैन में मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिवादन किया।

# सीएम डॉ. यादव बोले- कांग्रेस और नक्सल का कथित गठजोड़ राष्ट्रीय सुरक्षा पर बड़ा खतरा


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम ने कांग्रेस और नक्सलवाद के कथित गठजोड़ को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए आरोप लगाया कि यूपीए सरकार के दौरान गठित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई को कमजोर करने का प्रयास करती रही। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद के खिलाफ लागू जीरो-टॉलरेंस नीति के कारण स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, जो अब घटकर केवल 11 रह गई है। बता दें, नक्सलवाद भारत में लंबे समय से एक गंभीर आंतरिक सुरक्षा की चुनौती रहा है। विभिन्न राज्यों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा, बम विस्फोट और अन्य अपराधों के मामलों के चलते केंद्र और राज्य सरकारों ने समय-समय पर सख्त कदम उठाए।

इस साल के लिए डीजी के तीन, एडीजी-आईजी के दो-दो पद मिले

# एमपी में अब 11 नहीं, 16 एसपी बनाए जाएंगे डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



फाइल फोटो

मध्यप्रदेश पुलिस में डीआईजी स्तर के पांच नए पदों को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। नए पद मिलने के बाद अब एसपी स्तर के ग्यारह नहीं, कुल 16 अफसर डीआईजी बनाए जाएंगे। मुख्य सचिव की मंजूरी मिलने के बाद डीपीसी की तिथि तय हो जाएगी। प्रदेश के एसपी स्तर के अफसरों की पदोन्नति काफी समय से लटकी हुई थी। केंद्र सरकार से पांच पदों को मंजूरी मिलने के बाद तीन बैच के अफसर

### ◆ *केंद्र सरकार ने 5 नए पदों को दी मंजूरी*

एक साथ डीआईजी के पद पर पदोन्नत किए जाएंगे। उनके अलावा डीजी रैंक के तीन और एडीजी-आईजी के दो-दो पद साल 2026 के लिए बढ़ाए गए हैं। आईपीएस अफसरों की डीपीसी को लेकर प्रस्ताव तैयार कर मुख्य सचिव अनुराग जैन को भेज दिया गया है। डीसीपी दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होने के आसार हैं। मध्यप्रदेश के आईपीएस अफसरों को डीपीसी के बाद एक जनवरी 2026 की स्थिति में पदोन्नत किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। हालांकि कुल 11 आईपीएस अफसरों को पदोन्नत होना था, लेकिन पांच नए पद मिलने के बाद अब एसपी स्तर के कुल 16 अधिकारी डीआईजी बनाए जाएंगे।

### *डीजी के लिए तीन रैंक भी स्वीकृत*

केंद्र सरकार ने साल 2026 के लिए डीजी रैंक के तीन पदों को मंजूरी प्रदान की है। उक्त पदों पर 1994 बैच के अफसर अनंत कुमार सिंह, आशुतोष राय और राजाबाबू सिंह का नाम है। एडीजी और आईजी के भी दो-दो पद बढ़ाए गए हैं। एडीजी के पद जबलपुर आईजी प्रमोद वर्मा और भोपाल आईजी अभय सिंह पदोन्नत होंगे? साल 2008 बैच के अफसर सियाश ए. और ललित शाक्यवार आईजी के पद पर पदोन्नत होंगे। सियाश सीआईडी और शाक्यवार शिकायत शाखा में डीआईजी है।

### *एक साथ डीआईजी रैंक में पदोन्नत किए जाएंगे*

साल 2010 बैच के राकेश कुमार सगर, आरएस बेलवंशी, किरणलता केरकेट्टा, मनोज राय शामिल हैं। साल 2011 बैच के अफसरों में रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढ़ा, सिमाला प्रसाद, असित यादव का नाम प्रमुख है। उनके अलावा साल 2012 बैच के अफसरों में मयंक अवस्थी, विवेक सिंह, कुमार प्रतीक, शिव दयाल, शैलेंद्र सिंह चौहान, आलोक कुमार सिंह, रघुवंश सिंह और विकास पाठक का नाम है।

चिंतन

# देश के विकास के लिए संसद चलने दे विपक्ष

देशहित के लिए संसद का चलना बेहद जरूरी है, क्योंकि संसद कानून बनाने, राष्ट्रीय नीतियों पर चर्चा करने और सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए सर्वोच्च मंच है। इसके सुचारू रूप से चलने से ही देश को प्रभावी ढंग से चलाया जा सकता है, लोगों की ज़रूरतों और चिंताओं को समझा जा सकता है। संसद में आमजन के लिए कानून परित किए जाते हैं, तभी एक विकसित देश की कल्पना साकार होती है। लेकिन देखने में आ रहा है कि विपक्ष हर बार संसद में हंगामा कर समय खराब कर देता है। इससे न सिर्फ देशहित, बल्कि आमजन के मुद्दे भी गौण हो जाते हैं। कानून पारित नहीं हो पाते हैं, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ता है। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन विपक्ष ने पहले ही दिन एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। संसद को नहीं चलने दिया। 19 दिसंबर तक चलने वाले कुल 15 बैठकों वाले इस सत्र में केंद्र सरकार संभवतः 14 बड़े विधेयक पेश करने जा रही है, जिन पर सरकार पूर्ण बहुमत के साथ पारित करवाने पर जोर देगी। इसमें असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने से लेकर कॉर्पोरेट और बीमा कानूनों में बदलाव तक कई अहम प्रस्ताव शामिल हैं। इन सभी का लाभ लोगों को मिलना है। अगर विपक्षी दल ऐसे ही हंगामा करते रहे तो ये बिल कैसे संसद में पेश हो पाएंगे और लोगों को कैसे इसका लाभ मिल पाएगा। रविवार को सर्वदलीय बैठक के बाद सोमवार को भी सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है, लेकिन विपक्ष संसद को चलने दे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि संसद 'ड्रामा' करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है। विपक्ष संसद को चुनावी हार के बाद हताशा निकालने का मंच बना रहा है। सत्र को राजनीतिक ड्रामे का रंगमंच नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि यह रचनात्मक और परिणामोन्मुखी बहस का मंच होना चाहिए। यदि विपक्ष चाहे तो वह उसे राजनीति में सकारात्मकता लाने के कुछ सुझाव देने को तैयार हैं। मोदी ने कहा कि 'हमें ज़िम्मेदारी की भावना से काम करने की ज़रूरत है। संसद ड्रामा करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है।' वहीं, कांग्रेस का आरोप है कि सरकार सत्र छोटा रखकर संसद को 'डिरेल' करना चाहती है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सभी दलों के नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने कहा कि सर्दियों का मौसम है, उम्मीद है सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे। बहस हो, लेकिन व्यवधान नहीं। शांत माहौल देश के लिए फायदेमंद होगा और संसद सुचारू चलेगी। संसद में सभी जरूरी मुद्दों पर सार्थक बहस होनी चाहिए, ताकि सभी को कानूनों का लाभ मिल सके और आमजन के मुद्दों को उठाने, जनहित में कानून पास करवाने और देश के विकास के लिए संसद का चलना बेहद जरूरी है। बीते कुछ वर्षों से धारणा बनी है कि सदन चलाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की है, जबकि सदन दोनों पक्षों की सहमति और जिम्मेदारी है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ठीक ही लिखा था कि संसदीय प्रणाली में न केवल सशक्त विरोधी पक्ष की आवश्यकता होती है, बल्कि सरकार और विरोधी पक्ष के बीच सहयोग भी आवश्यक होता है। हम जहां तक ऐसा करने में सफल होंगे, वहां तक हम संसदीय जनतंत्र की ठोस नींव रखने में सफल होंगे।



मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

# सोनिया-राहुल के गले की फांस बना हेराल्ड

नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिडेट की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है। नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और उनके बेटे एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने नेशनल हेराल्ड केस में मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति 50 लाख रुपये में खरीदी गई थी। इस मामले में दोनों नेताओं के खिलाफ अब दिल्ली पुलिस ने नई प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें सोनिया और राहुल के अलावा कुल छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया गांधी समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिडेट की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है। नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस पार्टी से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड केस की जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का अधिग्रहण धोखाधड़ी के जरिए किया गया। एसोसिएट जर्नल की कुल संपत्ति लगभग 2000 करोड़ रुपये बताई गई है। यह अधिग्रहण यंग इंडियन के माध्यम से किया गया था, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी बताई जाती है। आपको बता दें कि नई एफआईआर में सोनिया और राहुल गांधी के अलावा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा और तीन अन्य व्यक्तियों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। जिन कंपनियों को एफआईआर में शामिल किया गया है, उनमें एजेएल, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। यहां आपको बता दें कि ताज़ा एफआईआर में सोनिया गांधी (आरोपी संख्या 1) राहुल गांधी (आरोपी संख्या 2) सुमन दुबे (आरोपी संख्या 3) सैम पित्रोदा (आरोपी संख्या 4) मेसर्स यंग इंडियन (आरोपी संख्या 5) मेसर्स डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड (आरोपी संख्या 6) सुनील भंडारी (आरोपी संख्या 7) बनाए गए हैं। आरोप है कि कोलकाता स्थित तीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए गए और सिर्फ 50 लाख रुपये में एसोसिएट जर्नल का अधिग्रहण किया गया, जबकि एसोसिएट जर्नल की संपत्ति 2,000



करोड़ रुपये आंकी गई है। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों से पूछताछ कर सकती है। गांधी परिवार पर आरोप है कि इस संपत्ति को हड़पने के लिए यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्जी का इस्तेमाल किया गया। ये कंपनियां कथित तौर पर कोलकाता की एक शेल कंपनियां हैं, जिसने यंग इंडिया को एक करोड़ रुपये दिए थे, जिससे गांधी परिवार ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये देकर एसोसिएट जर्नल को कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने के लिए कहा था।

गौरतलब है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरूआत की थी। इसकी संपत्ति दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत कई शहरों में फैली थी। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी अखबार के प्रबंधन का जिम्मा संभालती थी। आरोपों के मुताबिक जिस वक्त नेशनल हेराल्ड की संपत्ति गांधी परिवार को महज 50 लाख रुपये में बेची गई उस वक्त उसकी कीमत 2,000 करोड़ रुपये थी। पता रहे नेशनल हेराल्ड केस में 2008 से 2014 के बीच मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। वर्ष 2014 में भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की निजी शिकायत के आधार पर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया था। 9 अप्रैल को गांधी परिवार समेत अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आपको बता दें गांधी परिवार ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट दोनों में चुनौती दी, लेकिन अदालतों ने कोई राहत नहीं दी। चूंकि यह मामला हजारों करोड़ की एजेएल की संपत्तियों और शेयरों के रूप में अपराध की आय बनाने, कब्जे और उपयोग से संबंधित है, इसलिए 752 करोड़ मूल्य की एजेएल की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए इडी ने 20 नवंबर 2023 को अटैच करने का आदेश जारी किया था, जिसकी निर्णायक प्राधिकारी ने पुष्टि कर दी है। इडी की जांच रिपोर्ट आयकर विभाग के यंग इंडियन के मामले में 27 नवंबर 2017 के आदेश को और आगे बढ़ाती है। 2017 में, आईटी विभाग ने यंग इंडियन के हाथों एजेएल की संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण पर 414 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी टैक्स चोरी पाई थी। हालांकि इडी के आरोपों को कांग्रेस पार्टी लंबे समय से खारिज करती आ रही है। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी एजेंसियों का इस्तेमाल कर गांधी परिवार को परेशान कर रही है। कांग्रेस ने लगातार आरोपों को गलत बताया है और इडी पर सरकार के कहने पर राजनीतिक चाल चलने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ, बीजेपी इसे कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का भ्रष्टाचार बताती रही है। भाजपा तो शुरू से ही कहती आई है कि कांग्रेस के नेताओं ने बड़े_बड़े घोटालों को अंजाम दिया है और देश को लूटने का काम किया है। अब नेशनल हेराल्ड मामले में संसद सत्र शुरू होने से ठीक पहले नई एफआईआर दर्ज होना भाजपा द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को बल दिया है। वहीं संसद सत्र के समय सत्तापक्ष के हाथों कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। देश के राजनीतिक हलके में ताजा एफआईआर से हड़कंप मच गया है कयास लगाए जा रहे हैं कि राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले के आगे बढ़ने पर नेता प्रतिपक्ष पद भी छोड़ना पड़ सकता है। संभावना है कि अब सरकार विपक्ष पर हावी होने के लिए नई स्टेट्र्जी बना कर काम कर रही है और जल्द ही कुछ अहम बिल सरकार संसद में लाएगी और अपने अजेंडा को प्रभावी बनाएगी। वहीं, इस एफआईआर के बाद चर्चा है कि कांग्रेस बैकफुट पर दिखाई देगी। अब देखना है कि संसद सत्र में क्या होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मेजबानी
रोहित माहेश्वरी



# ओलंपिक की मेजबानी वाया राष्ट्रमंडल गेम्स

दुनियाभर में खेलों को लेकर अलग ही रोमांच देखने को मिलता है, क्योंकि खेल के मैदान में खिलाड़ियों के धैर्य, ताकत और हौसले की काबिले तारीफ जुगलबंदी देखने को मिलती है। इस संदर्भ में बात करें तो इस बार भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार मिल गया है, जिसमें अहमदाबाद को मेजबान शहर घोषित किया गया है। यह ऐतिहासिक घोषणा 26 नवंबर को ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की महासभा में की गई। भारत ने पिछली बार 2010 में दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी। कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विजन का प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। भारत को दूसरी बार मेजबानी के अधिकार मिले हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने से ओलंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी और मजबूत होगी। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले से इसका ऐलान भी किया था। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। साल 2029 में विश्व पुलिस खेल की मेजबानी की भी तैयारी की जा रही है। भारत ने वर्ष 2010 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल में कुल 101 पदक जीते थे, जिसमें 38 स्वर्ण शामिल थे। इनमें से 30 पदक सिर्फ शूटिंग से आए थे। वर्ष 2022 में भारत ने कुल 61 पदक जीते, जिनमें 22 स्वर्ण शामिल थे। बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेल में शूटिंग को शामिल नहीं किया गया था। कॉमनवेल्थ गेम्स का इतिहास बेहद दिलचस्प है। यह एक मल्टी-स्पोर्ट्स अंतरराष्ट्रीय आयोजन है, जिसमें ब्रिटिश शासन वाले देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। फिलहाल, इसमें 54 सदस्य देश हैं। इन गेम्स की शुरुआत 1930 में कनाडा के हैमिल्टन शहर से हुई थी। पहले इसे ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा जाता था। 1978 से इसका नाम 'कॉमनवेल्थ गेम्स' हो गया। 2030 के आयोजन में कॉमनवेल्थ गेम्स को 100 साल पूरे होंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी भारत की आर्थिक उन्नति, आधारभूत ढांचे, खेल की व्यवस्थाओं की बड़ी सफलता की शुरुआत है। अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की तैयारी जोर-शोर पर है। मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया है। भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि शुरुआती अनुमान 1600 करोड़ रुपये खर्च होने का था। चार साल में एक बार होने वाले इन खेलों में 72 देश हिस्सा लेते हैं, जिनमें से ज़्यादातर पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हैं। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी सहित अन्य लोगों ने किया। कॉमनवेल्थ गेम्स में 70 से अधिक देश भाग लेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह खेल प्रतिस्पर्धा काफी बड़े पैमाने पर आयोजित की जाएगी। ऐसे में इस खेल आयोजन को सफल बनाने के लिए जो भी व्यवस्था की जाएगी, वह उच्च स्तरीय होनी चाहिए, ठीक वैसी जैसी ओलंपिक के दौरान होती है। इस तरह की खेल सुविधाएं-जिन्हें सस्टेनेबल स्पोर्ट्स इकोसिस्टम कहते हैं-विशेषकर जो हमारे युवा वर्ग हैं, उन्हें खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस इकोसिस्टम के तहत जब हमारे युवा खिलाड़ी तैयार होकर निकलेंगे, तो उन्हें बहुत लाभ मिलेगा। हालांकि एक तथ्य यह भी है कि जो खिलाड़ी कॉमनवेल्थ 2030 में खेलेंगे, उनमें से 70-80 प्रतिशत ओलंपिक 2036 में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उनकी उम्र अधिक हो चुकी होगी। यहां सरकार की जवाबदेही भी काफी बढ़ जाती है। समय पर उच्च स्तरीय अवसंरचनाओं का निर्माण करना कोई हंसी-खेल नहीं है। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी करनी होगी। तैयारी में किसी तरह की कोई कमी न रहे, इसकी निगरानी करनी होगी। जब हम ऐसा करेंगे तभी जाकर सच्चे अर्थों में 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी कर पाने में सक्षम हों पायेंगे, क्योंकि ओलंपिक में 200 से अधिक देश भाग लेते हैं। इस आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद होनी चाहिए। इसमें तनिक भी चूक देश की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिला देगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## रिलेशनशिप को रखना है स्ट्रांग, तो इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।


## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरूजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है।

## अंतर्मन




आज की पाती

### आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। – **मनोज त्रिपाठी**, धमतरी

## ट्रेंड

### नगालैंड के लोगों को बधाई



नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई! समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर नगालैंड सतत विकास में सराहनीय प्रगति कर रहा है। लोगों के उज्ज्वल, समृद्ध और शांतिपूर्ण भविष्य' की कामना। **-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### ये मेरा विश्वास



शीतकालीन सत्र सिर्फ एक परम्परा नहीं है, ये राष्ट्र को प्रगति की ओर तेज गति से आगे ले जाने का प्रयास है। ये जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का ये शीतकालीन सत्र काम करेगा। मेरा यह दृढ़ विश्वास है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जीपीएस स्पूफिंग हुई



जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं तब हुई जब विमान आईजीआई के रनवे 10 पर जीपीएस बेस्ड लैंडिंग प्रोसेस का यूज कर रहे थे। विमानों को गलत और धोखा देने वाले नेविगेशन सिग्नल मिले। इस स्पूफिंग का दूसरे रनवे पर कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि उन पर ट्रेडिशनल ग्राउंड बेस्ड नेविगेशन सिस्टम यूज किया जाता है। **-किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय मंत्री**

### बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी




चुनाव आयोग ने बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी। उसने गड़बड़ियों को सही नहीं किया। वोटर रोल अपडेट नहीं है। बिना प्लान के एसआईआर से 40 लोगों की मौत हुई। सरकार की जबावदेही कहां है। इस मामले में चुनाव आयोग व सरकार को जवाब देना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है।

**-अभिषेक बनर्जी, टीएमसी सांसद**

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## ईसा पर बनी दुर्लभ पेंटिंग 27 लाख डॉलर में बिकी



बारोक काल के महान चित्रकार पीटर पॉल रूबेन्स की एक लंबे समय से खोई हुई पेंटिंग रविवार को वर्सलीज में हुई नीलामी में 27 लाख डॉलर में बिकी। यह पेंटिंग चार सदी से अधिक समय बाद हाल में पेरिस के एक निजी टाउनहाउस में मिली थी। इसमें ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने का दृश्य दर्शाया गया है। यह एक फ्रांसीसी संग्रह का हिस्सा थी और शुरू में यह माना जा रहा था कि यह उस समय मौजूद रूबेन्स की कई कार्यशालाओं में से किसी एक में बनाई गई कृति है। नीलामीकर्ता जीन-पियरे ओसेना ने बताया, ''मुझे इस पेंटिंग को देखकर तुरंत एक एहसास हुआ और मैंने इसे प्रमाणित करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया और अंत में हम इसे एंटवर्प स्थित रूबेन्स समिति 'रुबेनियानम' से प्रमाणित करवाने में सफल हुए।'' रूबेन्स पर शोध के लिए प्रसिद्ध विशेषज्ञ निल्स ब्यूट्नर ने नीलामी से पहले बताया कि मशहूर कलाकार ने सूली पर चढ़ाए जाने के दृश्य अक्सर चित्रित किए लेकिन ''उन्होंने बहुत कम अवसरों पर सूली पर मृत अवस्था में ईसा मसीह को दर्शाया।' उन्होंने कहा, ''यह एकमात्र ऐसी पेंटिंग है जिसमें ईसा मसीह के पार्श्व-घाव से रक्त और पानी बहते हुए दिखाया गया है और रूबेन्स ने इसे सिर्फ एक बार बनाया था।''

ऑफ बीट

## पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम



गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।

शीतकालीन सत्र के पहले दिन एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा

# लोकसभा अध्यक्ष बोले- नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना अच्छी परंपरा नहीं
# प्रियंका का पीएम पर कटाक्ष- लोगों के मुद्दे उठाना 'ड्रामा' नहीं, चर्चा न करना गलत




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक

भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की

## राज्यसभा-लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित

परमाणु ऊर्जा समेत कुल 10 नए विधेयक पेश होंगे


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला


कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल बाधित हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में एसआईआर के मुद्दे पर गतिरोध देखा गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सहमति, असहमति होती रही है, वैचारिक मतभेद भी होते हैं। लेकिन चर्चा, संवाद से ही समाधान निकलता है। यह सदन नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के लिए नहीं है। इसके लिए बाहर अवसर मिलते हैं। हमें जनता की कठिनाई, चुनौतियों और मुद्दों पर चिंता करनी चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना लोकतंत्र के लिए अच्छी परंपरा नहीं है। सरकार 19 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में परमाणु ऊर्जा समेत कुल 10 नए विधेयक पेश कर सकती है।

### दिवंगत नेताओं को दी श्रद्धांजलि

सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अध्यक्ष ने महिला विश्वकप क्रिकेट और महिला कबड्डी विश्वकप में भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करताः अखिलेश



समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता। विपक्ष ड्रामा करने वालों को रोकता है कि आपने घोषणा पत्र में जो बाते कहीं हैं, उनको पूरा करिए। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वो सभी का वोट बनाए और यह काम हम कर रहे हैं ताकि हमारे वोट न कटे। हम अपनी वोट बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा कि सरकार की विश्वसनीयता कटघरे में है।

### प्रदूषण, घुसपैठ जैसे मुद्दे उठाए

राज्यसभा सदस्यों ने प्रदूषण, राज्यों में घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखने की कार्यवाई जैसे मुद्दे उठाए। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और इसके लिए किए जाने वाले उपायों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया। कुछ सांसदों ने आत्महत्या और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।

### जनविश्वास बिल पर समिति को मिला और समय

लोकसभा ने दो विधेयकों पर बनी चयनित समितियों को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया। लोकसभा ने बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान की परिषद में दो सदस्य चुनने का रास्ता साफ कर दिया।

### सरकार मुद्दों पर संवाद के लिए नहीं तैयारः प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना नाटक है। प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद किस लिए है। यह ड्रामा नहीं है। मुद्दों पर बोलना और मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है।

### सदन की गरिमा बनाए रखेंः पासवान

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरीके से पिछले सत्र में



एसआईआर का एक मुद्दा लेकर पूरा सदन वॉशआउट कर दिया। उसी तरह के आसार इस सत्र में भी देखने को मिल रहा है। सरकार पूरी तरह से तैयार है जिस पर वो चर्चा करना चाहते हैं हम जरूर हर विषय पर चर्चा करेंगे। लेकिन विपक्ष की जिम्मेदारी बनती है कि सदन की गरिमा बनाए रखे और सत्र को चलने दें।

## अब महंगे होंगे तंबाकू और पान मसाले



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में दो अहम विधेयक पेश किए, जिनके तहत तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर कर व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जाएगा। सरकार का यह कदम सिन गुड्स पर कर ढांचे को नया रूप देने जा रहा है। पहला विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन), 2025 वर्तमान में लागू जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस की जगह लेगा। अभी यह सेस सिगरेट, चबाने वाले तंबाकू, सिगार, हुक्का, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों पर लगाया जाता है।

### ये विधेयक सूचीबद्ध किए हैं सरकार ने

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में पेश करने के लिए 9 आर्थिक विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, जिसमें इंश्योरेंस कानूनों में संशोधन का विधेयक शामिल है। संसद सदस्यों को भेजी गई बिलों की सूची के मुताबिक सरकार नई पीढ़ी के वित्तीय सुधारों के तहत इंश्योरेंस सेक्टर में विदेशी निवेश सीमा को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने के लिए इंश्योरेंस कानून (संशोधन) बिल 2025 पेश करेगी।

### गिरता जा रहा विपक्षः सांसद कंगना

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि वे (विपक्ष) जितना हारते जा रहे हैं, उतना ही वो बौखलाते जा रहे हैं। आज बिल्कुल भी संसद नहीं चला है। पूरा देश यह देख रहा है। वे (विपक्ष) लोगों की नजरों से गिरते जा रहे हैं और एक के बाद एक चुनाव हारते जा रहे हैं।



भड़के सीएम फडणवीस

### बोले- पता नहीं किससे सलाह ले रहा आयोग?



महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर आगामी निकाय चुनाव स्थगित होने पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आयोग का चुनाव स्थगित करने का फैसला पूरी तरह से गलत है।

संसद में कुत्ता लेकर पहुंची रेणुका

### बोलीं- यह काटता नहीं है भाजपा ने कहा 'तमाशा'



कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी संसद परिसर में अपने पालतू कुत्ते के साथ पहुंच गईं। चौधरी ने कहा कि यह किसी को काटता नहीं है। काटने वाले तो और हैं संसद के अंदर। भाजपा ने इसे तमाशा बताते हुए कार्रवाई की मांग की।

---

## खबर संक्षेप

### बिहार विधानसभा में स्पीकर बनेंगे प्रेम कुमार

**पटना।** बिहार विधानसभा की 18वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को नवनिर्वाचित



विधायकों के शपथग्रहण के साथ शुरू हुआ। शपथग्रहण के साथ ही भाजपा के विधायक प्रेम कुमार ने स्पीकर के पद के लिए सिर्फ उन्होंने नामांकन किया है। ऐसे में उनके स्पीकर बनने का रास्ता साफ है। वे गया शहर सीट से जीते हैं।

### खाई में गिरी जीप 3 की मौत, 25 घायल

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में एक जीप के खाई में गिरने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई



और 25 अन्य घायल हुए। बाली थाना प्रभारी परबत सिंह ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कुंडाल इलाके में हुआ जब जीप में सवार यात्री पांच बोर सायरा (उदयपुर) से शोकसभा में शामिल होने जा रहे थे।

### मोबाइल में प्री-इंस्टॉल होगा 'संचार साथी' एप

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन कंपनियों को बड़ा निर्देश जारी किया है। अब देश में



बनने या आयात होकर आने वाले हर नए स्मार्टफोन्स में 'संचार साथी' एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। कंपनियों को इस नियम को लागू करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया है। 28 नवंबर दिशा निर्देश जारी किए।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने नगालैंड के लोगों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी।



नगालैंड की स्थापना एक दिसंबर 1963 को हुई थी। मुर्मू ने एक पोस्ट में कहा कि नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई! समृद्ध संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर नगालैंड सतत सराहनीय प्रगति कर रहा है।

## कोलकाता में सड़कों पर बीएलओ का भारी विरोध प्रदर्शन

निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर किया हंगामा

# दावा- एसआईआर प्रक्रिया के चलते अमानवीय 'तनाव' झेलना पड़ रहा

एसआईआर प्रक्रिया में लगे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) काम का भारी दबाव होने का आरोप लगा रहे हैं। भारी काम के दबाव के चलते देशभर से कई बीएलओ की मौत होने का दावा किया जा रहा है

आयोग बोला- निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक गंभीर मसला

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी।

चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। एसआईआर प्रक्रिया में लगे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) काम का भारी दबाव होने का आरोप लगा रहे हैं। बूथ लेवल अधिकारियों का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया के चलते उन्हें अमानवीय तनाव झेलना पड़ रहा है। वहीं भारी काम के दबाव के चलते देशभर में कई बीएलओ की मौत होने का दावा किया जा रहा है। परिवारों का आरोप है कि बीएलओ पर बहुत ज्यादा काम के दबाव डाला जा रहा है।


मुख्य निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर बीएलओ का प्रदर्शन

### 17 लाख से अधिक कर्मचारी जुड़े

50 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा करने में 12 राज्यों में बूथ स्तर के 5.32 लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। पांच लाख से अधिक बीएलओ के अलावा राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी इस प्रक्रिया से जुड़े हैं। 12.43 लाख से अधिक बीएलए 12 राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े हैं।

### एसआईआर की समयसीमा बढ़ाई

चुनाव आयोग ने एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का ऐलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसंबर तक बढ़ाई गई है।

भाजपा की आयोग से मांग



### 1.25 करोड़ प्रविष्टियों की हो जांचः शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने सोमवार को गणना प्रक्रिया में 26 से 28 नवंबर के बीच की गई सभी 1.25 करोड़ प्रविष्टियों का 'ऑडिट' कराने की मांग की। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल से कहा कि राजनीतिक परामर्श एजेंसी 'आई-पैक' राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 'डेटा प्रविष्टि प्रक्रिया में हस्तक्षेप' कर रही है। सीईओ का कार्यालय भी सुरक्षित नहीं है।

### मतुआ का वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहेः अधीर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सत्तारूढ़ दल तृणमूल



कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों पर राज्य में पिछड़े मतुआ समुदाय को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। चौधरी ने आरोप लगाया कि उत्तर 24 परगना और नदिया में दशकों से रह रहे समुदाय के सदस्यों में कई के पास वैध नागरिकता दस्तावेज हैं।

### ममता एसआईआर के खिलाफ रैलियां निकालेंगी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी मालदा, मुर्शिदाबाद में तीन और चार दिसंबर को जबकि



कूचबिहार में नौ दिसंबर को रैलियां आयोजित कर एसआईआर के खिलाफ अपना रोष जताएंगी। बेनर्जी द्वारा एसआईआर के विरोध में यह दूसरे चरण का अभियान होगा। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह शरणार्थी बहुल मतुआ क्षेत्र में बनगांव में रैली की थी।

## नेशनल हेराल्ड मामले में नई एफआईआर भाजपा सरकार की प्रतिशोध और उत्पीड़न की राजनीतिः सिंघवी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज किए जाने पर कांग्रेस पार्टी ने इसे राजनीतिक अमलीजामा पहनाते हुए इसे प्रतिशोध और उत्पीड़न की कार्रवाई करार देने में देरी नहीं की। एफआईआर दर्ज किया जाने को मोदी सरकार द्वारा असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की रणनीति का हिस्सा भी बताया है।

पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ईडी और भाजपा सरकार को ऐसा अपराध गढ़ने के लिए, नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए, जहां कोई अपराध हुआ ही नहीं है।

उन्होंने इस कार्रवाई को देश की प्रमुख समस्याओं, जैसे बिगड़ती अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी और विफल विदेश नीति से जनता का ध्यान भटकाने की रणनीति बताया। विदित हो बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी सोनिया गाँधी और राहुल गांधी की पैरवी इस मामले में कर रहे हैं।

### ऋण को इक्विटी में बदलने का निर्णय लिया गया

कांग्रेस नेता ने नेशनल हेराल्ड प्रकाशित करने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के इतिहास को बताते हुए उसके वित्तीय पुनर्गठन की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि यह कंपनी ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ खड़ी रही थी। कई बार देखा गया है कि आदर्शवाद पर स्थापित संस्थाएं आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पातीं। एजेएल के साथ भी ऐसा ही हुआ और वह आर्थिक रूप से कमजोर हो गई। आदर्शों की उस मशाल को जलाए रखने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने समय-समय पर एजेएल को ऋण दिया, जो एक वक्त 90 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसलिए इस कंपनी को ऋण मुक्त करने के लिए उस ऋण को इक्विटी में बदलने का निर्णय लिया गया, जो व्यावसायिक दुनिया में एक सामान्य प्रक्रिया है। इसके लिए 'यंग इंडियन' नामक एक गैर-लाभकारी कंपनी बनाई गई। इस कंपनी में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मोतीलाल वोरा, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और ऑस्कर फर्नांडिस जैसे कांग्रेसी नेता शामिल थे।

### सिंघवी ने साधा निशाना

सिंघवी ने बताया कि यंग इंडियन को एजेएल का ऋण हस्तांतरित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप 'यंग इंडियन' के पास एजेएल की 99 प्रतिशत शेयर होल्डिंग आ गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि नॉट फॉर प्रॉफिट कंपनी होने के नाते, 'यंग इंडियन' न तो कोई लाभ कमा सकती है और न ही इसके निदेशकों को कोई वेतन या भत्ता मिलता है। उन्होंने कहा कि चूंकि इस मामले में न तो कोई धनराशि का लेन-देन हुआ, न कोई लाभ अर्जित किया गया, और न ही कोई चल या अचल संपत्ति का हस्तांतरण हुआ, इसलिए इस पूरे प्रकरण में मनी लॉनड्रिंग का सवाल ही नहीं उठता। सिंघवी ने ईडी की मौजूदा कार्रवाई की मंशा पर सवाल उठाते हुए बताया कि इस मामले में एक चार्जशीट पहले ही दायर हो चुकी है, जो अभी राउज एवेन्यू के स्पेशल कोर्ट में लंबित है। कांग्रेस नेता ने बताया कि उन्होंने स्वयं इस मुद्दे पर बहस की थी कि ये चार्जशीट निरस्त है, क्योंकि ईडी एक्ट में लिखा है कि केवल अधिकृत अधिकारी ही शिकायत कर सकता है। मगर इस मामले में सुब्रमण्यम स्वामी ने कोर्ट जाकर निजी शिकायत की थी। इस निजी शिकायत के आधार पर केस शुरू हुआ था और कुछ समय बाद सुब्रमण्यम स्वामी ने खुद इस शिकायत पर हाईकोर्ट से स्टे करवा दिया था। यानी मामले में केवल निजी शिकायत थी, सरकारी शिकायत कभी नहीं हुई और वो निजी शिकायत भी शिकायतकर्ता द्वारा खुद स्टे करवा दी गई थी।

संसद का शीतकालीन सत्र

## लोकसभाः संसदीय समितियों को दो बिलों पर रिपोर्ट पेश करने के लिए और समय मिला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा ने सोमवार को दो संसदीय समितियों को दिवाला कानून और जन विश्वास प्रावधान संशोधन बिल पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए और समय दिया। सदन ने दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए संसदीय समिति को शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन तक का समय दिया है। यह बिल लोकसभा में पेश किए जाने के तुरंत बाद 12 अगस्त को समिति को भेज दिया गया था। यह बिल के जरिये दिवाला कानून में कई संशोधनों का प्रस्ताव है, जिसमें वास्तविक व्यावसायिक विफलताओं, समूह और सीमा पार दिवालियेपन ढांचों को संबोधित करने के लिए एक अदालत के बाहर तंत्र शामिल है। लोकसभा ने एक अन्य संसदीय समिति को जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 पर अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए शीतकालीन सत्र के दूसरे सप्ताह के अंतिम दिन तक का समय दिया। सरकार ने 18 अगस्त को यह बिल पेश किया था, जिसे बाद में संसदीय समिति को भेज दिया गया था। इस बिल का मकसद जीवन को आसान बनाने और कारोबारी माहौल में सुधार लाने के लिए विभिन्न कानूनों के तहत छोटे अपराधों से संबंधित 288 प्रावधानों को अपराधमुक्त करना है।

## दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते, 10 दिसंबर को अगली सुनवाई

कहा- कोर्ट को ये भी नहीं पता कि अब तक कौन-से कदम उठाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर वायु प्रदूषण संकट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मेरे मित्र का कहना है कि मामले की सुनवाई केवल सूचीबद्ध होने से ही इसमें सुधार हुआ है, यह जरूरी है कि हम इसे तीन-चार महीने बाद सूचीबद्ध करने के बजाए, नियमित रूप से सुनें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि दीर्घकालिक योजनाएं भी सार्वजनिक हों, उन योजनाओं पर चर्चा और अंतिम रूप दिया जाना आवश्यक है।

प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कारणों की एक सप्ताह में रिपोर्ट दें


सुप्रीम कोर्ट और धुंध में डूबा इंडिया गेट

### पूछा, कितनी सकारात्मक प्रगति हुई?

एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म) योजनाओं का शपथपत्र दाखिल किया है और सभी राज्यों व एजेंसियों के साथ बैठकें की गई हैं। अदालत ने पूछा कि इन योजनाओं का वास्तव में कोई असर हुआ भी है या नहीं? जो एक्शन प्लान बनाया था, उससे कितनी सकारात्मक प्रगति हुई? हमें यह जानना जरूरी है।

### पराली के मुद्दे को अहं का विषय न बनाएं

सीजेआई ने कहा कि पराली जलाने के मुद्दे को राजनीतिक या अहं का विषय न बनाया जाए। किसान पराली जला रहा है तो इसकी एक आर्थिक वजह है।

### प्रदूषण के लिए कौन-कौन जिम्मेदार?

अदालत ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह में रिपोर्ट दी जाए जिसमें पराली के अलावा अन्य कारण- जैसे वाहन, निर्माण, धूल पर अब तक कितनी कार्रवाई हुई।

### मुंबई में भी ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू

बढ़ते प्रदूषण के कारण मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं। बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी है, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है।

# कोहली ने लगाया टेस्ट वापसी की अटकलों पर विराम, कहा-मैं सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेल रहा हूं

एजेंसी ▶▶| रांची

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी टीम की जीत और मैच जिताऊ शतक के बाद, भारतीय बल्लेबाज़ विराट कोहली ने अपनी तैयारी और खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह ज़्यादा तैयारी में विश्वास नहीं रखते, बल्कि उनका सारा क्रिकेट मानसिक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह खेल का सिर्फ़ एक ही प्रारुप खेलेंगे। 2027 के वनडे विश्व कप से पहले अपने वनडे भविष्य को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं के बीच विराट ने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा।

### आनंद के माहौल में रहना चाहता हूं: विराट

कोहली ने अपना 52वां वनडे शतक जड़ा और एक बल्लेबाज का एक ही प्रारुप में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से विराट ने 135 रन बनाए, जिससे यह हाल के दिनों में उनके सबसे यादगार शतकों में से एक बन गया। मैच के बाद की प्रस्तुति के दौरान बोलते हुए, विराट ने कहा कि वह आनंद के माहौल में रहना चाहते हैं। इस साल मई में संन्यास की घोषणा के बाद, घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद बीसीसीआई की ओर से उनसे टेस्ट क्रिकेट में वापसी का अनुरोध किए जाने की मीडिया रिपोर्टों के बीच, विराट ने स्पष्ट किया कि वह खेल का केवल एक ही प्रारुप खेल रहे हैं और यह इसी तरह चलता रहेगा।




### मेरा सारा क्रिकेट मानसिक

विराट ने कहा कि आज इस तरह से मैच में उतरना वाकई बहुत अच्छा लगा। पिच पहले 20-25 ओवरों में ठीक-ठाक खेली, फिर धीरे-धीरे धीमी पड़ने लगी। बस आनंद के माहौल में बने रहना था। बेशक, जब आपको शुरुआत मिलती है, आप स्थिति के अनुसार ढल जाते हैं, आपको पता होता है कि क्या करना है। अनुभव काम आता है। मैं कभी भी तैयारी में यकीन नहीं रखता। मेरा सारा क्रिकेट मानसिक रहा है। जब तक मेरा शारीरिक स्तर अच्छा है और मानसिक तीक्ष्णता है, तब तक सब ठीक है। मैंने मैच से पहले एक दिन की छुट्टी ली थी। मैं 37 साल का हूं और मुझे ठीक होने के लिए समय चाहिए।

### उत्साहित रहना जरूरी

विराट ने कहा कि ऐसा ही हमेशा होता है, मैं खेल का सिर्फ़ एक ही रूप खेल रहा हूं। अगर आपने 300 से ज़्यादा मैच और इतना क्रिकेट खेला है, तो आप जानते हैं कि जब आप अभ्यास में गेंदें मारते हैं तो आपको पता होता है कि रिफ़्लेक्सेस मौजूद हैं और लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की शारीरिक क्षमता है। जब तक आप गेंद को अच्छी तरह से मार रहे हैं और अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं,तब तक शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से तैयार और उत्साहित रहना जरूरी है।

### कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ : स्टेन



रांची। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि जहां 38 साल के अधिकतर खिलाड़ी घर से बाहर निकलने में कतराते हैं वहीं विराट कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ है। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले कोहली ने दिखाया कि वनडे क्रिकेट में अब भी उनका कोई सानी नहीं है। स्टेन ने कहा, 'जब आप 37 या 38 साल के अधिकतर खिलाड़ियों से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि उन्हें घर, अपने कुत्ते, अपने बच्चों को छोड़ना पसंद नहीं है। लेकिन कोहली मानसिक रूप से ऐसी स्थिति में हैं, जहां वह पहले की तरह भारत के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। आप इसे विकेटों के बीच दौड़, फ़ील्डिंग करते और डाइव लगाते हुए देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से युवा और तरोताजा हैं और क्रिकेट में बने रहना चाहते हैं।' उन्होंने कहा,' कोहली ने पिछले 15-16 साल में 300 से अधिक वनडे खेले हैं इसलिए वह काफी अनुभव रखते हैं।

## खबर संक्षेप



### निखिल और अश्विनी ने जीती अहमदाबाद मैराथन

**अहमदाबाद।** निखिल सिंह और अश्विनी जाधव ने नौवीं अडानी अहमदाबाद मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग की ओपन स्पर्धा जीतीं। इस मैराथन में विभिन्न श्रेणियों में 24,000 धावकों ने हिस्सा लिया। हाफ मैराथन (21 किमी) में धर्मेंद्र और फरहीन फिरदौस ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में जीत हासिल की। 10 किमी ओपन मैराथन में राजन यादव और नीता रानी विजेता रहीं। इस मैराथन की कुल पुरस्कार राशि 40 लाख रुपए से अधिक थी। इस प्रतियोगिता को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता हासिल है और यह 'एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस' (एआईएमएस) की वैश्विक मैराथन प्रतियोगिता में सूचीबद्ध है।

### इंडियन पिकलबॉल लीग शुरू, छह टीमें करेंगी ट्रॉफी के लिए स्पर्धा



**नई दिल्ली।** इंडियन पिकलबॉल लीग का सोमवार को आगाज हुआ, जिसमें छह टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। आयोजकों ने इस मौके पर पिकलबॉल को जबरदस्त क्षमता वाला खेल करार देते हुए इसे देश का एक प्रमुख खेल बनाने का वादा किया। खेल मंत्रालय के तहत भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीएस) की ओर से अनुमोदित और 'द टाइम्स समूह' की शुरू की गई इस लीग में छह फ्रेंचाइजी टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में इस ट्रॉफी का अनावरण किया। यह आयोजन सात दिसंबर को समाप्त होगा। इसमें बेंगलुरु ब्लास्टर्स, हैदराबाद रॉयल्स, चेन्नई सुपर वॉरियर्स, मुंबई स्मैशर्स, कैपिटल वॉरियर्स और लखनऊ लेपर्ड्स की टीमें शीर्ष पुरस्कार के लिए मुकाबला करेंगी।

### निशानेबाजी चैंपियनशिप में 16 हजार ने किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पिस्टल, राइफल और शॉटगन स्पर्धाओं में रिकॉर्ड 16 हजार से अधिक निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया है। सोमवार से शुरू हुई वार्षिक प्रतियोगिता के पिछले सत्र में 13500 से अधिक निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। शॉटगन स्पर्धाओं की शुरुआत सोमवार को तुगलकाबाद की कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर हुई जबकि पिस्टल और राइफल स्पर्धाएं क्रमशः दिल्ली और भोपाल में 11 दिसंबर से शुरू होंगी। अगले एक महीने में तीनों स्पर्धाओं में सात वर्ग में प्रतिस्पर्धाएं होंगी, जिसमें सुपर मास्टर्स (70 वर्ष और इससे अधिक), सीनियर मास्टर्स (60 से 70 वर्ष), मास्टर्स (45 से 60 वर्ष), सीनियर (ओपन), जूनियर (21 वर्ष), युवा (19 वर्ष या पहले) और सब यूथ (16 वर्ष या पहले) वर्ग शामिल हैं।

**प्रीमियर लीग : लिवरपूल ने वेस्ट हैम पर 2-0 से जीत हासिल की**

# चेल्सी ने आर्सेनल को 1-1 से ड्रॉ पर रोका, कैसेडो को मिला रेड कार्ड


एजेंसी ▶▶| लंदन

प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने चेल्सी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले के शुरुआती आधे घंटे में चेल्सी ने दबदबा बनाए रखा। आर्सेनल होम टीम के लिए मुश्किलें खड़ी करती रहीं। इस दौरान ब्लूज ने कई मौके बनाए।

मुकाबले के 38वें मिनट में मोइसेस कैसेडो को मिकेल मेरिनो पर टैकल करने के लिए सीधे रेड कार्ड मिला। यहां से चेल्सी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना जारी रखा। इसके बावजूद ब्लूज ने आक्रामक खेल जारी रखा। ट्रेवोह चलोबा ने हाफ टाइम के ठीक बाद रीस जेम्स के कॉर्नर पर हेडर मारकर चेल्सी को मुकाबले के 48वें मिनट बढ़त दिलाई।

### आर्सेनल ने दिखाया तेज खेल, मेरिनो ने दागा गोल

यहां से आर्सेनल ने तेज खेल दिखाया और मुकाबले के 59वें मिनट में मिकेल मेरिनो ने गोल दागते हुए टीम को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। यह मुकाबले का अंतिम गोल साबित हुआ। आर्सेनल इस समय प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। इस टीम के पास 30 प्वाइंट्स हैं। वहीं, चेल्सी ने 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमा रखा है।



### लिवरपूल ने हासिल किया 8वां स्थान

लिवरपूल ने वेस्ट हैम पर 2-0 से जीत हासिल करते हुए 8वां स्थान हासिल किया। इस टीम के पास 21 अंक हैं। कोच आर्ने स्लॉट ने अपने कार्यकाल में पहली बार किसी लीग मैच में मोहम्मद सालाह को बेंच पर बैठाया। अलेक्जेंडर इसाक ने मुकाबले के 60वें मिनट में गोल करते हुए लिवरपूल को मुकाबले में 1-0 से आगे कर दिया था। मुकाबले के 84वें मिनट में लुकास पाक्वेटा को रेड कार्ड दिखाया गया। कोडी गैकपो ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागकर आखिरकार लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया।




### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस को हराया



एक अन्य मुकाबले के दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। जीन-फिलिप माटेटा ने पहले हाफ में दो बार पेनल्टी लेकर पैलेस को लीड दिलाई। मुकाबले के 36वें मिनट में क्रिस्टल पैलेस ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के 54वें मिनट में जोशुआ जिर्कजी ने गोल दागते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को मुकाबले में बराबरी पर ला दिया और नौ मिनट के अंदर मैनचेस्टर ने बढ़त भी हासिल कर ली। मेसन माउंट ने 63वें मिनट में विजयी गोल दागा। मैनचेस्टर यूनाइटेड 21 प्वाइंट्स के साथ सातवें पायदान पर मौजूद है, जबकि क्रिस्टल पैलेस 20 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

**उपलब्धि**

## वैक्स म्यूजियम में लगेगा हरमनप्रीत का स्टैच्यू



एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर वैक्स म्यूजियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के वैक्स स्टैच्यू को बनाने का काम शुरू हो गया है। हरमनप्रीत दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर होंगी, जिनका अपना वैक्स स्टैच्यू होगा। यह उपलब्धि क्रिकेट जगत में उनके असाधारण प्रभाव को दर्शाती है। म्यूजियम से जुड़ी एक टीम ने हाल ही में वनडे विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत से मुलाकात की। टीम ने हाई-क्वालिटी तस्वीरें और वीडियो शूट किए, जो स्टैच्यू बनाने के लिए जरूरी रेफरेंस का काम करेंगे। म्यूजियम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि डिटेल्ड सेशन के दौरान हरमनप्रीत बहुत विनम्र नजर आईं, उन्होंने इसके लिए टीम का सहयोग किया। हरमनप्रीत ने वैक्स फिगर बनाने के स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस को समझने में गहरी दिलचस्पी दिखाई। इस दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान ने म्यूजियम के खास आकर्षणों में से एक 'शीश महल' की भी तारीफ की। म्यूजियम के क्यूरेटर और फाउंडर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि हरमनप्रीत इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित थीं। उन्होंने इसके लिए जयपुर वैक्स म्यूजियम का शुक्रिया अदा किया है। 300 साल पुरानी हेरिटेज साइट में बना जयपुर वैक्स म्यूजियम एक अनोखा सांस्कृतिक आकर्षण बना हुआ है, जिसमें इतिहास, कला और राष्ट्रीय गौरव का मेल है।

## महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने 'निजी कारणों' का हवाला देकर तुरंत प्रभाव से पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया, तोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही टीम के मुख्य कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन की भारतीय टीम में इस पद पर वापसी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार अचानक हुए घटनाक्रम में हरेंद्र सिंह ने हॉकी इंडिया को ईमेल भेजकर सूचित किया है कि वह तुरंत प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह विशुद्ध रूप से उनका 'निजी फैसला' है। सूत्रों ने बताया, मारिन की भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच के रूप में वापसी हो सकती है जिनके मार्गदर्शक में भारतीय टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी । मारिन ने अगस्त 2021 में महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया था। अमेरिका में हॉकी टीम के कोच रहे हरेंद्र सिंह ने अप्रैल 2024 में ही पद संभाला था। इससे पहले वह लखनऊ विश्व कप 2016 विजेता जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच रहे थे।

**एफआईएच जूनियर विश्व कप**

**भारत ने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया**

## स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने कोशिश करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| मदुरै

भारतीय टीम बेहतरीन फार्म में चल रही है लेकिन अभी तक उसे असली चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है और ऐसे में वह मंगलवार को एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के नाकआउट चरण से पहले अपने अंतिम ग्रुप लीग मुकाबले में स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत की लय जारी रखने और अपने कमजोर पक्षों को दूर करने की कोशिश करेगी।

भारत और स्विट्जरलैंड दोनों ही पूल बी में दो-दो मैच जीतकर अजेय हैं, लेकिन भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर तालिका में शीर्ष पर है। चेन्नई में पहले दो मैच में भारतीय टीम ने गोल की बरसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने ओमान को 4-0 से हराया और फिर चिली पर 3-2 से जीत हासिल की।



### भारत करेगा बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश

भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह अपना विजय अभियान जारी रखकर नॉकआउट से पहले बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन नॉकआउट चरण से पहले भारत के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। पहले दो मैचों में भारतीय रक्षापंक्ति की ज्यादा परीक्षा नहीं हुई क्योंकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह को किसी तरह की खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। कप्तान रोहित की अगुवाई में रक्षापंक्ति भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में अधिक सक्रिय रहना चाहेगी।

**हांगकांग मास्टर्स एशिया कप**

### भारत का शानदार प्रदर्शन दोनों वर्गों में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली।** भारत ने हांगकांग में आयोजित हांगकांग मास्टर्स एशिया कप 2025 में 40 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष और महिला मास्टर्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। हांगकांग फुटबॉल क्लब पर 26 से 30 नवंबर तक हुई विश्व मास्टर्स हॉकी एशिया चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने ग्रुप चरण में हांगकांग को 4-0 और 5-4 से तथा सिंगापुर को 4-0 और 3-2 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में भारत ने ग्रुप चरण में सिंगापुर को 7-2 से हराया जबकि हांगकांग से 1-1 से ड्रॉ खेला। न्यूजीलैंड के खिलाफ उसे 2-4 से पराजय झेलनी पड़ी लेकिन फाइनल में हांगकांग को 2-0 से हराकर खिताब जीता।

**शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रैंकिंग में बनाए रखा दबदबा**

# लंदन चेस क्लासिक के को-लीडर बने ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर रोजेन को हराया

प्रज्ञाननंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।



### विश्व रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों की स्थिति

ताजा फीडे दिसंबर 2025 रेटिंग सूची में प्रज्ञानानंदा ने कुछ रेटिंग अंक गंवाने के बावजूद अपनी विश्व नंबर 7 रैंकिंग बरकरार रखी है। वहीं, भारत के एक और युवा सितारे अरुण एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.4 ईएलओ अंक जोड़े और वह फिर से विश्व नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को विश्व कप 2025 के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद रैंकिंग में गिरावट का सामना करना पड़ा और वह अब टॉप-10 में 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### टॉप 30 में पांच भारतीय

वर्तमान में विश्व के टॉप 30 खिलाड़ियों में केवल पांच भारतीय शामिल हैं। पेंटाला हरिकृष्णा ने विश्व कप में अपने करियर की बेहतरीन परफॉर्मेंस देते हुए 3 ईएलओ अंक जोड़े। वहीं प्रणव वेंकटेश ने भी स्थिर प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग बरकरार रखी।

### भारतीय महिला खिलाड़ियों में रैंकिंग बदलाव

महिला वर्ग में चार भारतीय खिलाड़ी टॉप-20 में बनी हुई हैं। हंपी कोनेरू बिना कोई मैच खेले ही विश्व नंबर 5 पर पहुंच गई हैं। वहीं दिव्या देशमुख रेटिंग में गिरावट के साथ विश्व नंबर 12 पर खिसक गई हैं। पद्मिनी राउत और सविता श्रीबी ने सकारात्मक प्रदर्शन करते हुए ईएलओ अंक हासिल किए हैं।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गिल का फिटनेस आकलन, हार्दिक को मिली परमिशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल अनिवार्य फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहुंचे। इस आकलन के नतीजे के आधार पर 9 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की श्रृंखला में उनकी वापसी पर फैसला किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए गिल की गर्दन में चोट लगी थी और इसके बाद वह दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए। अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खेल विज्ञान टीम से गिल की फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया, 'गिल को इंजेक्शन लगाया गया था और उन्हें 21 दिन के आराम और रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई थी, जिसमें चोट से प्रभावित मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए विशिष्ट व्यायाम शामिल थे।' सूत्र ने कहा, 'ट्रेनिंग के दौरान खेल विज्ञान टीम के उनकी मूवमेंट का आकलन करने तक कुछ नहीं कहा जा सकता। यह भी नहीं पता कि बल्लेबाजी करते हुए वह बिल्कुल भी असहज नहीं है।' मौजूदा स्थिति को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए गिल की वापसी की संभावना 50 प्रतिशत है।






## पुतिन की सुरक्षा को लेकर बेहद अलर्ट रहती हैं सुरक्षा एजेंसियां

# पुतिन की सुरक्षाः खाने की जांच के लिए पोर्टेबल लैब, टॉयलेट और पानी के अलावा पूप सूटकेस भी विदेश यात्रा में हमेशा रहता है साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आने वाले हैं। 4-5 दिसंबर को उनका भारत में दौरा होगा। इसको लेकर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। यहां रूसी सुरक्षा एजेंसी की टीम पहले ही पहुंच चुकी है। रूस के राष्ट्रपति भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। जाहिर सी बात है कि, पुतिन जैसे शक्तिशाली नेता के दौरे को लेकर सुरक्षा के इंतजाम भी काफी सख्त होंगे। वैसे तो किसी भी देश के राष्ट्राध्यक्ष के आगमन पर विशेष सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है, लेकिन रूसी राष्ट्रपति की सुरक्षा थोड़ी अलग है। पुतिन की सुरक्षा में एक पोर्टेबल प्रयोगशाला का इस्तेमाल करके उनके सभी भोजन में जहर की जांच भी की जाती है। पुतिन देश के अंदर या बाहर कहीं भी जाते हैं तो उनके खाने-पीने का विशेष ध्यान रखा जाता है। यही वजह है कि उनके काफिले के साथ एक पोर्टेबल लैब भी चलता है, जो उनके भोजन में जहर की जांच करता है। इस लैब में जांच के बाद ही पुतिन खाना खाते हैं। राष्ट्रपति के निजी रसोइये हमेशा उनके साथ यात्रा करते हैं। वह किसी भी देश में अपने रसोइये के हाथ का बना खाना ही खाते हैं। उस खाने को भी पहले लैब में टेस्ट किया जाता है।

*जिस होटल में पुतिन ठहरते हैं वहां अलग से लगती है लिफ्ट*

*रूस से बाथरूम लेकर चलते हैं उसी का उपयोग करते हैं पुतिन*

*स्मोक ग्रेनेड फेकने में सक्षम है रूसी राष्ट्रपति की बुलेट प्रूफ कार*

### होटल के स्टाफ की सेवाएं नहीं लेते पुतिन



पुतिन जिस होटल में रुकते हैं, वहां के स्टाफ की सेवाएं नहीं लेते। उनका स्टाफ, शेफ, हाउस कीपिंग रूस से ही साथ आते हैं। पुतिन के पहुंचने से पहले उनकी सिक्योरिटी टीम शेफ के लिए अलग से लिफ्ट लगवाती है जिसका इस्तेमाल होटल का दूसरा स्टाफ नहीं कर सकता। पुतिन होटल के बाथरूम का भी इस्तेमाल नहीं करते बल्कि उनकी टीम रूस से ही एक मोबाइल बाथरूम लेकर आती है जिसे होटल रूम में सेटअप किया जाता है। पुतिन के पास ऐसी कार है जो कि बुलेट और बम प्रूफ है। जिस पर बड़े से बड़ा हमला नाकाम हो सकता है। इमरजेंसी की स्थिति में उस कार से तुरंत स्मोक ग्रेनेड यानी धुआं फैलाने वाले हथगोले दागे जा सकते हैं। पुतिन जब दिल्ली आएंगे तो वो इसी गाड़ी में सफर करेंगे।

### स्थानीय लोगों में घुलमिल जाती है- अदृश्य सेना

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन जहां भी जाते हैं। वहां जाने से पहले उनकी एक अदृश्य सेना पहले से तैनात हो जाती है जो वहां के आम लोगों और स्थानीय माहौल में घुलमिल जाती है। क्रैमलिन के सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, 2022 में जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या के प्रयास के बाद विशेष रूप से पुतिन की सिक्योरिटी को टाइट कर दिया गया है।

### अपना टॉयलेट भी साथ लेकर जाते हैं



रूसी राष्ट्रपति खाने-पीने की चीजों के साथ अपना एक पोर्टेबल टॉयलेट भी साथ लेकर चलते हैं। ताकि, दूसरे देश में उनके शरीर के अपशिष्ट पदार्थ भी न छूटे। इसकी कई वजहें बताई जाती है। कहा जाता है कि अगर राष्ट्रपति से जुड़ी कोई भी चीज विदेशी धरती पर छूट जाती है तो उसकी जांच से राष्ट्रपति के स्वास्थ्य के बारे में पता लगाया जा सकता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन सकता है। ऐसे में पुतिन भारत आने पर ये सारी चीजें साथ लेकर आएंगे। यह चीजें उनकी सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं। इसको लेकर रूसी सुरक्षा



### पुतिन की सुरक्षा के लिए पूप सूटकेस

पुतिन जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं तो उनके बाडीगार्ड इसी तरह का उपाय करते हैं। वे उनके मल-मूत्र को एकत्र करके पूप सूटकेस में रूस ले जाते हैं। ट्रंप के साथ बैठक के दौरान पुतिन की सुरक्षा के कड़े सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। वह यात्रा के दौरान अपने बाडीगार्डों की सुरक्षा के घेरे में रहे और रूसी खुफिया ने उनकी सुरक्षा को लेकर कई जरूरी कदम उठाते हैं।

## घटती तीव्रता की वजह से भीषण बारिश का खतरा लगभग खत्म

# चक्रवात दितवाह अब पड़ा कमजोर, उत्तर तमिलनाडु में भारी बारिश का खतरा टला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात दितवाह अब डीप डिप्रेशन में बदल गया है। इसके कारण उन जिलों में राहत की सांस ली जा रही है, जहां पहले बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के अनुसार, यह सिस्टम तमिलनाडु-पुडुचेरी तट के समानांतर गुजरते हुए धीरे-धीरे कमजोर हो गया। वहीं, रविवार सुबह तक जारी 24 घंटे के बारिश के आंकड़ों में कराईकल में सबसे अधिक 19 सेमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद मयिलादुथुरै जिले के सेम्बनारकोविल में 17 सेमी, जबकि नागपट्टिनम और मयिलादुथुरै शहर में 15 सेमी बारिश हुई। सिरकाजी और तिरुवारूर क्षेत्र में 14 सेमी बारिश दर्ज की गई। रमणाथपुरम जिले के थंगाचीमदम और थोंडी में भी भारी बरसात हुई। डेल्टा क्षेत्रों में नागपट्टिनम के तिरूपोंडी और तंजावुर के कुरुंगुलम में 13 सेमी बारिश दर्ज की गई।

### 6 दिसंबर को हो सकती है बारिश


फाइल फोटो

मौसम विभाग ने सोमवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना जताई है। वहीं तिरुवल्लूर जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। 6 दिसंबर तक राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। चेन्नई और आसपास के क्षेत्र में बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। इस बीच गल्फ ऑफ मन्नार, कुमारी सागर और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में तेज हवाएं जारी रहने की संभावना है। मछुआरों को सख्ती से समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

## वर्षा से सैकड़ों लोग हताहत

# दितवा चक्रवात के बीच श्रीलंका से सुरक्षित स्वदेश पहुंचे 2 हजार से अधिक भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दित्वा चक्रवात के बीच श्रीलंका में फंसे हुए 2 हजार से अधिक भारतीयों को ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सुरक्षित स्वदेश वापस लाया गया है। जिसके लिए वायुसेना की विशेष उड़ानों के अलावा वाणिज्यिक उड़ानों का भी इस्तेमाल किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि देश की पड़ोस सबसे पहले वाली नीति और महासागर विजन के हिसाब से भारत की सरकार अपनी सबसे पहले दी गई प्रतिक्रिया के साथ श्रीलंका के समक्ष पूरी मजबूती से खड़ी रही है। मुश्किल की इस घड़ी में भारत श्रीलंका को हर प्रकार से सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस भीषण आपदा के बीच 28 नवंबर को नई दिल्ली ने ऑपरेशन सागर बंधु की शुरुआत की थी। अब तक नौसेना के 2 जहाजों की मदद से 9.5 टन राहत सामग्री कोलंबो पहुंचाई गई है, वायुसेना के 3 विमानों ने 31.5 टन राहत सामग्री एयरलिफ्ट की है। नौसेना के सुकन्या पोत ने 12 टन राहत सामग्री सौंपी है।

श्रीलंका को अब तक भारत ने कुल 53 टन राहत सामग्री की खेप सौंपी है। पड़ोसी देश की वायुसेना के साथ समन्वय स्थापित कर विक्रांत पर तैनात चेतक और वायुसेना के मी-17 हेलिकाप्टर आपदा में फंसे हुए लोगों की तलाश से लेकर उन तक हर जरूरी सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। चक्रवात में बचाए गए लोगों में श्रीलंका, भारत, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, ईरान, ब्रिटेन और पोलैंड के नागरिक शामिल हैं।

### स्पीड बोट की टक्कर में दो की मौत, 18 घायल

**कराची।** पाकिस्तान में मनोरा के निकट समुद्र में एक निजी स्पीडबोट और एक यात्री नाव के बीच टक्कर हो जाने से एक महिला और एक किशोरी की मौत हो गई तथा 18 लोग घायल हो गए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना रविवार को कराची के मनोरा में हुई।

## ग्लोबल थिंकटैंक सिपरी की ताजा तरीन रिपोर्ट में किया गया है यह खुलासा

# दुनिया में जंग चलती रही, मजलूमों की जानें जाती रहीं लेकिन हथियार बनाने वाली कंपनियां ने की तगड़ी कमाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ वर्षों से दुनिया के अलग-अलग भागों में जारी युद्ध और सैन्य संघर्षों के बीच सोमवार को सामने आई स्वीडन स्थित ग्लोबल थिंकटैंक 'द स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी)' की रिपोर्ट में एक बड़ा ही चौंकाने वाला खुलासा किया गया है। जिसके मुताबिक, यूक्रेन और गाजा युद्ध से लेकर क्षेत्रीय व वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के दौर में हथियारों तथा अन्य सैन्य सामग्री की मांग बढ़ने से अगर किसी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है।

तो वो हैं दुनियाभर की हथियार बनाने वाली कंपनियां। जिनमें से शीर्ष 100 की कमाई यानी राजस्व में पिछले साल 5.9 फीसदी की बढ़ोतरी (679 अरब डॉलर) देखने को मिली है। रिपोर्ट में भारत की तीन कंपनियों का भी जिक्र किया गया है। लेकिन उनके संबंध में केवल यही कहा गया है कि बीते वर्ष घरेलू मांग की वजह से इनकी सैन्य साजो-सामान से हुई कमाई 8.5 फीसदी से बढ़कर 7.5 डॉलर तक जा पहुंची है। भारतीय कंपनियों में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) 44 वें स्थान पर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 58वें स्थान और मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) 91वें स्थान पर काबिज हुई है।

उधर, तमाम प्रतिबंधों के बावजूद सिपरी की इस सूची में रूस की 2 कंपनियां (रोस्टेक, यूनाइटेड शिपबिल्डिंग कॉर्पोरेशन) को भी शामिल किया गया है। जिनके हथियार बिक्री के राजस्व में 23 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### मुनाफे में रही अमेरिका की 30 कंपनियां

रिपोर्ट में बताया गया कि हथियारों की बिक्री से बढ़-चढ़कर कमाई करने वाली कंपनियों में यूरोप और अमेरिका की कंपनियां सबसे आगे रही हैं। वैसे दुनियाभर में इसे लेकर बढ़ोतरी देखने को मिली है। लेकिन इसमें एशिया और ओशिनिया एक अपवाद हैं। जहां चीन के हथियार उद्योग में गिरावट की वजह से कुछ समस्याएं देखने को मिली हैं। शीर्ष 100 कंपनियों में शामिल 39 अमेरिकी कंपनियों में से 30 की कमाई में 2024 में वृद्धि देखने को मिली है। जिसमें लॉकहीड मार्टिन, नॉर्थरोप ग्रुम्मन, आरटीएक्स, बीएई सिस्टम्स और जनरल डायनामिक्स मुख्य हैं। इनका संयुक्त राजस्व 3.8 फीसदी (334 बिलियन डॉलर) बढ़ा है। अमेरिकी कंपनियों के राजस्व में आया ये उछाल वर्ष 2018 के बाद दर्ज किया गया है।

### यूरोप के लिए भी रहा फायदे का सौदा

सिपरी की रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि शीर्ष 100 में से यूरोप की 23 कंपनियों के राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई है। सिपरी के शोधकर्ता (सैन्य व्यय, शस्त्र उत्पादन कार्यक्रम) लोरेंजो स्काराजातो ने कहा, बीते साल हथियारों की बिक्री और वैश्विक राजस्व में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिसका सीधा संबंध उत्पादकों को प्राप्त हुई बढ़ी हुई मांग से है। यूक्रेन में युद्ध और रूस से बढ़ते सुरक्षा खतरे से जुड़ी इस मांग के चलते यूरोपीय हथियार कंपनियों की कुल आय 13 फीसदी से बढ़कर 151 डॉलर तक जा पहुंची है। शीर्ष 100 में मध्य पूर्व की 9, इजरायल की 3 कंपनियों को भी जगह दी गई है। जिनके राजस्व में उछाल देखने को मिला है।

## काशी तमिल संगमम-4.0 आज से होगा शुरू, 10 को समापन

# तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंधों का उत्सव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काशी तमिल संगमम 4.0 आज मंगलवार से को शुरू हो रहा है। तमिलनाडु से 1,400 से अधिक प्रतिनिधि काशी में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यह तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक और सभ्यतागत सम्पर्क को आगे बढ़ाएगा। यह अभियान 2 दिसम्बर 2025 को तेनकासी (तमिलनाडु) से शुरू होगा और 10 दिसंबर 2025 को काशी पहुंचेगा। काशी तमिल संगमम एक ऐसे रिश्ते का जश्न है जो सदियों से भारतीय कल्पना में बसा हुआ है। अनगिनत तीर्थयात्रियों, विद्वानों और साधकों के लिए, तमिलनाडु और काशी के बीच का सफ़र कभी भी सिर्फ़ शारीरिक तौर पर आने-जाने का रास्ता नहीं था। यह विचारों, सोच, भाषाओं और जीवित परंपराओं का एक आंदोलन था। संगमम इसी भावना से प्रेरित है, एक ऐसे बंधन को ज़िंदा करता है जिसने पीढ़ियों से भारत के सांस्कृतिक माहौल को शांतिपूर्वक आकार दिया है। वहीं, काशी तमिल संगमम 4.0 इस बढ़ते सांस्कृतिक संगम का अगला अध्याय है, जो इसकी सीमा और महत्वाकांक्षा दोनों को बढ़ाएगा। काशी तमिल संगमम 4.0 की औपचारिक शुरुआत 2 दिसंबर 2025 को वाराणसी के नमो घाट पर एक उद्घाटन समारोह के साथ होगी। इस संस्करण का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह 4 दिसंबर को मनाए जाने वाले तमिलनाडु के सबसे शुभ त्योहारों में से एक कार्तिगई दीपम के साथ मेल खाता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109